रांची, रविवार
05.05.2024
वर्ष : 9, अंक : 153 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.com | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988



# पिछड़ों और दलितों के आरक्षण को किसी हाल में छीनने नहीं देंगे : प्रधानमंत्री मोदी

बिभा संवाददाता

**पलामू** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे संविधान को आंच नहीं आने देंगे। पिछड़ों और दलितों के आरक्षण को किसी हाल में छीनने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री ने जनसभा में उमड़ी भीड़ देखकर कहा कि आप लोगों ने जेएमएम-कांग्रेस को दिन में ही तारे दिखा दिए। साथ ही उन्होंने लोगों को वोट की ताकत भी बताई। वे शनिवार को राज्य के पलामू जिला मुख्यालय डालटनगंज के चियांकी हवाई अड्डे पर चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



पीएम मोदी ने कहा कि आपके एक वोट से 500 वर्ष बाद राम मंदिर बना। जम्मू-कश्मीर में आपके एक वोट से 370 हट गया। नक्सलवाद खत्म हुआ। इसी तरह एक वोट से 2014 में महाभ्रष्ट कांग्रेस सरकार का सफाया हो गया। आप अपने एक वोट की ताकत को समझिए और हमेशा देशहित की सोच रखने वाली पार्टी को सपोर्ट कीजिए। उन्होंने 13 मई को पहले मतदान फिर जलपान की बात कही। यह भी कहा कि गर्मी कितनी भी पड़े लेकिन आप वोट के लिए घर से जरूर निकलिए। घर-घर जाइए और मतदाताओं से मिलिए। इस दिन अपना बूथ जीतिए। छोटी-छोटी यात्राएं निकाल कर उत्सव की तरह मतदान केन्द्र तक जाएं, तभी लोकतंत्र की मजबूती कायम रहेगी। पीएम मोदी ने कहा कि पहले पाकिस्तान ने आतंक मचा रखा था लेकिन आज का नया भारत घर में घुसकर मारता है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने पाकिस्तान को हिला दिया। पहले झारखंड-बिहार के नौजवान हमेशा शहीद होते थे। आतंकवाद के डर से कांग्रेस सरकार दुनिया में जाकर रोती थी। आज पाकिस्तान पूरी दुनिया में जाकर रो रहा है। पाकिस्तान दुआ कर रहा है कि कांग्रेस के शहजादे पीएम बनें लेकिन पूरा भारत चाहता है कि मजबूत सरकार बने और मोदी सरकार बने।

पीएम मोदी ने कहा कि जिसने मां को धुएं में खांसते नहीं देखा वो गरीबी क्या जाने? जिसने लोटा भर पानी पीकर मां को भूख मिटाते नहीं देखा, वो गरीबी क्या जानेगा? शौचालय के अभाव में पीड़ा और अपमान नहीं देखा वो मोदी की आंसुओं का मर्म नहीं समझेंगे। कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि उन्होंने अपने घर में कई प्रधानमंत्री देखे। वे चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। दलित, आदिवासी के साथ फोटो खिंचवाते हैं और उनका मजाक उड़ाते हैं। कांग्रेस के लोग मोदी की आंसुओं में अवसर ढूंढते हैं। कहते हैं मोदी की आंखों में आंसू अच्छे लगते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि पलामू को पिछड़ा जिला कहकर कोई बढ़िया अधिकारी यहां आना नहीं चाहता था। कांग्रेस सरकार इस जिले को हीन भावना से देखती थी लेकिन उन्होंने पलामू को आकांक्षी जिला बनाकर विकास के पैमाने पर लाकर खड़ा किया। पहले 100 में 14 ऐसे लोग थे, जिनके पास पक्के मकान थे। आज करीब-करीब सबके पक्के मकान हैं। यदि किसी के कच्चे मकान रह गए हैं तो उनके नाम और पते लिखकर भेज दीजिएगा। तीसरे कार्यकाल में पक्का मकान बना दिया जायेगा। इसकी गारंटी आप लें। आप सब में मोदी है।

मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस दलित, पिछड़े एवं आदिवासियों का आरक्षण मुसलमानों को देना चाहती है। जबतक मोदी जिंदा है तबतक धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जायेगा। आरक्षण को हम जाने नहीं देंगे। संविधान को छेड़छाड़ कर बदलने नहीं देंगे। मैं पहला प्रधानमंत्री हूं जो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली गया। वर्ष 2025 में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती हिन्दुस्तान के हर कोने में जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जायेगा।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि झारखंड में भाजपा-आजसू के साथ पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव लड़ रही है। पलामू से विष्णु दयाल उम्मीदवार हैं। 13 मई को उन्हें जिताने एवं केन्द्र में मोदी की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा को वोट दें। वीडी राम इतने सरल हैं कि इन्हें देखकर कोई नहीं कहता कि वे डीजीपी भी रह चुके हैं। जब भी परिचय कराता हूं तो लोग मानने को तैयार नहीं होते।

उल्लेखनीय है कि पीएम की जनसभा में सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस और सुरक्षाकर्मी चप्पे-चप्पे तैनात रहे। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रियंका गांधी वाड्रा 13 मई को बाघमारा में करेंगी चुनाव प्रचार

**रांची।** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा 13 मई को झारखंड के धनबाद जिले के बाघमारा पहुंचेंगी। वह इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में माथाबांध में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। उनके साथ कांग्रेस, झामुमो, राजद व अन्य सहयोगी दलों के नेता मंच साझा करेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने दी। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने बताया कि धनबाद से कांग्रेस की अनुपमा सिंह और गिरिडीह से झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो मैदान में हैं। प्रियंका के चुनावी दौरे के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### कल्पना सोरेन ने गांडेय के गांवों में किया जनसंपर्क

**गिरिडीह।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने शनिवार को उत्सव उपवन में गांडेय विधानसभा क्षेत्र की 15 पंचायतों के 68 गांवों के आदिवासी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उनसे सीधा संवाद कायम किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधियों से उनकी परेशानियों को समझा और कहा कि आदिवासी समुदाय के बहुत अच्छे हालात नहीं है। उनके जीवन स्तर को सुधारना जरूरी है। बैठक के बाद कल्पना सोरेन गांडेय और बेंगाबाद के महुआर दुर्गा मंडल में स्थानीय लोगों से मिलीं और उनसे रुबरु हुईं। इसके बाद कल्पना सोरेन ने करीब दर्जन भर गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद कायम किया। कई स्थानों पर इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन का स्वागत आदिवासी महिलाओं ने पारंपरिक तरीके के साथ किया।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**रांची।** गृह मंत्री अमित शाह की फेक वीडियो कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक पोस्ट से किये जाने के मामले में शनिवार को प्रदेश भाजपा चुनाव आयोग पहुंची। विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव एवं न्यायिक मामले के सह प्रमुख प्रकाश झा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को एक ज्ञापन देते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# भाजपा को वोट मांगने का अधिकार नहीं: चम्पाई सोरेन

बिभा संवाददाता

**चाईबासा/रांची** : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश की दशा और दिशा सही राह में ले जाने के लिए पांच साल में एक बार मौका मिलता है। इसलिए इस मौके को चूके नहीं। भाजपा जब से सत्ता में आई है सिर्फ झूठ की राजनीति कर रही है। ये वही भाजपा है जिसने सत्ता में आने से पहले बढ़ते हुए गैस की कीमतों के विरुद्ध पूरे देश मे प्रदर्शन किया था। उस वक्त गैस की कीमत 400 के लगभग थी लेकिन आज भाजपा के राज में गैस के साथ पेट्रोल, डीजल की बढ़ती कीमतें आसमान छूने को हैं।



चम्पाई ने कहा कि सत्ता में आने से पहले इन्होंने युवाओं को दो करोड़ नौकरियां देने जैसे कई वादे किए लेकिन ये जुमलेबाज सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां के मूल भावना को नहीं समझ सके। मोदी ने अपने संबोधन में एक बार भी हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की बात नहीं की। सरना धर्म कोड देने की बात नहीं की। स्थानीय नीति की बात नहीं की। मोदी सरकार ने तो वन अधिकार को स्थिर करने का काम किया। मोदी की सरकार ने आदिवासी-मूलवासी के हित में काम नहीं किया है। इसलिए भाजपा को यहां वोट मांगने का अधिकार नहीं है।

मुख्यमंत्री शनिवार को सिंहभूम से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी के समर्थन में चक्रधरपुर विधानसभा के ऐतिहासिक बुढीगोड़ा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये वही धरती है जहां के आदिवासियों ने आंदोलन का बिगुल बजाया। भाजपा जब-जब सत्ता में आई है एक जाति से दूसरी जाति को, एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। इसलिए आप इंडी गठबंधन को मजबूत करिए।


मुख्यमंत्री सोरेन ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि झामुमो गठबंधन की सरकार ने आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चला और 50 वर्ष तक के सभी को पेंशन देने का काम किया। आगे चलकर मुंडा और मानकी के लिए आवास बनाएंगे। चाइबासा में मानकी, मुंडाओ के लिए सभा बनाया जाएगी, जिसमें 2000 डेलीगेट की बैठने की क्षमता होगी। हमारी सरकार ने आदिवासी बच्चों को विदेश पढ़ने भेजा। मोदी सरकार ने यहां की जनता को धोखा दिया।

चम्पाई ने कहा कि मोदी ने वादा किया था कि 2022 तक सभी के पक्के मकान बनेंगे। झारखंड की गठबंधन सरकार ने पूरी लिस्ट उन्हें सौंप दिया लेकिन इन्होंने आवास का पैसा रोक दिया। इसलिए हमारी सरकार ने यहां के आदिवासी जनता को अबुवा आवास दिया। साथ ही हमारी सरकार ने 125 यूनिट फ्री कर दिया, जिससे 30 लाख परिवार को इसका फायदा मिल रहा है। इसके साथ उन्होंने सभी प्रखंड में स्मार्ट स्कूल खोलने की बात कही।

इंडी गठबंधन की लोकसभा प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा कि यह चुनाव जल, जंगल, जमीन और अपने अस्तित्व को बचाने का चुनाव है। ये केंद्र सरकार बाबा साहेब के द्वारा हमलोगों को दिए गए अधिकारों को छीनना चाहती है। उन्होंने कहा मोदी को अपने 10 साल की उपलब्धियों को बताने का समय नहीं मिला।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाना जानती है। युवाओं को झूठे सपने दिखाए जाते हैं। केंद्र की सरकार से हर कोई परेशान है लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। भाजपा सिर्फ झूठ बोलकर वोट लेना जानती है।

## झारखंड में गर्मी से मिलेगी राहत, छह मई से बारिश की संभावना



बिभा संवाददाता

**रांची।** राज्य में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार छह मई से राज्य के कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना। सात मई राज्य में कुछ स्थानों पर और आठ और नौ मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्ष होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है।

राज्य में नौ मई तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ ही राज्य में तेज हवाओं और वज्रपात का असर देखा जायेगा। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेगी। इसमें मुख्य रूप से दुमका, देवघर, पाकुड़, गोड्डा, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज में बारिश होने की संभावना है। आठ और नौ मई को राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।


मौसम विभाग के अनुसार पांच मई को राज्य के सराइकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, जामतारा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के रांची में छह और सात मई से आंशिक बादल छाये रहेंगे एवं मौसम शुष्क रहेगा। आठ और नौ मई से गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। आने वाले दो दिनों के दौरान तापमान में कमी दर्ज की जायेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तापमान में आने वाले तीन दिनों के दौरान चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी।

## एडीआर की रिपोर्ट : लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में

# 476 उम्मीदवार करोड़पति, 20 प्रतिशत के खिलाफ क्रिमिनल केस

एजेंसी

**नई दिल्ली** : लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए चुनावी मैदान में उतरे 1,710 उम्मीदवारों में से 21 प्रतिशत ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है जबकि 24 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्होंने घोषित किया है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एडीआर और द्यद नेशनल इलेक्शन वाच' ने कुल 1717 उम्मीदवारों में से 1710 के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा।




### 360 उम्मीदवारों के खिलाफ क्रिमिनल केस

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक कुल 360 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के मद्देनजर चौथे चरण के लिए तेलुगू देशम पार्टी के डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी सबसे अमीर उम्मीदवार हैं, जिनकी कुल संपत्ति 5,700 करोड़ रुपए से अधिक है। एडीआर के आंकड़ों के मुताबिक 360 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 17 उम्मीदवारों को विभिन्न मामलों में दोषी ठहराया गया है, 11 उम्मीदवारों पर हत्या से संबंधित मामले दर्ज हैं, 30 पर हत्या के प्रयास का आरोप है और 50 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि पांच उम्मीदवारों पर दुष्कर्म के आरोप हैं।

एडीआर के विश्लेषण से प्रमुख राजनीतिक दलों में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के बारे में जानकारी मिलती है। प्रमुख राजनीतिक दलों में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के तीन में से तीन उम्मीदवार, शिवसेना के तीन में से दो उम्मीदवार, भारत राष्ट्र समिति के 17 में से 10 उम्मीदवार, कांग्रेस के 61 में से 35 उम्मीदवार और भारतीय जनता पार्टी के 70 में से 40 उम्मीदवारों ने शपथपत्र में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है।

इसके अलावा तेलुगू देशम पार्टी के 17 में से नौ उम्मीदवार, बीजू जनता दल के चार में से दो उम्मीदवार, राष्ट्रीय जनता दल के चार में से दो उम्मीदवार, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के चार में से दो उम्मीदवार, वाईएसआरसीपी के 25 में से 12 उम्मीदवार, तृणमूल कांग्रेस के आठ में से तीन उम्मीदवार और समाजवादी पार्टी के 19 में से सात उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है।

### 476 उम्मीदवार करोड़पति

एडीआर की रिपोर्ट आपराधिक मामलों के अलावा उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के बीच महत्वपूर्ण विविधता पर भी प्रकाश डालती है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के लिए 1710 में से कुल 476 उम्मीदवार करोड़पति हैं, जिनकी संपत्ति एक करोड़ रुपए से अधिक है। करोड़पति उम्मीदवारों में से डॉ. पेम्मासानी सबसे अमीर हैं। जबकि 24 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्होंने घोषित किया है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है। एडीआर ने इन विश्लेषणों के आधार पर राजनीति के अपराधीकरण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कई सुधारों का प्रस्ताव रखा है। इनमें गंभीर अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए उम्मीदवारों की स्थायी अयोग्यता, राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत लाना और चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने वाले उम्मीदवारों के लिए सख्त दंड लागू करना शामिल है।

## राहुल गांधी ने कहा- जाति जनगणना के बाद होगी नई राजनीति, ज्यादा आबादी वाले मांगेंगे अपना हक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर अग्निवीर योजना खत्म की जाएगी। उन्होंने जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे लोगों को पता चलेगा कि हमारी आबादी कितनी है और फिर नई राजनीति शुरू होगी, जिसमें बड़ी आबादी वाले लोग अपने हक्क का पैसा मांगेंगे।



राहुल गांधी ने दिल्ली के जवाहर भवन में युवाओं को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हमने अपने मेनिफेस्टो में लिख दिया है कि हम अग्निवीर स्कीम को खत्म कर देंगे। 01 लाख 50 हजार युवाओं ने आर्मी में जाने का एक सपना देखा था, वो सपना अभी पूरा नहीं हुआ है। इसलिए उनकी सोच है कि जिन 01 लाख 50 हजार युवाओं ने सेना की भर्ती प्रक्रिया पूरी की थी, उन्हें मुआवजा मिलना ही चाहिए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, जातिगत जनगणना से पूरे देश को पता चल जाएगा, किसके पास कितना धन है। पिछड़ों के हाथ में कितना, दलितों और गरीब सामान्य जाति के हाथ में कितना धन है। उसके बाद नई राजनीति शुरू होगी। तब युवा ऐसे नहीं खड़े होंगे। तब यह कहेंगे मेरे 50 प्रतिशत लोग हैं। मेरा दो प्रतिशत धन है। मुझे 50 प्रतिशत धन चाहिए। यह हमारी सोच जाति जनगणना पहला कदम है। यह केवल जातिगत जनगणना नहीं होगा यह आर्थिक सर्वे होगा। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी ने 22 उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। अगर उनका कर्ज माफ हो सकता है तो देश के किसान, मजदूर, युवा का कर्ज क्यों नहीं माफ हो रहा है। क्या देश में 90 प्रतिशत आबादी की कोई भागीदारी नहीं है? आज हिंदुस्तान की सरकार को 90 अफसर चलाते हैं। इसमें केवल 3 अफसर ओबीसी वर्ग के हैं।

# इंडी गठबंधन के लोग देश की प्रगति को रोकना चाहते हैं : अमर बाउरी

बिभा संवाददाता

**पलामू।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हम लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधान सेवक बनाने के लिए खड़े हैं। देश के पास एक ऐसा नेता है, जिसके पास विजन है। उनके नेतृत्व में हम देश ही नहीं दुनिया का कल्याण करना चाहते हैं जबकि सामने इंडी गठबंधन के लोग देश की प्रगति को रोकना चाहते हैं। इसके लिए लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं।

वे शनिवार पलामू में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या सत्ता में आने के साथ ही



शुरू कर दी। उन्होंने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का कभी सम्मान नहीं किया। गरीब, आदिवासी, दलित और वंचितों को संविधान में उठाने की बात करने वाले बाबा साहब को भुला दिया। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें सम्मान देने का काम किया। पूरे विश्व में स्थापित करने का काम किया।

बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व में करोड़ों गरीबों को सिर पर छत मिला है। उन्हें पक्का मकान मिला है। करोड़ों लोगों को आज मुफ्त राशन दिया जा रहा है। मुफ्त गैस कनेक्शन दिया। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की धरती से प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान भारत योजना की लांचिंग की। इससे गरीबों को 5 लाख रुपये के इलाज की सुविधा मुफ्त मिल रही है। साथ ही कहा कि देश में इमरजेंसी लगाने वाले आज लोकतंत्र की हत्या की बात कर रहे हैं। राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने वाले लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं।

बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने झारखंड को आगे बढ़ाने का काम किया जबकि सत्ता में इंडी गठबंधन की सरकार आने पर झारखंड को लूट लिया। जल, जंगल, जमीन, पहाड़ और बालू की रक्षा करने का नारा देने वाली सरकार ने हर तरफ लूट मचा दिया। ऐसा लूट मचाया कि जेल की हवा खाने चले गए। क्योंकि, प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया है कि ना खाएंगे ना खाने देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मांडर के बूथों का लिया जायजा



**मांडर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार ने शनिवार को प्रखण्ड के कैंबो, गुड़गुड़जाड़ी, महुआ जाड़ी, डुमरी समेत अन्य बूथों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर रवि कुमार ने सभी बूथों पर मतदाताओं के लिए प्रयाप्त सुविधा उपलब्ध हो , जैसे की विकलांग के लिए व्हील चेयर, सीनियर सिटीजन के लिए चेयर और प्राथमिकता के लिए अलग से लाइन, पीने का पानी, फस्टएड की सुविधा पर जोर दिया। मतदाता ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने पहुंचे इसके लिए प्रचार प्रसार करे। साथ ही मतदान से पुर्व बी एल ओ द्वारा सभी मतदाताओं को पहचान पत्र पर्ची वितरण करने का आदेश दिया। इस मौके पर डीडिसी दिनेश यादव, आर ई ओ मोनी कुमारी, बीडीओ मनोरंजन कुमार, उड़ाया नारायण सिंह, नेयाज खान सहित अन्य प्राधिकारी मौजूद थे।

### कालीचरण मुंडा को अबुआ झारखंड पार्टी ने दिया समर्थन

**तमाड़।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र में गर्मी के साथ-साथ चुनावी माहौल भी काफी तेजी से बदल रहा है। चुनाव के माहौल को देखते हुए अबुआ झारखंड पार्टी के शीर्ष नेताओं ने बैठक रखी। बैठक में निर्णय लिया गया की खूंटी लोकसभा के इंडिया प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को अबुआ झारखंड पार्टी अपना समर्थन देगी। पार्टी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन का जितना जरूरी है। पार्टी के केंद्रीय सह सचिव अब्राहम हस्सा ने कहा की वे इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए अपने कार्यकताओं के साथ मिलकर कालीचरण मुंडा के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करेगी।



### भाजपा ने किया चुनाव कार्यालय का उदघाटन

**तमाड़।** तमाड़ विधानसभास्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा की धर्मपत्नी मीरा मुंडा ने शनिवार को फीता काटकर किया। विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन तमाड़ स्थित रायडीह मोड में किया गया। इस मौके पर विधानसभा के दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी की उपस्थित थे। चुनाव कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मीरा मुंडा ने कहीं कि मां दिउड़ी की आशीर्वाद से इस बार तमाड़ से पिछली बार के 84 हजार मत को पार कर एक लाख मत का आशीर्वाद मिलेगा। इस मोके पर विधानसभा सयोजक कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, बिनोद सिंह, लक्ष्मण सिंह मुंडा, अनुप साहु, सिगराय टुटी, विजय सिंह मानकी, महावीर सोनी, जगदीश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बेजुबान पक्षियों की जान बचाने के लिए घर के छतो बागवानियों में दाना पानी देने का संदेश



**जमशेदपूर :** यूं तो जल को हर एक मौसम में मानव जीवन से लेकर प्रत्येक प्राणधारियों के लिए जीवन रक्षक माना गया है खासकर तब जबकि प्रचंड गर्मी से शहर के लोगों के साथ अन्य प्राणी भी जूझ रहा हो ऐसी स्थिति में बेजुबान पशु पक्षियों की जान बचाने के लिए जल की उपयोगि एवं महत्व पूर्ण है. वैश्य एकता मंच के प्रदेश महामंत्री श्रीकांत देव ने विगत वर्ष की भांति इस प्रचंड गर्मी में चिड़ियों को दाना पानी पिलाने के लिए घर के छतो पर मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर रखने का शहरवासियों को संदेश देने का काम किया है ताकि बेजुबान पक्षियों की जान बचाई जा सके. इस तरह के काम को धरातल पर लाकर श्री देव ने कई लोगों को इस कार्य के लिए प्रेषित किया है.

### एक्सआईएसएस में दीक्षांत समारोह का आयोजन



**रांची :** 63वें दीक्षांत समारोह का उद्घाटन करते हुए, एक्सआईएसएस, जीबी के अध्यक्ष, फादर अजीत कुमार खेस एसजे ने दीक्षांत समारोह को संबोधित किया और कहा, निरंतर सीखने की जिज्ञासा को अपनाएं, जो आपके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए आवश्यक है। अपने करियर को ऊपर उठाने और अपने क्षेत्र में विजेता बनने के लिए काम के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें। अपने कार्यों के माध्यम से एक्सआईएसएस की विरासत को सदैव जीवित रखें।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि, राजीव दुबे, चेयरमैन, महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड (एमएफसीडब्ल्यूएल), महिंद्रा इंश्योरेंस ब्रोकर्स लिमिटेड (एमआईबीएल), महिंद्रा स्टील सर्विस सेंटर लिमिटेड (एमएसएससीएल), महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड (एमएफसीडब्ल्यूएल) और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, जिनेवा के गवर्निंग बॉडी के सदस्य उपस्थित थे। स्नातक करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि 2024 की कक्षा सकारात्मक दृष्टिकोण और दुनिया को बदलने के दृढ़ संकल्प के साथ दुनिया में प्रवेश करे। वास्तव में, एक्सआईएसएस अनूठे प्रोफेशनल्स को गढ़ता है। उन्होंने छात्रों को जलवायु और पर्यावरण परिवर्तन के प्रति सचेत रहने की सलाह दी क्योंकि यह आने वाले भविष्य में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक होगा। उन्होंने परस्पर जुड़ी दुनिया के वर्तमान परिदृश्य का खाका खींचा, जो वीयूसीए वाणी है और इसमें सभी हितधारकों की ओर से एक समर्थन है, जहां जो छात्र आगामी प्रोफेशनल बनने जा रहे हैं, उन्हें सक्रिय निर्णय लेना होगा। श्री दुबे ने सफलता के लिए तीन मूलभूत मंत्रा बताये, उन्होंने कहा, यह स्वीकार करें कि हर इंसान में अनंत अप्रयुक्त क्षमताएं हैं, नवीन विचार ही हमारे अस्तित्व की कुंजी है, जो लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है।

## संतोष कुमार ने किया निकवर्ती जिला में बनाए गए चेकनाका का औचक निरीक्षण





बिभा संवाददाता

**खलारी।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार के द्वारा आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त निकवर्ती जिला से सीमा पर बनाए गए चेकनाका का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में चेकनाका पर मूलभूत सुविधा यथा छाया, पेयजल, बिजली, ग्लूकोस इत्यादि की व्यवस्था एवं स्थैतिक निगरानी दल के द्वारा जांच किये जा रहे वाहनों से संबंधित पंजी का जांच किया गया।इस दौरान अधिकारियों को वाहन का जांच करते हुए भारी मात्रा में नगद,अवैध शराब,कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र इत्यादि निर्वाचन क्षेत्र में लाने पर सघन तलाशी लेने एवं उसकी वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया।विदित हो कि आसन्न लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर खलारी प्रखंड के निकटवर्ती सीमा पर 2 चेकनाका का निर्माण किया गया है।जिसमें 3 पालियों में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी एवं वीडियोग्राफर की प्रतिनियुक्ति की गई है। बालूमाथ-लपरा-रांची पथ पर लपरा के बघमरी में चेकनाका पर दंडाधिकारी के रूप में विकास प्रीति रंजन तिर्की,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक,किशोर कुजूर,प्रखंड समन्वयक और प्रेमचंद मुर्मू,कनीय अभियंता को प्रतिनियुक्त किया गया है।वहीं पिपरवार-डकरा-खलारी पथ पर पिपरवार चेकपोस्ट के पास रवि रंजन कुमार, कनीय अभियंता,प्रवीण उरांव,कनीय अभियंता एवं रामावतार महतो,बी.पी.एम.जे.एस.एल.पी.एस। को प्रतिनियुक्त किया गया है।प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा चेकनाका निरीक्षण के पश्चात केंद्रीय पुलिस बल के लिये बनाए गए क्लस्टर सेवा मार्ग मिशन स्कूल,कोनका एवं आदर्श उच्च विद्यालय,हेसालोंग मैकलुस्कीगंज में चल रहे कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

## लोको पायलट के मृत्यु से रेल कर्मियों के बीच शोक की लहर

बिभा संवाददाता



**धनबाद :** कोडरमा क्षेत्र के रेल कर्मचारियों के लिए एक दुखद दिन रहा आज तड़के सुबह गोमो के लोको पायलट श्री पंकज कुमार सिंह सुबह-सुबह गुझंडी में राजधानी एक्सप्रेस से दुर्घटना होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई मृत्यु के उपरांत पोस्टमार्टम एवं अन्य कागजात संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कर उनके पार्थिव शरीर को तिरंगा में लपेटकर और फूल माला से सजाकर सम्मान के साथ उनके पैतृक आवास मुंगेर के लिए दोपहर 1:30 बजे विदा कर दिया गया उनके पार्थिव शरीर के साथ उनके परिजन के अलावा चालक सहायक चालक एवं मुख्य लोको निरीक्षक पंकज चौरसिया जी रवाना हुए मौके पर कोडरमा आरपीएफ प्रभारी जवाहरलाल मुख्य लोगों निरीक्षक कोडरमा एके सिंह पहुंचे ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के एनके खवास मेने बताया कि कोडरमा शाखा सचिव बीबी सिंह लोको पायलट एवं उपाध्यक्ष अजय कुमार संजक सचिव एवं लोको पायलट संजीव नयन लोको पायलट अजीत कुमार प्रेम कुमार प्रेम कुमार दीपक कल्याण निरीक्षक राहुल कुमार सिंह सहायक चालक मुकेश कुमार क्या भी लोगों ने ट्रैकमैन संतोष राय विनय कुमार शाहिद सभी कर्मियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया उनके इस दुख की घड़ी में उनके परिजन के साथ खड़े रहने का काम किया

## मांडर प्रखण्ड अंजुमन की बैठक, शादी विवाह में फिजूलखर्ची पर रोक का निर्णय

### लोकसभा चुनाव पर भी चर्चा , जो मुस्लिम हित की बात करेगा समाज उन्हें ही समर्थन करेगा

बिभा संवाददाता

**मांडर।** प्रखण्ड स्थित मदरसा महमूदिया सुरसा मुरमा के बगीचा में मरकजी अंजुमन मांडर प्रखंड की एक अहम बैठक सदर नुरुल्लाह हबीब नदी की सदारत में हुई । इस बैठक में मांडर प्रखंड के सभी 85 अंजुमनों के सदर सेक्रेटरी एवं खजांची साहिबान सहित दानिश्वर और बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया । बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मुस्लिम समाज में जो बुराइयां हैं उसे खत्म करना है । शादी विवाह में फिजूलखर्ची को रोकना है। दहेज प्रथा पर अंकुश लगाना है। बारात की संख्या 50 व्यक्तियों तक सीमित किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव पर भी चर्चा किया गया और कहा गया कि जो भी उम्मीदवार या पार्टी मुसलमानों के मसले पर लोकसभा और विधानसभा में आवाज उठाएगी उनके हक और हिस्सेदारी की बात करेगा मुस्लिम समाज उनका समर्थन और वोट देने की बात करेगा। साथ ही मीटिंग में तय किया गया कि मांडर प्रखंड में प्लस टू अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय बनवाना ,आबादी के अनुपात में विकास योजनाओं में हिस्सेदारी एवं भागीदारी सुनिश्चित कराना आदि मुद्दों की आवाज उठाएगा मुस्लिम समाज उन्हें ही समर्थन करेगा। अंजुमन ने यह फैसला लिया अब हम किसी पार्टी की गुलामी नहीं करेंगे। हम प्रत्याशी के गुण दोष के आधार पर फैसला लेंगे और जल्द ही एक और मीटिंग होगी तब मुस्लिम समाज फैसला लेगा कि हमें वोट किस उम्मीदवार और किस पार्टी को देना है। इस बैठक में मुख्य रूप से अंजुमन के सदस्य सेक्रेटरी अफरोज आलम ,नायब सेक्रेटरी अमानत अंसारी के अलावा मोहम्मद शाकिर इस्लाही अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद आबिद अंसारी आजबुल अंसारी मौलाना रफीक अंसारी रोजिद अंसारी सलीम अंसारी अली हसन अंसारी मुजिबुल अंसारी शाहिद आलम इरशाद इमाम गफ्फार अंसारी अमानत अंसारी इकराम हुसैन मौलाना इनामुल तनवीर आलम असलम अंसारी मोहम्मद इस्माइल अमीन अंसारी नसीम अंसारी रुस्तम अंसारी कलीम अंसारी आलमगीर आलम रफीक अंसारी मजीद अंसारी अमानत अंसारी अनवर अंसारी हातिम अंसारी कलाम अंसारी फारूक अंसारी अमानुल्लाह अंसारी साहिल अंसारी मुन्ना अंसारी फिरोज अंसारी अफरोज अंसारी जिब्रील अंसारी अब्दुल अंसारी अमानत अंसारी शफीउल मजीद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

### पंचायत सचिवालय पाली में डालसा का डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम

## नालसा द्वारा संचालित योजना-2015 के तहत जनजातीय अधिकारों पर फोकस

बिभा संवाददाता

**रातू ।** झालसा के निर्देश पर रातू प्रखंड के पाली गांव स्थित पंचायत सचिवालय में शनिवार को डोर-टू-डोर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत नालसा द्वारा संचालित योजना-2015 के तहत जनजातीय अधिकारों पर जानकारी दी गयी एलएडीसी अधिवक्ता स्वीकृति विनया ने आदिवासियों के अधिकार, मानवता, कर्तव्य, तृप्ति, समाजिक सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि आप अपने अधिकारों को जाने और उसका लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि मजदूरों को निबंधन कराना आवश्यक है।

कार्यक्रम में आठ जून को आयोजित होनेवाली मोटर वाहन दुर्घटना वादों से संबंधित विशेष लोक अदालत की जानकारी पीएलवी के द्वारा दी गयी। उन्होंने कहा तीन जून से सात जून तक प्री-लोक-अदालत की बैठके कर एमएसीटी से संबंधित वादों को माननीय न्यायालय में सुना जाएगा । आठ जून को उपस्थित होकर वादों को निश्तारण करा सकते है। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ।बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। अंत में डालसा के पीएलवी ने नगड़ी आसपास एवं बाजार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पुष्पलता देवी, सुनिता देवी, बरखा देवी, पम्मी देवी, रेणु देवी एवं राजा वर्मा समेत ग्रामीण उपस्थित थे ।

## यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चलायी जाएगी राँची-नई दिल्ली के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन

बिभा संवाददाता

**धनबाद :** यात्री सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु राँची- नई दिल्ली के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलायी जाएगी ।

ड़ गाड़ी संख्या 02877/ 02878 राँची- नई दिल्ली - राँची समर स्पेशल ( मुरी- बरकाकाना- टोरी- लातेहार- डाल्टनगंज- गढ़वा रोड- जपला- सासाराम- डीडीयू- प्रयागराज- कानपुर के रास्ते ):-

क गाड़ी संख्या 02877 राँची- नई दिल्ली समर स्पेशल दिनांक 10.05.2024 से 28.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को राँची से 23.55 बजे खुलकर शनिवार को 02.40 बजे बरकाकाना पहुंचेगी और यहाँ से 02.45 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 03.53 बजे टोरी पहुंचेगी और यहाँ से 03.55 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 04.20 बजे लातेहार पहुंचेगी और यहाँ से 04.22 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 05.13 बजे डाल्टनगंज पहुंचेगी और यहाँ से 05.15 बजे



आगे के प्रस्थान करेगी, 06.00 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी और यहाँ से 06.05 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं शनिवार को ही 22.20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी क

क्क गाड़ी संख्या 02878 नई दिल्ली झ राँची समर स्पेशल दिनांक 11.05.2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को नई दिल्ली से 23.45 बजे खुलकर रविवार को 17.08 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी और यहाँ से 17.10 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 17.40 बजे डाल्टनगंज पहुंचेगी और यहाँ से 17.42 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 18.40 बजे लातेहार पहुंचेगी और यहाँ से 18.42 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 19.10 बजे टोरी पहुंचेगी और यहाँ से 19.12 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 21.25 बजे बरकाकाना पहुंचेगी और यहाँ से 21.30 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं सोमवार को 00.15 बजे राँची पहुंचेगी क

इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 18 कोच होंगे ।

### आद्रा मंडल में ट्रैफिक कम पॉवर ब्लॉक लिया जायेगा जिस कारण ट्रेनों का किया गया रद्दीकरण, मार्ग परिवर्तन , आंशिक समापन/ उत्पत्ति और पुर्ननिर्धारण

**धनबाद :** आद्रा मंडल में ट्रैफिक कम पॉवर ब्लॉक लिया गया जायेगा जिस कारण निम्नलिखित ट्रेनों का रद्दीकरण, मार्ग परिवर्तन , आंशिक समापन/ उत्पत्ति और पुर्ननिर्धारण किया गया हैं-

रद्द की गयी ट्रेनें-18019/ 18020 झारग्राम- धनबाद- झारग्राम मेमू एक्सप्रेस 05 मई 24 को व 13503/ 13504 बर्दवान- हटिया- बर्दवान मेमू एक्सप्रेस।

परिवर्तित मार्ग वाली ट्रेनें- 13351 धनबाद- अल्लेपी एक्सप्रेस चन्द्रपुरा- गोमिया- बरकाकाना- मूरी 05.05.24

बोकारो स्टील सिटी स्टेशन पर आंशिक समापन/ आंशिक प्रारंभ वाली ट्रेनें- 12365 पटना- राँची जन शताब्दी एक्सप्रेस, आंशिक समापन 05.05.24, 12366 राँची- पटना जन शताब्दी एक्सप्रेस आंशिक प्रारंभ

13319 दुमका- राँची एक्सप्रेस आंशिक समापन, 3320 राँची- दुमका एक्सप्रेस आंशिक प्रारंभ

हटिया से दिनांक 05.05.24 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12817 हटिया- आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी।

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी यशस्विनीं सहाय के नामांकन पर नवाडीह में बैठक किया गया



बिभा संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखण्ड में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुश्री यशस्विनीं सहाय के नामांकन में रांची चले को लेकर लपरा पंचायत के मौनाटोला के पास आम पेड़ के नीचे सयुंक्त रुप से रैयत विस्थापित मोर्चा,कांग्रेस,झामुमो ने बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिवनारायण लोहरा संचालन बिनोद भुईया ने किया।बैठक में उपस्थित लोगों को कांग्रेस के उम्मीदवार को चुनाव में हर बुथ स्तर में जोर सोर प्रचार करने के बात पर जिर दिया गया।बैठक में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार बैठा ने कहा देश में भाजपा सरकार के द्वारा जितने भी सरकारी संसथान को नीजी कमपनियो को बेंच दिये,देश के नवजवानों को सरकारी नौकरी से वंचित कर दिया।कांग्रेस महिला नेत्री इन्दिरा देवी ने कहा कि देश को बचाना तो कांग्रेस को वोट देना होगा और राहुल गाँधी के हाथों को मजबूत करना है,झामुमो एवं रैयत विस्थापित मोर्चा के नेता रंथू उराँव ने कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा देश एवं राज्य में आदिवासियों, दलित, अल्पसंख्यक, ओबीसी का आरक्षण खत्म कर दे रहा है। बैठक में मुख्य रूप से बिनोद भईया,रमेश चौहान,नीलू देवी,सुघा झा,लीली स्टेला,तारा देवी,नगीना देवी,सुनीता देवी आदि काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# संक्षिप्त खबरें

## पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित, अगली सुनवाई 10 मई को

**रांची** । बड़गाईं अंचल जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर शनिवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की ओर से लिखित जवाब दाखिल किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत 10 मई को सुरक्षात्मक आदेश सुनाएगी। बताते चलें कि हेमंत सोरेन ने 15 अप्रैल को अपने वकील के माध्यम से जमानत की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। गिरफ्तारी के 75 दिन बाद हेमंत सोरेन ने जमानत के लिए अर्जी दी है। श्री सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। जबकि 3 फरवरी से उनकी पूछताछ शुरू हुई थी। इस दौरान उनसे जमीन की खरीद बिक्री से लेकर कई मामलों में पूछताछ हुई थी।

## रांची व हटिया रेलवे स्टेशन से सिटी बसों का परिचालन जरूरी : चैंबर

**रांची** : यात्रियों की ओर से मिल रहे लगातार सुझाव पर आज झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा दक्षिण पूर्व रेलवे के डीआरएम को पत्राचार कर रांची व हटिया रेलवे स्टेशन से सिटी बसों का संचालन शुरू करने की मांग की गई। चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और सह सचिव अमित शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के सभी शहरों में निगम द्वारा सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है, जरूरी है कि राजधानी रांची में भी स्टेशन और बस स्टैंड से सिटी बसों का संचालन प्रारंभ किया जाय। कहा गया कि रेलवे स्टेशन पर सिटी बस की अनुपलब्धता के कारण लोगों को अपने गंतव्य स्थान तक जाने में अधिक किराया का भुगतान करना पड़ता है। इसी प्रकार खादगडा और आईटीआई बस स्टैंड से भी सिटी बसों की उपलब्धता नहीं होने के कारण बाहर से आनेवाले यात्रियों को भारी कठिनाई होती है। साथ ही उन्होंने मेसरा स्टेशन से भी रांची शहर की कनेक्टिविटी के लिए सिटी बसों की उपलब्धता का आग्रह किया। सह सचिव अमित शर्मा ने कहा कि रांची व हटिया रेलवे स्टेशन से सिटी बसों का संचालन प्रारंभ करने हेतु नियमित रूप से शहरवासियों के साथ ही विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की ओर हमें सुझाव प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब राजधानी रांची में निगम द्वारा सिटी बसों का संचालन हो रहा है, ऐसे में उपयुक्त होगा कि अन्य शहरों की भांति रांची/हटिया रेलवे स्टेशन तथा खादगडा व आईटीआई बस स्टैंड से सिटी बसों का संचालन अतिशीघ्र प्रारम्भ किया जाय।

## ट्रेन से कट कर महिला की मौत



**पिस्का नगड़ी**। नगड़ी थाना क्षेत्र के नगड़ी-नारो महतो टोली के समीप ट्रेन से कट कर एक महिला की मृत्यु हो गई ।घटना दोपहर लगभग 2.30 बजे की है। स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना नगड़ी थाना और रेलवे पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगड़ी पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुँच गई। ट्रेन से कटने की सूचना पर आसपास के सैकड़ो ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गये। शव के पास एक महिला बैग था जिसमें एक आधार कार्ड था जिसपर पार्वती कुमारी का नाम दर्ज था पता में गाँव बेड़ो लिखा था। बेड़ो के लोगों से संपर्क करने पर पता चला कि मृतक बेड़ो पूर्वी की ज़िला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी उर्फ.पार्वती देवी है। सूचना मिलते ही नगड़ी जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, लापुंग जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, मुखिया नीरज कुजूर, जतरु उरांव, सुखदेव कच्छप भाई दिनेश भगत, पति जगरनाथ भगत तारा लकड़ा, नवीन मिंज, बजरंग महतो, शनि उरांव, साजन मुंडा, बुदा उरांव, रवि सहित कई लोग घटना स्थल पहुंचे। पार्वती देवी के पति जगरनाथ भगत भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य और जन जाति मोर्चा के जिला संयोजक है, बेटी दीपिका भगत नगड़ी के प्रेम नगर स्थित श्री राम बीएड कॉलेज से बीएड कर रही है। नगड़ी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## जेबीकेएसएस के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो भेजे गए जेल



**रांची**। रांची लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने पहुंचे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ( जेबीकेएसएस ) के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने शनिवार को रांची समाहरणालय से गिरफ्तार किया । देवेंद्र महतो गुपचुप तरीके से आदिवासी पारंपरिक पोशाक पहनकर समाहरणालय पहुंचे थे। इस दौरान पहले से ही इंतजार कर रही पुलिस की नजर देवेन्द्र पर पड़ी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। देवेंद्र नाथ महतो नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे लेकिन नामांकन दाखिल करने से पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में लालपुर इंस्पेक्टर आदिकांत महतो ने बताया कि कांड संख्या 251/ 21 में देवेंद्र नाथ महतो को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ वारंट जारी था। पूर्व में आंदोलन को लेकर यह मामला दर्ज किया गया था।

## सनातन हिंदू धर्म का अपमान करने वाली विचारधारा के लोगों को जड़ से मिटाना आवश्यकः बिरेन्द्र साहु



**रांची**। विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र सहमंत्री (झारखंड-बिहार) डॉ बिरेन्द्र साहु ने राहुल गांधी के भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सनातन हिंदू धर्म का अपमान करने वाली विचारधारा के लोगों को जड़ से मिटाना आवश्यक है। हिंदू समाज जिस द्वारिका नगरी के दर्शन करने मात्र को सौभाग्य समझता है, उस परम आराध्य स्थल का अपमान करना हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिंदू समाज इसका उत्तर अवश्य देगा। डॉ साहू ने शनिवार को हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि भगवान पुरुषोत्तम श्री रामजी को काल्पनिक कहने वाले और भगवान श्रीकृष्ण की अपमान करने वाले को इस देश के शासन व्यवस्था में रहने का कोई अधिकार नहीं है। डॉ साहू ने हिंदू समाज से अपील किया है कि भारतीय धार्मिक- सांस्कृतिक संरक्षण, मानबिंदुओं की सुरक्षा, देश की गरिमा और भारतीय सीमा को कड़ी सुरक्षा देने वाले देशभक्ति से ओतप्रोत व्यक्तियों को शतप्रतिशत मतदान करके राष्ट्र को परम वैभवशाली बनाने का कार्य करें। देशद्रोहियों के मतदान जिहाद करने की बात करने वाले लोगों का प्रतिकार करने का समय है। हिंदू समाज सजग होकर देशद्रोहियों के विरुद्ध मतदान अवश्य करे।

# इंडी गठबंधन अब वोट जिहाद का ले रहा सहारा : मोदी

बिभा संवाददाता

**रांची / गुमला** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को गुमला जिले के सिसई में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन अब एनडीए के खिलाफ वोट जिहाद का सहारा ले रहा है। साथ ही मोदी ने लोहरदगा के प्रत्याशी समीर उरांव और खूंटी के अर्जुन मुंडा सहित एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में 13 मई को वोट करने की अपील की।




पीएम मोदी ने कहा कि राज्य में इंडी अलायंस भ्रष्टाचार में लिप्त है। माताएं और बहनें मेहनत से एक-एक रुपये जमा करती हैं लेकिन यहां कांग्रेस के एक सांसद के ही घर से नोटों के ढेर निकले। ये इतने बड़े थे कि मशीन लाए गये, जो हांफने भी लगे। उन्होंने सवाल किया कि आखिर ये पैसा किसका है? साथ ही कहा कि ये जनता का, उसके पसीने और हक का है। यहां के एक पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं। कोर्ट भी कह रहा है कि चोरी हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों के कारण देश में नक्सलवाद और माओवाद की समस्या बनी लेकिन उनकी सरकार ने देश के बड़े हिस्से को इससे मुक्त कराया। आतंकवादियों पर भी वोट बैंक के कारण कार्रवाई नहीं होती थी। यहां संथाल से लेकर दूसरे हिस्सों में घुसपैठियों को बढ़ावा देने का खेल रहा। पीएफआई अपना संगठन चला रहे। आदिवासी बेटियों के साथ अत्याचार किया जा रहा। जमीन के लिए आदिवासी बेटियों के साथ क्या-क्या नहीं किया जा रहा। जब लोग आवाज उठाते हैं तो वोट जिहाद की बात इंडी गठबंधन वाले करने लगे हैं। वो कितना भी जिहाद कर लें, मोदी डरने वाला नहीं। मोदी के रहते कोई आदिवासियों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता।

मोदी ने कहा कि एनडीए गठबंधन भ्रष्टाचार हटाओ की बात करता है जबकि इंडी वाले कहते हैं कि भ्रष्टाचार बचाओ। सभी दिल्ली और दूसरी जगहों पर इकट्ठे होते हैं। चुनाव के समय रैलियां कर रहे कि भ्रष्टाचारी बचाओ। मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि आने वाले पांच सालों में सभी भ्रष्टाचारियों पर कानून का डंडा चलेगा। इंडी गठबंधन वालों को आज भी बर्दाश्त नहीं कि एक गरीब मां का बेटा प्रधानमंत्री कैसे बन गया। वे रोज नया झूठ फैला रहे। अब कह रहे कि मोदी संविधान बदल देगा। वे मुर्खों के सरदार से कहना चाहते हैं कि वे 10 सालों से प्रधानमंत्री हैं लेकिन इतने सालों में उन्होंने ऐसा कोई पाप बाबा साहेब के संविधान के साथ नहीं किया है।

पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने तो इंडी गठबंधन का नकाब उतार दिया है। अपने शासन काल में कांग्रेस भ्रष्टाचार, परिवारवाद की राह पर रहा। अब तो तुष्टिकरण की राह पर भी है। कांग्रेस जो चश्मा पहनती है, उससे उसे केवल एक ही वोट बैंक दिखता है- मुसलमान। भाजपा सबका साथ, सबका विकास की बात करती है। किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा, इसकी बात करती है। कांग्रेस को यह सब नहीं करना है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस वाले एससी, एसटी, ओबीसी को मिले आरक्षण पर डाका डालने में लगी है। संविधान जब बना तब बाबा साहब आंबेडकर ने तय किया था कि देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं मिलेगा। कांग्रेस आपका हक छीनकर मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने में लगी है। सभी को सतर्क रहना होगा लेकिन मोदी की गारंटी है कि जब तक वे जिंदा हैं तब तक दलित, आदिवासी, ओबीसी के आरक्षण में से रत्ती भर भी चोरी नहीं करने देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया तो कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कहने लगे कि झाड़ू लगाने और शौचालय बनाने से क्या होगा? आज गांव-गांव देखिए, हालात बदले हैं। उन्होंने जब मोबाइल का डेटा सस्ता किया, गांव-गांव में कॉमन सर्विस सेंटर खोले और हर गांव तक इंटरनेट पहुंचाने की ठानी तो ये झामुमो वाले और कांग्रेस वाले कहते थे कि गांव वालों को इसका क्या फायदा? आज मेरे गांव का युवा सोशल मीडिया का हीरो है। कांग्रेस वालों ने इंटरनेट को अमीरों की चीज बना दिया था। मैंने इंटरनेट को गरीबों के घर पहुंचा दिया है।

इस दौरान मंच पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सांसद समीर उरांव, सुदर्शन भगत, अर्जुन मुंडा (केंद्रीय मंत्री), पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे।

## राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं: मीर

बिभा संवाददाता

**रांची**। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश की 140 करोड़ जनता जानती है कि राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं। उन्होंने कहा कि शहजादे प्रधानमंत्री का प्रिय शब्द है जो वह चुनाव के दौरान प्रयोग करते हैं लेकिन राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं जिस परिवार का आजादी हासिल करने के पहले से लेकर आजादी के बाद तक कुबार्नी का इतिहास रहा है।



मीर शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। मीर ने कहा कि मोदी जिस जमात से आते हैं उनका देश के लिए क्या योगदान रहा है यह पूरा देश जानता है। दो दिन से मोदी झारखंड में हैं। जनता का रिस्पांस उन्हें नहीं मिला। प्रधानमंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं उसे पूरी जनता सुनती है और अच्छी तरह समझती है। उन्होंने कहा कि दस साल में उन्होंने क्या किया इसकी उन्होंने चर्चा नहीं की। इसी कारण अपने दस साल के काम पर प्रधानमंत्री ने वोट नहीं मांगा।

मीर ने कहा कि भ्रष्टाचार की बात करें तो जिस नेता पर प्रधानमंत्री शाम में 70,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हैं 24 घंटे के अंदर उसके साथ सरकार बनाकर उसे उप मुख्यमंत्री बना देते हैं। असम और बंगाल भी इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने हजारों करोड़ रुपये कंपनियों से चंदा लिया और इसके बदले उन्हें लाभ पहुंचाया। वोट हासिल करने के लिए मोदी कुछ भी कर सकते हैं।

मोदी ने कहा कि दस वर्षों में मोदी ने झारखंड को क्या दिया। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। जब उन्होंने प्रधानमंत्री आवास नहीं दिया तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू किया। पलामू के मंडल डैम का शिलान्यास पांच वर्ष पूर्व मोदी के जरिये किया गया था लेकिन उसमें कोई कार्य नहीं हुआ। सरना धर्म कोड पर चुप्पी साधे रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा मोदी पर और कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। मोदी हिंदू, मुसलमान और पाकिस्तान पर चुनाव लड़ रहे हैं और मूल मुद्दों को डायवर्ट कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी सात मई को चाईबासा और बसिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता के बीच मोदी फ्लॉप शो साबित हुए। जनता उन्हें कितनी गंभीरता से ले रही है यह रैली में जनता की कम उपस्थिति ने दर्शा दिया है।

इस दौरान भारतीय कांग्रेस की मीडिया कोऑर्डिनेटर ज्योति सिंह, राकेश सिन्हा सुमेर चारण, वैभव शुक्ला सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, ऋषिकेश सिंह भी उपस्थित थे।

## 400 पार का नारा भूलकर अब हिंदू और मुसलमान कर रहे हैं प्रधानमंत्री : सुप्रियो

बिभा संवाददाता

**रांची**। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड आगमन और उनके बयानों पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी ने तीन चुनावी सभाएं कीं। सभी में एक समान बात दिखाई पड़ी। उन्होंने कहा कि पहले प्रधानमंत्री के भाषण में अबकी बार 400 पार पर अधिक फोकस रहता था। लेकिन दूसरे चरण का लोकसभा चुनाव हो जाने के बाद प्रधानमंत्री 400 पार के नारे का भूल गये हैं और उनका विषय बदल गया है। अब वह आरक्षण और हिंदू-मुसलमान पर अधिक फोकस कर रहे हैं।



भट्टाचार्य शनिवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार देश में सभी दलों को मान्यता दी गयी। इसमें साफ-साफ कहा गया कि राजनीतिक दल धर्म, संप्रदाय और जाति से ऊपर उठकर जन कल्याण की बात करेंगे। लेकिन प्रधानमंत्री आदिवासी और हिंदू-मुस्लिम की बात कर रहे हैं। इनको बांटने की बात कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले जब प्रधानमंत्री मोदी के झारखंड आगमन की सूचना मिली, तो उन्होंने उनसे कुछ सवाल किये थे। निवेदन किया था कि झारखंड आने पर वे इन सवालों के जवाब दें। लेकिन प्रधानमंत्री हमारे सवालों को भूल गये।

## रांची के विकास और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर लड़ेंगे चुनाव : यशस्विनी सहाय

बिभा संवाददाता

**रांची**। रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा कि रांची के विकास और महिला सुरक्षा को लेकर वह गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगी। रांची के विकास पर बात की जायेगी। सहाय शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहीं थी।



सहाय ने कहा कि रांची के बने 24 साल होने जा रहे हैं लेकिन राजधानी का उतना विकास नहीं हुआ। कभी इस जगह को औद्योगिक इकाइयों का हब माना जाता था लेकिन अब वो भी धीरे-धीरे बंद होने लगे हैं। इन सभी विषयों को लेकर चुनाव लड़ा जायेगा। रांची के विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच के गैप को भरने की जरूरत है। यदि जनता ने मुझे मौका दिया तो इस गैप को भरने का काम करूंगी और रांची की बेहतरी के लिए काम किया करूंगी। सहाय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी से जुड़े सवाल के जबाब में कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी गलत है या सही यह कानून तय करेगा। यह मामला कोर्ट में अंडर ट्रायल चल रहा है और जिस तरीके से सेंट्रल जांच एजेंसियों पर सवाल उठ रहे उस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है।

सहाय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) अभी तक देश में मौलिक अधिकार नहीं बना है। देश में अलग-अलग तरह के लोग रहते हैं, उसे देखकर हमें आगे का निर्णय लेना चाहिए। पेपर लीक के मामले हो रहे हैं। इसके लिए कांग्रेस के न्याय पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि सरकार आने के बाद एक सशक्त कानून बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि एचईसी को बेचने की तैयारी चल रही है। एचईसी को हमें बचाने की जरूरत है। कई साल से कर्मचारियों को सैलरी तक नहीं मिली है। इसके लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

## एटीएस ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार

बिहान भारत संवाददाता

**रांची**। एटीएस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिसमें विकास कुमार, गुलशन कुमार और माहताब आलम शामिल है। तीनों को पतरातू के सांकुल एवं जयनगर के आसपास छुपकर रहने की जानकारी पुलिस को मिली थी। इन तीनों ने कई स्थानों पर फायरिंग की घटना को भी अंजाम दिया था। विकास कुमार के पास से 2 देशी पिस्टल और 8 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वहीं गुलशन कुमार के पास से 8 जिंदा कारतूस, आलम के पास से 5 जिंदा कारतूस मिला है। इसके अलावा तीनों के पास से 2 मोबाईल फोन बरामद किया गया है।



विकास की निशानदेही पर फायरिंग में इस्तेमाल मोटरसाईकिल पल्सर (220) को फरार चल रहे इम्तियाज अंसारी के घर से बरामद किया गया। अमन साहू संगठित आपराधिक गिरोह के द्वारा हाल में की गई फायरिंग की घटना का सफल उद्भेदन किया गया है। तीनों अपराधी और पूर्व में एटीएस के द्वारा गिरफ्तार राजा अंसारी, मंनिन्दर कुमार ने कई फायरिंग की घटनाओं को अंजाम दिया था। तीनों घटनाओं में उपयोग की गई मोटरसाईकिल एवं हथियार को एटीएस टीम के द्वारा बरामद कर लिया गया है। पूर्व में गिरफ्तार मनिन्दर कुमार के पास से बरामद पिस्टल का उपयोग भी उक्त घटनाओं में किया गया था।

## कालाजार रोग की तीन दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा बैठक संपन्न

बिभा संवाददाता

**राँची** : बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, और पश्चिम बंगाल में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति को समझने के लिए आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा बैठक एवं वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम पदाधिकारियों का आंकड़ों और डॉक्यूमेंटेशन पर प्रशिक्षण आज रांची में संपन्न हो गया।

तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को आईएचआईपी यानि एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफार्म के माध्यम से कालाजार से सम्बंधित चुनौतियों को पहचानने और उनके समाधान हेतु विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।सत्र के बढ़ते क्रम में कालाजार सम्बंधित आंकड़ों के महत्व और इसके संकलन की प्रक्रिया को भी समझाया गया तथा कालाजार उन्मूलन से सम्बंधित विभिन्न देशो और राज्यों की केस स्टडीज और अनुभव भी साझा किये गए।

कार्यक्रम के अंतिम दिन, कालाजार रोग के लक्ष्य को सस्टेन रखने के लिए कालाजार प्रभावित बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, और पश्चिम बंगाल राज्यों के वर्क प्लान तैयार किये गए ताकि इसके अंतर्गत होने वाली सारी गतिविधियाँ समय से और सफलतापूर्वक संपन्न हो सकें।

तीन दिवसीय इस बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा की गयी कि उपरोक्त सभी राज्यों द्वारा कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को सस्टेन रखने के लिए, राज्य स्तर से ग्राम स्तर तक आयोजित होने वाली गतिविधियों की निरंतर समीक्षा की जाये और किसी भी तरह की कमी होने पर उसको तुरंत दूर किया जाये।

समीक्षा बैठक के समापन के अवसर पर निदेशक एनसीवीबीडीसी, भारत सरकार, डॉ. तनु जैन ने कहा कि कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को सस्टेन करने के लिए हर स्तर से प्रयास किये जायेंगे, कार्यक्रम के अंतर्गत संपन्न होने वाली समस्त गतिविधियों को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए अंतर-विभागीय समन्वय बनाकर और सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य किया जायेगा और कार्यक्रम की प्रगति की राज्य स्तर से ग्राम स्तर तक निरंतर समीक्षा की जायेगी ।

अंत में झारखण्ड के वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बिरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि समीक्षा बैठक में दिए गए समस्त सुझाओं को अपने वर्क प्लान बनाकर किया जायेगा।

कार्यक्रम में डॉ. अया याजिमा तथा डॉ. सौरभ विश्व स्वास्थ्य संगठन वर्चुअल रूप से जुड़े एवं डॉ संबित प्रधान, एचओडी कालाजार, एनसीवीबीडीसी, ज्योति नागरकोटि, एनसीवीबीडीसी, भारत सरकार, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. श्याम सिंघल, डॉ. शाहवर काजमी, डॉ. प्रीतम रॉय एवं डॉ. अभिषेक पॉल उपस्थित थे।इसके साथ ही कार्यक्रम में डॉ कृष्ण पाण्डेय, निदेशक आरएमआरआई, डॉ बदरी थापा, टीम लीड कम्यूनकेशन डिजीज, विश्व स्वास्थ्य संगठन, राज्यों के क्षेत्रीय निदेशक, एनसीवीबीडीसी, भारत सरकार और झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल एवं बिहार राज्य के स्वास्थ्य पदाधिकारी और सहयोगी संस्थाओं यथा- आईसीएमआर, विश्व स्वास्थ्य संगठन, ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज (जीएचएस), प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल (पीसीआई),पाथ, पीरामल स्वास्थ्य एवं डब्लू.जे.सी.एफ. के प्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग कर अपनी प्रस्तुतीकरण दी।

## सीसीएल के सतर्कता टीम ने किया खदानों का औचक निरीक्षण

बिभा संवाददाता

**रांची** : कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) सीसीएल श्री पंकज कुमार के नेतृत्व में सतर्कता विभाग पारदर्शिता एवं निवारक सतर्कता के दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। इसी क्रम में सतर्कता विभाग द्वारा गठित टीम ने आम्रपाली ओपन कास्ट प्रोजेक्ट और रजरप्पा प्रोजेक्ट में औचक जाँच की गई । किसी भी विसंगति की पहचान करने और सुधारात्मक उपायों को तुरंत लागू करने हेतु इन दोनों परियोजनाओं की गहन जाँच की गई। यह पहल कोयला खनन क्षेत्र के भीतर अखंडता और अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा देने में सीसीएल के सक्रिय प्रयास को दशार्ती है। इस पहल का उद्देश्य कोयला खनन कार्यों के भीतर नियमों और नैतिक मानकों के पालन सुनिश्चित कराना है। एमओसी, सीवीओ सीआईएल और सीवीओ सीसीएल की देखरेख में सतर्कता टीम ने सीएमपीडीआई, सीसीएल मुख्यालय और सीसीएल के कमांड क्षेत्रों के अधिकारियों के साथ स्टॉक, वे-ब्रिज, रेलवे साइडिंग और डिजिटल टूल्स के प्रयोग एवं दक्षता सहित संचालन के विभिन्न पहलुओं का सावधानीपूर्वक निरीक्षण किया। सतर्कता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गयी इस अभियान के तहत औचक सतर्कता जांच से परिचालन में सत्यनिष्ठा, उत्कृष्टता और जिम्मेदार खनन प्रथाओं को सुनिश्चित किया जाता है। कोयला मंत्रालय के निदेशों के अनुरूप, सीसीएल अपनी गतिविधियों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने में अपनी भूमिका की पुष्टि करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### ध्यान योग साधना शिविर कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो** : संस्था महिला शिशु जन विकास समिति इस्पात नगर बोकारो सुखदेव नगर चास वार्ड 17 प्रधान कार्यलाय में श्री श्री रवि शंकर दास का ध्यान योग साधना 14दिवसीय कार्यक्रम संस्था के सचिव आरती जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजन किया गया ' गुरु रवि शंकर दास के मार्गदर्शन से सभी महिलाएं ध्यान साधना किया' संस्था के सचिव आरती जायसवाल ने कहा कि गुरु रवि शंकर कि ध्यान विधि एवं उनकी ऑनलाइन प्रोग्राम को देखकर हम सब रोज ध्यान साधन करे ताकि हम सब स्वाथ्य रह सके, ध्यान करने हमारी तनाव दूर होता एवं जीवन सुखमय हो जाता है। परामर्शी चंकी पाण्डेय ने कहा प्रतिदिन 1 घंटे ध्यान करना चाहिए इसे हमारा मन नियत्रण रहता है एवं विचारो से मुक्त सकारात्मक ऊर्जा मिलता है। इस कार्यक्रम में ललिता देवी अनीता,कुमारी,नेहा कुमारी,रूबी देवी, संगीता, देवी, आशा देवी, सीमा देवी खुशी कुमारी अन्य महिला उपस्थित थे।

### बोकारो जिला बास्केटबॉल टीम की चयन 6 मई से एमजीएम में

**बोकारो** : जिला बास्केटबॉल संघ की बालक एवम बालिका की टीम 24वे युथ झारखंड राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। बोकारो जिला की टीम की चयन प्रक्रिया 6 से 8 मई 2024 तक सेक्टर 4 स्थित एम जी एम एच एस के बास्केटबॉल कोर्ट में संध्या 4 बजे से रखी गई है। प्रतिभावान खिलाड़ी अपने साथ अपना जन्म प्रमाण- पत्र, विद्यालय पहचान पत्र एवम आधार कार्ड अवश्य लेकर आएंगे। चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 9 मई से अनुभवी प्रशिक्षको के मार्गदर्शन कि प्रारंभ होगा। चयनित खिलाड़ी 27 से 29 मई तक बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वे युथ झारखंड स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में वही बालक एवम बालिका भाग के सकते हैं जिनकी जन्मतिथि 01 जनवरी 2008 के बाद कि हो । समस्त जानकारी बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव संजीव कुमार सिंह ने दी। संजीव सिंह ने जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ी अपने साथ नॉटरी द्वारा सत्यापित जन्मतिथि अवश्य लाये। चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर अनुभवी प्रशिक्षको द्वारा चयनित किया जाएगा।और प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षित किया जायेगा।

डीपीएस बोकारो में विद्यार्थियों ने सीखे टेराकोटा शिल्पकला के गुर

### भारत की माटी के कण-कण में छिपी है कलात्मक विरासत : डॉ. गंगवार

**बोकारो**। विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली संस्कृति, परंपरा और कलात्मक धरोहरों से अवगत कराने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में शनिवार को एक विशेष कार्यशाला ह्यकलाकृतिह्ल आयोजित की गई। इस अवसर पर राजकीय सम्मान से नवाजे जा चुके पश्चिम बंगाल के जाने-माने टेराकोटा शिल्पकार बरेन कुंभकार मुख्य रूप से आमंत्रित थे। पंचमुरा (प.बं.) से पहुंचे श्री कुंभकार ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को टेकारोटा कला की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि टेराकोटा आर्ट तैयार करने के लिए तीन तरह की मिश्रित, लवण-रहित और उच्च ताप-सहन क्षमता वाली मिट्टी की आवश्यकता होती है। उन्होंने ऑन द स्पॉट भगवान गणेश, हाथी, शंख, घोड़ा सहित कई कलाकृतियां बनाकर बच्चों को अलग-अलग समूहों में इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। चाक घुमाना, मिट्टी को गढ़ना और सनी हुई मिट्टी से टेराकोटा आर्ट तैयार करना बच्चों के लिए यादगार अनुभव रहा। विद्यार्थियों ने स्वयं में छिपी कलाकृति को मिट्टी से आकार देकर अपनी प्रतिभा दिखाई। श्री कुंभकार ने बच्चों के कलात्मक विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो द्वारा किए गए इस आयोजन को काफी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कला के क्षेत्र में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं। इसके पूर्व, विद्यार्थियों को एक प्रस्तुतीकरण के जरिए टेकारोटा शिल्पकला के इतिहास, इसके विस्तार, क्षेत्रवार इसकी विशेषता तथा पुराने समय से लेकर अबतक मंदिरों व अन्य संरचनाओं के निर्माण में इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। अनुभव आधारित शैक्षिक कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने बच्चों के कौशल-विकास में इसे अहम बताया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विविधता भारत की अनूठी पहचान व धरोहर है और बच्चों में अपनी संस्कृति-परंपरा और लोक कलाओं के प्रति सजगता आवश्यक है। यह उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। टेराकोटा मिट्टी कला पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत की माटी के कण-कण में कलात्मक विरासत छिपी हुई है, जिसे जानना और संजोए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास को लेकर कटिबद्ध रहा है। इस प्रकार के आयोजन आगे भी होते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने जहां बरेन कुंभकार को विद्यालय की तरफ से स्मृति-चिह्न दिया, वहीं बरेन ने भी प्राचार्य डॉ. गंगवार को टेराकोटा शिल्प से तैयार स्वनिर्मित मां दुर्गा की सुंदर कलाकृति भेंट की।

### कई ट्रेनों की कनेक्टिविटी रांची से होगी बाधित, सवा 8 घंटे रहेगा ट्रेफिक-सह-पावर ब्लॉक

**बोकारो** : दक्षिणी पूर्वी आद्रा मंडल के कोटाशिला- राजाबेरा खंड के कोटाशिला-पुनदाग (अप तथा डाउन) के बीच एलसी गेट संख्या-एमआर-25 (किमी-382/15-17) और एमआर-26( किमी-383/5-7) पर 2 नार्मल हाइट सबवे के निर्माण को लेकर, रविवार प्रातः 9 बजे से संध्या 17:15 बजे ट्रेफिक-सह-पावर ब्लॉक लिया गया है. इस ट्रेफिक-सह-पावर ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों का विनियमन आद्रा मंडल में नियोजित किया गया है.

परिणामस्वरूप कोचिंग ट्रेनों पर प्रभाव इस प्रकार होगा ये रद्द ट्रेनें होगी प्रभावित- बोकारो-रांची-बोकारो (08695/08696) पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेंगी. वहीं झाड़ग्राम-धनबाद- झाड़ग्राम (18019/18020) मेमू एक्सप्रेस भी रद्द रखा गया है. बर्द्धमान-हटिया-बर्द्धमान (13503/13504) मेमू एक्सप्रेस भी रद्द रहेंगी.

शॉर्ट- टर्मिनेशन / शॉर्ट - ओरिजिनेशन- ट्रेन संख्या 12365/12366 पटना-रांची-पटना, जन शताब्दी एक्सप्रेस, बोकारो में ही शॉर्ट-टर्मिनेटेड/ शॉर्ट-ऑरिजिनेटेड होगी. ये ट्रेन रांची जाने के बजाय बोकारो रेलवे स्टेशन से ही पटना के लिए लौटेगी. वहीं, दुमका-रांची-दुमका एक्सप्रेस को बोकारो में ही शॉर्ट-टर्मिनेटेड होगी.

इन ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन- ट्रेन संख्या 12818 आनंद विहार-हटिया एक्सप्रेस दीनदयाल-गया-गोमो-बोकारो - मुरी के बजाय चुनार-चोपन-गरवा रोड-टोरी-बरकाकाना-मुरी के रास्ते चलेगी. इस कारण ये ट्रेन बोकारो होकर नहीं गुजरेगी. ट्रेन संख्या 13351 धनबाद-अल्लापुजा एक्सप्रेस चंद्रपुरा-बोकारो - मुरी के बजाय चंद्रपुरा-गोमिया-बरकाकाना-मुरी के रास्ते चलेगी. 12801/12802 पुरी-नई दिल्ली-पुरी पुरषोत्तम एक्सप्रेस शनिवार को पुरुलिया-बोकारो-चंद्रपुरा-गोमो के बजाय पुरुलिया-अनारा-भोजुडीह-गोमो के रास्ते परिचय होगी.

पुनः निर्धारित की गई ट्रेनः- ट्रेन संख्या 12817 हटिया-आनंद विहार एक्सप्रेस रविवार को हटिया से 60 मिनट से पुनः निर्धारित होगी

# इंडी गठबंधन झारखंड और विकास विरोधी, अपनी करनी से जेल में बंद हैं हेमंत : बाबूलाल

बिभा संवाददाता



**गुमला**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को सिसई में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की अतीत को हम सभी लोग जानते हैं। कांग्रेस पार्टी झारखंड की विरोधी रही है। झारखंड वासियों की भी विरोधी रही है। विकास की भी विरोधी रही है।

मरांडी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का आंदोलन आजादी के पहले से चल रहा था। केंद्र में 50-60 साल तक कांग्रेस की सरकार थी। उसने कभी झारखंड अलग राज्य नहीं बनने दिया। उल्टे अलग राज्य की मांग करने वाले लोगों को खरीद लिया। पहले उन्होंने जयपाल सिंह मुंडा को खरीदा। इसके बाद शिबू सोरेन को खरीदा। भारतीय जनता पार्टी ने वादा किया था कि सत्ता में आने पर झारखंड अलग राज्य का गठन किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने पर उन्होंने झारखंड अलग राज्य का गठन कर दिया। भाजपा जो कहती है वह करती है।

मरांडी ने कहा कि आज झारखंड में कांग्रेस, राजद और जेएमएम की सरकार चल रही है। इन लोगों ने राज्य को सिर्फ लूटने का ही काम किया है। जितने भी खनिज हैं, यहां तक कि नदी के बालू को भी नहीं छोड़ा। इस लोकसभा चुनाव में हम सभी को संकल्प लेना है कि लोहरदगा से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव को जिताना है और देश में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है।


मरांडी ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं। वे हर बार कहते हैं कि भाजपा वालों ने उन्हें फंसा दिया। ईडी वालों ने हमें फंसा दिया। कल झारखंड हाई कोर्ट का निर्णय आया। झारखंड हाई कोर्ट ने साफ-साफ कह दिया कि उन्हें कोई फंसाया नहीं है। वह अपनी करनी से आज जेल में बंद हैं।

### मास्टर ट्रेनर अमरेन्द्र नारायण सड़क दुघर्टना में घायल

**पलामू**। मतदानकर्मियों को चुनाव प्रशिक्षण देने मेदिनीनगर के हेरिटेज स्कूल आने के क्रम में मास्टर ट्रेनर अमरेन्द्र नारायण चियांकी पार्क के निकट एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल के टक्कर में घायल हो गए। उन्हें पैर, हाथ व सीने में चोट लगी है। पैर में गंभीर चोट आयी है. अमरेन्द्र नारायण मध्य विद्यालय शाहपुर चैनपुर के शिक्षक हैं. इसकी जानकारी मिलते ही जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, अशोक सिंह,अमरेन्द्र नारायण व प्रधान सहायक प्रशिक्षण कोषांग रामलखन राम ने उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने एक्स-रे के आधार पर उनका प्राथमिक उपचार किया है। उनकी पत्नी व बेटी ने बताया कि चिकित्सक की सलाह पर पैर की गंभीर चोट को देखते हुए सर्जरी हेतु कल उन्हें रांची ले जाया जायेगा।

# नक्सलियों ने लगाये पोस्टर, लोकसभा चुनाव बहिष्कार की अपील



बिभा संवाददाता

**बोकारो** : जिले के बेरमो अनुमंडल के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुर्कनालो में देर रात माओवादियों ने पोस्टर चिपका कर फिर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है. देश में लोकसभा चुनाव चल रहा है. दो चरणों का मतदान संपन्न हो गये हैं. चौथे चरण से झारखंड में मतदान होना है. बोकारो धनबाद लोकसभा क्षेत्र में पड़ता है. यहां 25 मई को वोट डाले जायेंगे. लेकिन इससे पहले यहां नक्सलियों ने पोस्टरबाजी शुरू कर दी है.

चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के कर्री पंचायत के कुर्कनालो में,बड़की टांड और तीसरी में भी पोस्टर चिपकाया गया है.

पोस्टरबाजी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पोस्टरों को हटाया. इसमें माओवादियों ने आम लोगों के नाम प्रेषित पत्र में वोट वहिष्कार करने का ऐलान किया है. उत्तरी छोटानागपुर जोनल कमेटी भाकपा माओवादी की तरफ से जारी किये गए पोस्टर में लिखा है कि सशस्त्र संघर्ष के जरिये जल, जंगल और जमीन पर जनता का अधिकार कायम करें. ग्रामीण क्षेत्र में तमाम पुलिस कैंप को अविलंब ग्रामीणों को वापस करो, गली-गली में शोर है, वोट लड़ने वाले सभी नेता चोर हैं, चुनावी मौसम छाया है, चुनावी मेढक आया है. तमाम राजनीतिक वंदियों को अविलंब रिहा करने की भी मांग की गई है. इधर तमाम सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद पोस्टरबाजी की घटना से एक बार फिर लोगों में दहशत का माहौल है. पोस्टरबाजी की पुष्टि चतरोचट्टी थाना प्रभारी ने की है. माओवादियों द्वारा कई पर्चा भी छोड़ा गया है, जिसे उत्तरी छोटानागपुर जोनल कमेटी भाकपा माओवादी की तरफ से जारी किया गया है. पत्र में 18वीं लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का आह्वान करते हुए नव जनवादी भारत के निर्माण में अपनी भूमिका बढ़ाने का संदेश भी लिखा है. पत्र में लिखा गया नरेंद्र मोदी विकसित भारत बनाने का सपना दिखा रहे हैं. वास्तव में यह हिंदू राष्ट्र होगा, नया संविधान बनकर मनुवादी संहिता बनाने की बात हो रही है. पत्र में लिखा गया है कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री की दशा दिख रहा है तो जनता की क्या दशा होगी, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### धनबाद संसदीय सीट से उम्मीदवार डॉ.परवेज नैय्यर ने किया नामांकन



बिभा संवाददाता

**बोकारो** : धनबाद लोकसभा सीट से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से प्रत्याशी डॉ.परवेज नैय्यर ने शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के पश्चात उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि जनता की इच्छा पर ही लोकसभा का चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है.उन्होंने बताया धनबाद में शिक्षा, रोजगार एक अहम मुद्दा है.व्यवस्थाएं जो बिगड़ी हुई है उसे ठीक करने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं. धनबाद में भय का माहौल है. यहां दबँगता प्रभावी है. लोग भयभीत हैं.खासकर कोलियरी क्षेत्र के मजदूरों के साथ आज जो अन्याय हो रहे हैं उसके खिलाफ आवाज उठानी है.उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों से खुद को ऊपर बताया है. कहा कि धनबाद की जनता इन दोनों ही पार्टियों को देख और समझ चुकी है. आनेवाला चुनाव का परिणाम मेरे पक्ष में होगा. जनता पर हमें पूरा विश्वास है कि जनता अपना आशीर्वाद देगी. उन्होंने बताया आनेवाले दिनों में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का धनबाद आगमन होनेवाला है. पार्टी की रैलियां होंगी, सभाएं भी होंगी.पेशे से पेशे से चिकित्सक डॉ.परवेज नैय्यर बोकारों चास के रहनेवाले हैं.1993 में मैट्रिक,1995 में इंटरमीडियट और 2003 में चिकित्सा में एमडी पास किया है.

### बोकारो के सेक्टर 12 ई में 17 ब्लॉक क्षतिग्रस्त घोषित, ध्वस्त करेगा प्रबंधन

बिभा संवाददाता



**बोकारो** : बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 12 ई में 17 ब्लॉक को नगर प्रशासन विभाग की ओर से क्षतिग्रस्त घोषित कर दिया गया है. इन असुरक्षित आवास ब्लॉकों को बीएसएल प्रबंधन ध्वस्त करेगा. प्रबंधन की मानें तो इन असुरक्षित ब्लॉक के किसी भी वक्त गिर जाने से जान-माल की क्षति हो सकती है. इन ब्लॉकों में रहना पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है. प्रबंधन की घोषणा के बाद प्रथम चरण में इन ब्लॉक में रहने वाले नियमित कर्मचारियों को स्थानांतरित कर दिया गया है. अगले चरण में वैसे पूर्व कर्मचारी जिन्होंने आवास लाइसेंस पर लिया है उन्हें स्थानांतरित किया जा रहा है. वर्तमान में जिन पूर्व कर्मचारियों ने अपने आवास का लाइसेंस नवीकरण कराया हुआ है,उन्हीं को स्थानांतरित किया जाएगा. जिन्होंने अभी तक लाइसेंस नवीकरण नहीं कराया है उन्हें प्रबंधन ने 12 मई तक नवीकरण कराने का निर्देश दिया है. अन्यथा उनका लाइसेंस अनुबंध रद्द करने की सूचना जारी कर दी गई है. साथ ही उनके विरुद्ध आवासों को चयन करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया आरंभ की जाएगी. यदि कर्मचारी सहयोग नहीं करते हैं तो किसी प्रकार का दुर्घटना होती है तो क्षति के जिम्मेवार कर्मचारी स्वयं होंगे। इसके लिए बीएसएल प्रबंधन किसी भी प्रकार से जवाबदेय नहीं होगा।

#### इन ब्लॉको को किया गया डैमेज घोषित

नगर प्रशासन की ओर से घोषित क्षतिग्रस्त ब्लॉक में सेक्टर 12 ई का ई टाइप ब्लॉक 2229-2240,12 ई का ई टाइप ब्लॉक 2025 से 2030,12 ई का ई टाइप 3073 से 3084, 12 ई का ई टाइप 2181 से 2192, 12 ई का ई टाइप 2193 से 2204,12 ई का ई टाइप 4217 से 4228,12 ई का ई टाइप 2157 से 2168, 12 ई का ई टाइप 2031 से 2036,12 ई का ई टाइप 1289 से 1294, 12 ई का ई टाइप 1043 से 1048,12 ई का ई टाइप 2217 से 2228, 12 ई का ई टाइप 4241 से 4252,12 ई का ई टाइप 2097 से 2108,12 ई का ई टाइप 2169 से 2180,12 ई का ई टाइप 1036 से 1042,12 ई का ई टाइप 4229 से 4240, 12 ई का ई टाइप 2229 से 2240 वह क्षतिग्रस्त घोषित कर दिया गया है।

### पुस्तकालय में अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष के तस्वीर लगाई गई

बिभा संवाददाता



**बोकारो**: बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के पुस्तकालय में अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चास निवासी सीताराम रवानी जी के तस्वीर को उनके परिवार के सदस्यों आशुतोष कुमार, राजश्री, एवम अतुल कुमार द्वारा मुहैया करवाया गया जिसे एक सादे समारोह में उनके तस्वीर को विधिवत रूप से पुस्तकालय में लगाया गया। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडियन एसोसियेशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बताया कि अधिवक्ता सीताराम रवानी को अपराधिक ब दीवानी मामले में महारत हासिल था और दोनों विषय पर समान पकड़ था। वे मूलतः धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड के रहने वाले थे। वे 1977 से विधि व्यवसाय में थे। इन्होंने लगभग 46 वर्षों तक वकालत किया था। वे अपने पीछे पत्नी और दो पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गए है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा, दीपक कुमार, अशोक कुमार पाल, अनीश अंसारी, मनोज विश्वकर्मा, पंकज दराद, संजय कुमार झा, संजीत कुमार सिंह, मो. हसनैन आलम, दीपिका सिंह, शंकर दे, संजय कुमार प्रसाद, फटिक चंद्र सिंह, रंजन कुमार मिश्रा, कमल कुमार सिन्हा, वंशिका सहाय, सुकमती हेसा, सुनील चांडक, धनजी चौधरी, विभा कुमारी, ज्योति प्रकाश चौधरी, इंद्रनील चटर्जी, निखिल कुमार डे, सुभाष नायक, राणा प्रताप शर्मा, विष्णु चरण महाराज, धुर्वेश्वर मंडल, अशोक कुमार पांडेय, कौशल किशोर, संदीप पूर्ती, राणा प्रताप शर्मा, हिमांशु शेखर, बिष्णु प्रसाद नायक, प्रीति श्रीवास्तव, रेणु कुमारी, कमल कुमार सिन्हा, गोविंद नारायण सिंह, मिथलेश कुमार, अशोक कुमार यादव, रीना कुमारी समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

# नई सोच, नई दिशा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

बिभा संवाददाता




**बोकारो** : बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन के साथ इस्पात कर्मियों का नई सोच, नई दिशा नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन 4 मई को संपन्न हुआ. कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं, अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन, अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी बी करुणामय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

संवाद कार्यक्रम के आरंभ में निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने इस्पात कर्मियों को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई. संवाद कार्यक्रम के तहत जन संपर्क विभाग की श्रीमती मोनिका ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बीएसएल के उत्पादन, उत्पादकता, उपलब्धियों और संबन्धित पहलुओं की नवीनतम जानकारी, इस्पात उद्योग परिदृश्य इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला. डॉ करुणामय ने बीजीएच में हाल में जोड़े गए नई सुविधाओं के विषय में जानकारी दी. अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन, अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद ने कर्मियों को सुरक्षा पर विशेष फोकस करते हुए उत्पादन में बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया. अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री रंगानी ने संयंत्र की क्षमता के अनुरूप गुणवत्तायुक्त उत्पादन पर बल दिया, साथ ही वित्तीय पहलुओं के विषय में चर्चा की. अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं , अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर महापात्रा ने संयंत्र की भावी विस्तारीकरण से जुड़े परियोजनाओं पर प्रकाश डाला. निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम सभी को 25 मई को मतदान अवश्य करने का आह्वान किया तथा सभी को पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से संयंत्र की प्रगति के लिए योगदान करने का सन्देश भी दिया ताकि सेल सभी पैमानों पर अव्वल रहे. कार्यक्रम में उत्पादन, उत्पादकता और वित्तीय प्रदर्शन के अलावा सुरक्षा और नवाचार जैसे पहलुओं पर भी चर्चा हुई. परिचर्चा खण्ड में प्रतिभागियों ने भी कार्यप्रणालियों में बेहतरी और अन्य प्रासंगिक विषयों पर अपने सुझाव वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखे. कार्यक्रम का संचालन प्रबन्धक (एचआरडी) प्रीति कुमारी ने किया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (एचआरडी) नीता बा ने किया.

### उपायुक्त के निर्देश पर ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ से जलापूर्ति हुई शुरू



बिभा संवाददाता

**बोकारो** : ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ में तकनीकी खराबी के कारण जला पूर्ति बाधित होने का मामला प्रकाश में आने के बाद उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने पिछले दिनों पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास को निर्देश देते हुए अविलंब समस्या का निदान कराने को कहा था। विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जलापूर्ति सेवा को एक बार पुनः शुरू कर दिया है। शुक्रवार से ही योजना से जलापूर्ति सेवा शुरू हो गई है। इस बाबत कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास श्री राम प्रवेश राम ने कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ में तकनीकी गड़बड़ी के कारण जलापूर्ति बाधित हो गई थी। जिसे शुक्रवार को दुरूस्त करा लिया गया है। ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ से पुनः जलापूर्ति सेवा शुरू हो गई है। इससे जरीडीह प्रखंड के तातरी उत्तरी, दक्षिणी, खुटरी, जैना, टांड़ मोहनपुर, बांधडीह उत्तरी, दक्षिणी आदि पंचायतों के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## अर्जुन मुंडा ने किया चाय पर चर्चा व खूँटी टोला में किया जनसंपर्क



**खूँटी** । नगर पंचायत क्षेत्र के भगत सिंह चौक में शनिवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा चाय पर चर्चा की। वहीं तोरपा रोड के खूँटी टोला में नगर अध्यक्ष सुरेश जायसवाल की अगुवाई में मुहल्लेवासियों से मुलाकात की । वहीं सैकड़ों महिला पुरुष इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से सीधी संवाद किये। मौके पर अर्जुन मुण्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों का समर्थन के नाम अपना मतदान करने की अपील की। वहीं उन्होंने राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड , उज्जवला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की जानकारी दी। वहीं पूछा कि इसका लाभ मिला या नहीं। वहीं सभी ने बताया कि इनका लाभ उन्हें मिला है। इस दौरान, संजय साहू, ओमप्रकाश कश्यप, सुरेंद्र सिंह, रामा महतो, कृष्णा लोहरा , बालकिशुन महतो, बिशु पाण्डे, नूतन देवी , गुलाब महतो, भीम साहू, प्रियांक भगत, प्रशांत कुमार , फागू मुण्डा, परमानन्द कश्यप, आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

## समस्याओं का समाधान करने वाले को देंगे वोट : प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ

**खूँटी** । अखिल भारतीय प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ झारखंड के प्रदेश महासचिव खूंटी निवासी कुणाल भगत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जो भी राजनीतिक दल प्रज्ञा केंद्र संचालक के समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करेगा, समस्त झारखंड प्रदेश के प्रज्ञा केंद्र संचालको द्वारा उसी राजनीतिक दल को समर्थन दिया जाएगा.उन्होंने कहा कि 18 वर्षों में प्रज्ञा केंद्र संचालकों पर गंभीरता नहीं दिखाई गई है, जिस कारण 18 वर्षों में प्रज्ञा केंद्र संचालक बहुत ही कम कमिशन पर काम कर रहे हैं, जिसे उनका परिवार चलाना भी मुश्किल है, इसके बाद भी वे निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य में लगे हैं, उन्होंने कहा कि समय के साथ-साथ सभी संचालकों की जीवन स्तर में सुधार करने की आवश्यकता है, परंतु कोई भी राजनीतिक दल इस पर गंभीर नहीं है,इसलिए प्रदेश के संचालकों ने ऐसा निर्णय लिया है, खूँटी जिला में करीब 1200 परिवार अपना पालन पोषण प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से जैसे-तैसे कर रहे है साथ की 18 वर्षो से निरंतर सरकार की सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने का कार्य किए है ना तो प्रज्ञा केंद्र संचालकों को कोई मानदेह मिलता है ना ही किसी प्रकार का कोई वेतन दिया जाता है। यह जानकारी कुनाल भगत ने दी।

## कूड़ा डम्पिंग यार्ड में फैले कूड़े पर लगा आग



**खूँटी** । नगर पंचायत क्षेत्र के डम्पिंग यार्ड में शनिवार की दूसरी बेला अचानक आग लगने से यार्ड में फैला कूड़ा धू-धू करके जलने लगा। यार्ड में नगरपंचायत क्षेत्र के उड़ेला हुआ कूड़ा का अम्बार में आग फैलने से अग्निशमन विभाग को बुलाया गया। लेकिन आग का फैलाव दूर दूर तक हो जाने के कारण बुझाने में काफी दिक्कत होने लगी है। गनीमत था कि डम्पिंग यार्ड के निकट कोई घर नहीं है। जिसके कारण खतरा होने की सम्भावना नहीं होने की बात बतायी गयी। बता दें कि डम्पिंग यार्ड में विगत छह वर्षों से बन रहा क्रशिंग और रिसाइकिल मशीन नगर पंचायत के सुशुप्तावस्था के कारण अब तक चालू नहीं हो पाया है। जिसके कारण डम्पिग यार्ड में कूड़ा का अम्बार फैल गया है। वहीं अगर कूड़ों का रिसाइकिल मशीन चालू रहता तो कूड़ा इतना जमा नहीं हो पाता। हालांकि निकट में ही जंगल है। अगर आग जंगल की ओर बढ़ जाए तो परेशानी हो सकती है। हालांकि अग्निशमन विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ आगे को काबू करने में जुटा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का काम किया जाता रहा।

## दिव्यांगों व 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों का मतदान



**खूँटी** । जिले में मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई है जिसमें 85 वर्ष की आयु से अधिक उम्र दराज और दिव्यांगजन जो बूथ तक नहीं जा पाएंगे उन्हें उनके घर जाकर मतदान कराया जाने लगा है। जिसमें लोग स्वेच्छा से अपने विचार अनुकूल मतदान कर सकें। लेकिन जो ऐसे वृद्ध व दिव्यांग मतदाता मतदान केंद्र तक आकर। मतदान करना चाहते हैं वो 13 मई को मतदान करेंगे। वहीं घर घर जाकर सक्षम पदाधिकारी मतदान करा रहे हैं। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बताया कि 85 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं जो मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ हैं उन्हें घर पर ही मतदान करने का व्यवस्था है। साथ ही , ऐसे असमर्थ दिव्यांग जन भी घर में ही मतदान कर रहे हैं।

## विधायक ने फीता काटकर हुटार में भाजपा का किया उद्घाटन

**खूँटी** । प्रखंड क्षेत्र के हुटार चौक के पास भारतीय जनता पार्टी का चुनावी कार्यालय का शनिवार को खोला गया। जिसका उद्घाटन खूँटी विधायक व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता क्षेत्र में कार्य करेंगे जिनकी सुविधा के लिए चुनावी कार्यालय का होना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए गए विकास सोन्मुखी योजनाओं को जनता के समक्ष रखें। और जनता से ही बतलाएँ कि योजनाओं का लाभ इसलिए मिला क्योंकि आपका मतदान के कारण ही भाजपा सरकार में आयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत इरादों के कारण इतना लाभ मिल सका। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं और देश में शांति अमन चैन तथा विकास के नाम भाजपा को मतदान कर फिर से जिताने का काम करें। यह तभी संभव होगा जब आगामी 13 में को सबसे ऊपर का बटन कमल छाप में बटन दबाकर अर्जुन मुंडा को जीताकर दिल्ली भेजने का काम करेंगे। इस मौके पर , अनेक लोगों ने कार्यक्रम संबोधित किया। इस समारोह में मण्डल अध्यक्ष मदन गोप, परमेश्वर साहू, दीपक कश्यप, पंकज वर्मा, मदन गोश्वामी, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### खूंटी एवं तोरपा विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त मतदान अधिकारी प्रथम के लिए प्रशिक्षण आयोजन

# बारीकी से पूरी प्रक्रिया की जानकारी लें, उचित एवं सुचारू रूप से कार्य करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । जिले के प्रशिक्षण कोषांग द्वारा 60-खूँटी एवं 59-तोरपा विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनियुक्त मतदान अधिकारी प्रथम के लिए बिरसा महाविद्यालय, खूँटी एवं लोयला इंटर कॉलेज परिसर में शनिवार को अलग-अलग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मतदान अधिकारी प्रथम को डिस्पैच सेंटर से लेकर कलेक्शन सेंटर तक कार्य निष्पादन की विस्तार जानकारी दी गई। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद पोस्टल वोटिंग के लिए आवेदन करने वाले मतदान अधिकारियों ने संबंधित प्रशिक्षण केंद्र स्थापित सुविधा केंद्र पर पोस्टल बैलेट के द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनरों द्वारा डिस्पैच सेंटर से मतदान के दिन मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य निष्पादन एवं दायित्वों से मतदान अधिकारियों (प्रथम) को अवगत कराया गया। चुनाव कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों की चर्चा करते हुए उन प्रपत्रों के संधारित करने के संबंध मे बताया गया।

मतदान अधिकारियों को मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों का पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। उन्हें ईवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यवहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 59- तोरपा एवं 60-खूंटी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त क्रमशः 280 एवं 328 महिला-पुरुष प्रथम मतदान अधिकारी शामिल थे।

प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, श्री लोकेश मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थियों को उनके कर्तव्य एवं जिम्मेवारी से अवगत कराते हुए कहा कि पूरे मन से प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि कार्य निष्पादन में किसी तरह की भूल ना हो।

उन्होंने कहा कि किसी एक मतदानकर्मी की गलती से पूरी मतदान की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। प्रशिक्षण के दौरान के चुनाव कार्य निष्पादन से संबंधित प्रश्नोत्तर के माध्यम से मतदान अधिकारी प्रथम की कार्य कुशलता की जांच की गई।

जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरुपा चौधरी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार द्वारा प्रशिक्षण केंद्रों पर स्थापित सुविधा केन्द्र का निरीक्षण कर मास्टर ट्रेनरों को दिशा-निर्देश दिया गया कि इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि पोस्टल वोटिंग की वजह से किसी भी स्थिति में प्रशिक्षण कार्य प्रभावित ना हो।

मतदान अधिकारी प्रथम को मास्टर ट्रेनर श्री आश्रित इंदवार, आनन्द कुमार महतो,अरविंद सुमन,बजरंग साहू,आनन्द प्रकाश भेंगरा,श्री सच्चिदानंद,खूंटी श्री सथकेतु नाथ मनीषी,अशोक कुमार नवीन सहित 30 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया।

### अर्जुन मुंडा ने जनजातीय क्षेत्रों में किया चुनावी दौरा

# देश में 60 वर्षों के शासन में कांग्रेस सरकार आदिवासियों को समझा वोट बैंक : अर्जुन मुंडा

बिभा संवाददाता



**खूँटी**। केंद्रीय मंत्री व खूँटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने शनिवार को मुरहू व खूंटी प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। जिसमें मुरहू के हेठगोवा, बुरजू व खूँटी थाना क्षेत्र के मारंगहादा, चुकरु, हुटार आदि गाँवों के ग्रामीणों से मुलाकात कर देश को सशक्त भारत बनाने में मतदान करने की अपील की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की चिंता हमारी ही सरकार ने की है, इससे पहले 60 साल तक राज करने वाले कांग्रेस ने आदिवासी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा था।

श्री मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज को प्रथम पंक्ति में लाने के लिए खूंटी लोकसभा में 20 एकलव्य खोलने का काम प्रारंभ हो चुका है। जल्द ही यहां पर शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होगा, जहां 12वीं तक बच्चों को शिक्षा भी दी जाएगी और उनके रहने-खाने का इंतजाम भी हमारी सरकार करेगी।

श्री मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि खूंटीवासियों के लिए हमारे प्रधानमंत्री के दिल में एक खास जगह है और अपने भाषणों में वे भगवान बिरसा मुंडा को जिक्र हमेशा करते हैं। उन्हीं के नेतृत्व में चल रही सरकार में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्ल के रूप में घोषित किया। यह खूंटीवासियों के लिए गर्व कि बात है। कांग्रेस ने हमेशा से आदिवासी समाज के योगदान को भुलाने का काम किया लेकिन भाजपा आज उनके योगदान को सबके समक्ष ला रही है।

कल चाईबासा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया । इस दौरान उन्होंने मुझे एक कार्य सौंपा है, उन्होंने कहा था कि खूंटी की जनता को मेरा जोहार बोलना, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से आप सभी को जोहार और प्रणाम करता हूँ।साथ ही आप सभी से अपील करता हूँ कि हम सभी को मिलकर फिर से एक बार मोदी सरकार बनाना है। मौके पर, रामबिहारी लाल, छोटराय मुण्डा, भीमसिंह मुण्डा, महेश चौधरी, मदनमोहन मिश्रा, गौरी देवी, उर्मिला देवी, बासमती देवी, नौरी पूर्ति, रुक्मिला सारु आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव ने प्रत्याशी आवास में कार्यकताओं को दी नसीहत

# चुनावी कार्य में सभी कार्यकर्ता ईमानदारी से करें कार्य : मीर



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर का आगमन खूंटी लोकसभा के इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी काली चरण मुण्डा के आवासीय कार्यालय में हुआ। जिसमें मीर ने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव में लगने एवं हर संभव वोटरों को वोटिंग के लिए जागरूक करने की नसीहत दी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। जिसमें मीर ने कहा कि सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारी से इमानदारी पूर्वक अपने कार्य का निर्वाह करें। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## जनजागरण के नाम मोटरसाइकिल जत्था ने किया भ्रमण

**खूँटी** । नगर पंचायत क्षेत्र में शनिवार की शाम प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी की अगुवाई में मतदाता जनजागरण के लिए मोटरसाइकिल रैली निकाला गया। यह रैली मोटरसाइकिल से प्रखण्ड मुख्यालय से शुरू होकर मुख्य पथ, नेताजी चौक, कर्रा रोड, मिश्राटोली, बड़ाईक टोली सहित कई मुहल्लों में मतदान कराने का आवाहन करते हुए आवाज लगाया गया। वहीं 50 से अधिक मोटरसाइकिल सवार लोगों का मोटरसाइकिल में पताका बांधे जत्था भ्रमण किया।

## जनजातीय समुदाय का विकास के लिए भाजपा सरकार ने मंत्रालय बनाया : कड़िया मुण्डा



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । लोकसभा निर्वाचन में भाजपा के पक्ष में मतदान कराने के लिए पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने मूर्ख प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों का दौरा किया। इस दौरान भरी गर्मी में 86 वर्षीय कड़िया मुण्डा ने देश को सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए जनता से अपील करने विभिन्न गाँवों के ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान मुरहू प्रखण्ड के गोवा, पसराबेड़ा व नामसिल्ली गाँव पहुँचे। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार जनजातीय समुदाय को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा सरकार ने ही मंत्रालय बनाया ताकि जनजातीय समाज का विकास हो सके। वहीं 60 वर्षों तक शासन करनेवाले कांग्रेस सरकार ने जनजातीय समुदाय के लिए कोई चिंता नहीं की। और न ही समाज का उत्थान किया। लेकिन भाजपा सरकार के देश में शासन की बागडोर सम्भाला तो जनजातीय समुदाय की चिंता की। वहीं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जनजातीय लड़के लड़कियों की पढ़ाई पर जोर दिया। वहीं गरीबी स्थिति के कारण कोई पढ़-लिख नहीं पाते थे। वहीं आज पढ़-लिख कर अपने पैरों में खड़े हो रहे हैं। पहले गिने-चुने लोग ही पढ़ाई कर पाते थे। नहीं तो अधिकतर लोग निरक्षर ही रह जाते थे। मौके पर, इस दौरान पद्म भूषण कड़िया मुंडा के साथ सरना समाज के अध्यक्ष भीम सिंह मुंडा, महेश चौधरी , मदनमोहन मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए वृहद स्तर पर किया गया बैठक

**खूँटी** । लोकसभा चुनाव -2024 को लेकर वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के वृहद एवं बूथवार आयोजन से संबंधित बैठक की गई। बैठक में विशेष रूप से सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया कि जिले के ऐसे बूथ जहां पिछले चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है वैसे बूथों पर मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इसमें विशेषकर बूथ जागरूकता समूह के द्वारा बूथ पर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। वहीं जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी ने बताया कि स्वीप कोषांग के तहत जिला में मतदाता जागरूकता एवं मतदाता वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। साथ ही बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी निर्वाचकों को मतदान करने हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम संचालित किया जाना है।

## विकास के नाम भाजपा को करें मतदान : उर्मिला

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ की जानकारी देने और लाभान्वित होने की जानकारी लेने के लिए भाजपा के महिला कार्यकताओं ने विभिन्न गाँवों का दौरा की। मौके पर , सिनियर सिटीजन अवकाश प्राप्त शिक्षिकाओं व बुद्धिजीवी वर्ग की महिलाएँ शनिवार को ईदरी, बगडू , बिरहू, पैलोल सहित विभिन्न गाँवों का दौरा कर ग्रामीणों व महिलाओं से मुलाकात की और केंद्र सरकार की योजनाओं की चर्चा की। मौके पर बताया कि देश में जितना काम विगत 60 वर्षों में नहीं हुआ इन दस वर्षों में भाजपा सरकार ने कर दिखाया है। देश को आतंकवाद और विदेशी भय से मुक्त कराने का काम किया। वहीं देश और देशवासियों को मजबूत करने का पहल किया है। मौके पर उर्मिला देवी ने बताया कि देश और देशवासियों को सशक्त बनाने के लिए निश्वार्थ भाव से जाति धर्म का भेदभाव मिटाकर मतदान करके समर्थन करें। ताकि प्रधानमंत्री जी का सोंच डेढ़ सौ करोड़ देशवासियों के लिए ही कार्य करने का कर्तव्य पूरा करेंगे। मौके पर गौरा देवी ने कहा कि नारी सम्मान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक योजना लाए। वहीं महिलाओं का आरक्षण दिया। वहीं ग्रामीणों ने भी मतदान करके समर्थन करने का वचन दिए। मौके पर, अवकाश प्राप्त शिक्षिका वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गौरा देवी, नौरी पूर्ति, उर्मिला देवी, बासमती देवी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता को लेकर तोरपा प्रखंड में मतदाता महोत्सव का वृहद कार्यक्रम आयोजित

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । जिले के तोरपा प्रखंड परिसर में शनिवार को ?मतदाता महोत्सव? का आयोजन किया गया। जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मांदर बजाकर मतदाताओं में ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य वहां के मतदाताओं को जागरूक करना तथा उन्हें निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही युवा मतदाताओं के माध्यम से उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का प्रयास करना है। इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, म्यूजिकल चेयर, पेंटिग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई।

विद्यालय के शिक्षक व कलाकार लक्ष्मी कांत नारायण बढ़ाईक ने गीत की प्रस्तुति कर मतदाताओं से अपील की। साथ ही सांस्कृतिक दल द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के दौरान मतदान तिथि 13 मई की जानकारी दी गई। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, तोरपा ने सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया । इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने क्रिकेट मैच में हिस्सा लेकर मतदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

## कांग्रेस अल्पसंख्यकों को समझता है वोट बैंक : एनोस एक्का

बिभा संवाददाता

**खूँटी** । लोकसभा निर्वाचन में झारखण्ड पार्टी ने मिशनरी के भरोसे लड़ रही है और जल जंगल जमीन का मुद्दा उठाते हुए लोगों से झारखंड पार्टी को मतदान करने का आवाहन कर रही है। गैर भाजपा हमेशा मिसनरी उम्मीदवार ही चुनाव जीत हासिल करते आया है। वहीं इस बार कांग्रेस गैर इसाई को ही उम्मीदवार बनाने से झारखंड पार्टी इसाई मिशनरी के साथ झारखण्ड पार्टी भी नाराज है। वहीं ऑल चर्चेज के पूर्व सचिव अर्पणा हंस को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद रुझान बढ़ गया है। वहीं झारखण्ड पार्टी खूँटी व तोरपा में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भी किया और कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुण्डा पर झारखंड पार्टी के अध्यक्ष एनोस एक्का जमकर निशाना साधा है। झारखण्ड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि कांग्रेस का उम्मीदवार बिक्री होनेवाला? उम्मीदवार है। पिछली बार यही हुआ। कालीचरण मुण्डा का भाई नीलकंठ मुण्डा भाजपा का विधायक है और कांग्रेस का उम्मीदवार कालीचरण मुण्डा लाखों करोड़ों रुपए लेकर चुप हो गया। कांग्रेस को वोट देना मतलब भाजपा को जिताना। इसलिए आपका मतदान झारखण्ड पार्टी के लिए हो जल जंगल जमीन की अधिकार के लिए हो।

## लोयोला उच्च विद्यालय के पूर्व प्राध्यापक आईजक खलखो का निधन

**खूँटी** । लोयोला उच्च विद्यालय के प्राचार्य रहे अस्वस्थ फादर आईजक खलखो का शुक्रवार को राँची के मांडर स्थित लिवेंस अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन पर पूरा लोयोला महाविद्यालय प्लस टू उर्सलाइन कॉन्वेंट स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थी व मसीही परिवार मर्माहत हैं। विगत 1 वर्ष से फादर आइजक खलखो कैंसर से पीड़ित थे। शिक्षा के क्षेत्र में सेवा देने वाले सभ्य, सुशील, मृदुभाषी, आईजक खलखो बच्चों से ही नहीं सभी से मुस्कुराते हुए प्रेम से व्यवहार करते थे। जिन्होंने सभी को हमेशा समान नजर से देखा। और सभी का आदर करते थे। जिनके निधन के पश्चात् उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया और उनके पार्थिव शरीर का शनिवार को रांची के संत जेवियर कॉलेज परिसर में स्थित ऑडिटोरियम में प्रार्थना कर अंतिम संस्कार किया गया।

# योग...100 दिन, 100 शहर और 100 संगठन

मुकुंद

पिछले साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क से संदेश जारी कर देश को संबोधित किया था। उन्होंने कहा था कि भारत की अपील पर 180 देशों का योग को लेकर साथ आना, ऐतिहासिक है। योग ने हमें एकजुट किया। योग एक स्वस्थ और शक्तिशाली समाज का निर्माण करता है जहां सामूहिक ऊर्जा बहुत अधिक होती है। योग एक विचार था, जिसे आज दुनियाभर ने अपनाया है। आज योग ग्लोबिल स्पिरट बन गया है। योग ने हमेशा से जोड़ने का काम किया है। हमारे आदर्श हों, भारत का दर्शन हो या दृष्टि हो हमने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परंपरा को पोषित किया है। हमने नए विचारों का स्वागत किया है।

देश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। दो मई को भव्य उत्सव ह्ययोग महोत्सवह्व के दौरान सूरत योग के आनंद से ओत-प्रोत रहा। सूरत के अठवालाइंस के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस भव्य आयोजन में सात हजार से अधिक लोग सुबह 7.00 बजे से सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अभ्यास में शामिल हुए। इनके उत्साह और सक्रिय जुड़ाव ने व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय ने इस महोत्सव की व्यापक चर्चा की है।



इस आयोजन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल, नई दिल्ली के अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र और बेंगलुरु स्थित अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र (योग विज्ञान) के निदेशक प्रो.अविनाश चंद्र पाण्डेय और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक वैद्य डॉ. काशीनाथ समागंडी शामिल हुए। इन विभूतियों की उपस्थिति ने इस अवसर को काफी महत्वपूर्ण बनाया। यह योग को बढ़ावा देने, व्यक्तियों व समुदायों के लिए समान रूप से कल्याण के लिए साझा समर्पण को प्रदर्शित करता है। इस सहभागिता ने योग के अभ्यास के माध्यम से समग्र कल्याण को बढ़ावा देने की सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

वैद्य राजेश कोटेचा ने संबोधन में इस बात को रेखांकित किया कि सूरत ने देश के विकास में अपना अद्भुत योगदान दिया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि सूरत को देश के सबसे स्वच्छ शहर का सम्मान मिला है। कोटेचा ने सूरत के शांत वातावरण के बीच 'योग महोत्सव' के लिए लोगों की उपस्थिति को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रतिभागियों की अनुशासित उपस्थिति के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि योग ने विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचा है और आईडीवाई-2023 के तहत पूरे विश्व में 23.5 करोड़ से अधिक लोगों ने योग किया। इस वर्ष यह भागीदारी निश्चित रूप से काफी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आईडीवाई-2024 की 25वीं उलटी गिनती के अवसर पर बोधगया में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साल 2015 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की गई थी, जब संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। यह दिवस शारीरिक व मानसिक कल्याण, दोनों के लिए योग का अभ्यास करने के कई लाभों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और विभिन्न संस्कृतियों व समाजों में इसकी सार्वभौमिक अपील को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। साल 2015 में शुरूआत के बाद से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पूरे विश्व में विभिन्न कार्यक्रमों, संगष्ठियों, कार्यशालाओं और प्रदर्शनों के साथ मनाया जाता रहा है, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों और समुदायों पर योग के गहरे प्रभाव को रेखांकित करना है।

उन्होंने कहा कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने हजारों कुशल योग गुरु तैयार करके देश में योग के परिदृश्य को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) के निदेशक डॉ. काशीनाथ समागंडी ने योग के सार्वभौमिक अभ्यास को बढ़ावा देने में इसके महत्व का उल्लेख किया। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस- 2024 (आईडीवाई-2024) की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में आयोजित योग महोत्सव की भूमिका को रेखांकित किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का यह 10वां संस्करण स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने वाले इस वैश्विक आंदोलन की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दिखाता है।

इस कार्यक्रम के तहत सामान्य योग प्रोटोकॉल का सीधा प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में 5,000 से अधिक योग उत्सुक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से सामान्य योग प्रोटोकॉल में उल्लिखित निर्धारित योग अभ्यासों में शामिल हुए। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय, गुजरात योग बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और कई अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और विशेषज्ञों की उपस्थिति से समृद्ध हुआ। इसके अलावा योग गुरुओं के संदेशों ने कार्यक्रम को उत्कृष्टता प्रदान की। इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के साथ मिलकर आयुष मंत्रालय ह्य100 दिन, 100 शहर और 100 संगठनह्व अभियान के तहत सामूहिक योग प्रदर्शनों और सत्रों की श्रृंखला की शुरूआत की है।

पिछले साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क से संदेश जारी कर देश को संबोधित किया था। उन्होंने कहा था कि भारत की अपील पर 180 देशों का योग को लेकर साथ आना, ऐतिहासिक है। योग ने हमें एकजुट किया। योग एक स्वस्थ और शक्तिशाली समाज का निर्माण करता है जहां सामूहिक ऊर्जा बहुत अधिक होती है। योग एक विचार था, जिसे आज दुनियाभर ने अपनाया है। आज योग ग्लोबिल स्पिरट बन गया है। योग ने हमेशा से जोड़ने का काम किया है। हमारे आदर्श हों, भारत का दर्शन हो या दृष्टि हो हमने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परंपरा को पोषित किया है। हमने नए विचारों का स्वागत किया है। उन्हें संरक्षण दिया है। हमने विविधताओं को समृद्ध किया है। उन्हें सेलिब्रेट किया है। ऐसी हर संभावना को योग प्रबल से प्रबलतम करता है। योग हमारी अंतदृष्टि को विस्तार देता है। योग हमें उस चेतना से जोड़ता है, जो हमें एकता का अहसास कराता है। हमें योग के जरिए हमारे अंतर्विरोधों को खत्म करना है। हमें योग के जरिए विरोधों और प्रतिरोधों को खत्म करना है। हमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को विश्व के सामने उदाहरण के रूप में पेश करना है।

## संपादकीय

### पाकिस्तान के बहाने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कांग्रेस पर हमले के अभियान में पाकिस्तान एक नया कनेक्शन है। हालांकि शुरू आती चुनाव से ही पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध खतरे के रूप में चिह्नित किया जाता रहा है। ताजा आरोप है कि पाकिस्तान 'शहजादे' यानी राहुल गांधी की ताजपोशी के लिए बहुत उछल रहा है। यह 'चुनाव को प्रभावित करने' का एकरेखीय आरोप नहीं है, जैसा कि चीन-रूस के बारे में अमेरिका का होता है। प्रधानमंत्री मोदी पाकिस्तान की राहुल में दिलचस्पी के दुष्परिणामों को आंतरिक और बाह्य, दोनों स्तरों पर दिखाते हैं। इससे देश में इस्लामिक



जेहाद-आतंकवाद जोर पकड़ेगा, राष्ट्रीय एकता-अखंडता खंडित होगी, सुरक्षा-व्यवस्था कमजोर पड़ेगी और नागरिकों को भुगतना पड़ेगा। यह कांग्रेसी राज का दुर्भाग्यपूर्ण फिनोमिना रहा है। इससे भारत की चहुंदिस जारी वैश्विक प्रगति भी थम जाएगी। रिकॉड्र्स पर टिके मोदी के इस आकलन से शायद ही असहमति होगी। पाकिस्तान से दो-दो लड़ाइयां जीतने के बावजूद कांग्रेसी हुकूमत के बनिस्बत मोदी की सुरक्षा व्यवस्था निस्संदेह पुख्ता है-कश्मीर में आतंकवाद की छिटपुट वारदात के बावजूद। 'घर में घुस कर मारने' की बात अब चेतावनी नहीं होती। इसलिए दुश्मन में दहशत पैदा करती हैं। पर क्या पाकिस्तान वास्तव में इस हालत में रह गया है कि वह आज के भारत को नुकसान पहुंचा सके? आतंक के मोर्चे पर यह आज भी सही है। इसलिए ही, पाकिस्तान आम भारतीयों में अलगाववाद और खून-खराबे के जेहाद का नाम है। इसका केवल चुनाव के समय ही नहीं, बाकी दिनों में भी किया गया उल्लेख अधिकतर भारतीयों के विचारों को ध्रुवीकृत कर देता है। ऐसे में इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी की वोट जेहाद की अपील, जो एक सांप्रदायिक विचारों की लामबंदी से है, बहुसंख्यक मतों का ध्रुवीकरण कर सकती है। मोदी इन मुद्दों का फायदा उठाना चाहते हैं। आरक्षण और संविधान, जो चुनाव में अंडरकरंट मुद्दे हैं, उनमें भी मत-विभाजन का लाभ चाहते हैं। इस मामले में बैकफुट पर चल रहे मोदी को कांग्रेस पर हमले के नये तर्क मिल गए हैं। वे उसके अल्पसंख्यक-प्रेम को ओबीसी कोटे की हकमारी बताते हैं। अब ऐसा नहीं होगा, इसकी वे कांग्रेस से लिखित गारंटी चाहते हैं। यह भय का वैसा ही तर्क है, जैसा कांग्रेस जनमानस में बिठा रही है कि 'मोदी आए तो लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण कुछ भी नहीं बचेगा।'

### सूक्ति

धन बर्बाद करके आप निर्धन होते है लेकिन समय बर्बाद करके आप अपना जीवन नष्ट करते है।
- अज्ञात

जब आप दो बुराइयों में से छोटी बुराई को चुनते है, तो याद रखें कि वह अभी एक बुराई ही है।
- मैक्स लर्नर

### चिंतन-मनन

### अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक ?सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है।

कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है।

प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।

# भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग



प्रहलाद सबनानी

भारत में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं।

हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निमार्ता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है।

उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे।

भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892,313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है।


भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की सम्भावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के सोचना है कि इस वर्ष अल नीनो के स्थान पर ला नीना का प्रभाव दिखाई देगा। अल नीनों के प्रभाव में देश में बारिश कम होती है एवं ला नीना के प्रभाव में देश में बारिश अधिक होती है। साथ ही, भारतीय किसान अब तिलहन, दलहन एवं बागवानी की फसलों की ओर भी आकर्षित होने लगे हैं। दालों, वनस्पति, फलों एवं सब्जियों के अधिक उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि दृष्टिगोचर है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य उत्पादों की बिक्री के लिए ई-पोर्टल के बनाए जाने के बाद से तो भारतीय किसान अपनी फसलों को वैश्विक स्तर पर सीधे ही बेच रहे हैं और अपने मुनाफे में वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। भारतीय खाद्य पदार्थों की मांग अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी है एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी नित नए रिकार्ड बनाए जा रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यतः अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चों में बढ़ौतरी के चलते ही सम्भव होती है। केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की गई विकास की विभिन्न योजनाओं पर व्यय में लगातार वर्ष दर वर्ष वृद्धि की जा रही है एवं इसके लिए केंद्रीय बजट में भी बढ़े हुए व्यय का प्रावधान प्रति वर्ष किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं इन इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है।

नीलसन द्वारा किए गए एक सर्वे के यह बताया गया है कि जनवरी एवं फरवरी 2024 माह में भारत में विभिन्न उत्पादों की शहरी क्षेत्रों में मांग 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मांग 2.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। विशेष रूप से फरवरी 2024 के बाद से ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में वृद्धि लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। रबी की फसल के भी अच्छे रहने की सम्भावना बलवती हुई है जिसके कारण किसानों की मनोदशा भी सकारात्मक बन रही है और यह वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश की आर्थिक वृद्धि दर को बलवती करने के मुख्य भूमिका निभाने जा रही है। आज देश की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है यदि ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों की मनोवृत्ति सकारात्मक हो रही है तो निश्चित ही वित्तीय वर्ष 2024-25, आर्थिक विकास की दृष्टि से अतुलनीय परिणाम देने वाला वर्ष साबित होने जा रहा है। (सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

# विश्व हंसी दिवस : हंसी ही दुनिया को एकजुट करने में सक्षम

विश्व हास्य दिवस एक उपहार है एवं बिना खर्च के खुशियाँ मनाने एवं हंसकर तनाव दूर करने का विलक्षण एवं अद्भुत दिन है। यह हमें एकजुट करता है, जीवन को बेहतर बनाता है। मई महीने के पहले रविवार को मनाये जाने वाला यह दिन हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दुःखी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं। जबकि खुद पर हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है।



विश्व हास्य दिवस मुस्कुराने का बहाना ही नहीं, एक प्रेरणा एवं जिजीविषा है। इस दिन को अमल में लाने का क्रेडिट हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया को जाता है। जिन्होंने ही मुंबई में पहली बार 11 जनवरी 1998 को विश्व हास्य दिवस को मनाया था। जिसका खास उद्देश्य समाज में बढ़ते तनाव, अशांति, चिन्ता एवं परेशानियों को कम करके उन्हें सुखी जीवन जीने की सीख देना था। क्योंकि हँसना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। हंसी हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। हंसी दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा हंसना कम हो रहा है। इसी पर लेखक मिशेल प्रिटचार्ड कहती हैं, 'हम इसलिए कम नहीं हंसते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने हंसना बंद कर दिया है।'

आज का इंसान अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। हँसने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर हँसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये हास्य को उपयोगी बताते हैं। जो लोग हमें हंसाते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की हंसी बन जाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, 'हंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है।' हंसना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है। इसीलिये मार्टिन लूथर ने कहा है कि यदि मुझे स्वर्ग में हंसने की आज्ञा न हो तो मैं स्वर्ग नहीं जाऊंगा।

उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, हंसी की धूप खिल नहीं पाती। लेखिका एमिली मिचेल कहती हैं, 'हंसी के बिना बीता दिन, अंधेरे में रहने जैसा है, आप अपना रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश तो करते हैं, पर उसे साफ-साफ नहीं देख पाते।' हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव एवं ऊर्जा है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को प्रभावी, समृद्धिशाली एवं तेजस्वी बनाता है। हास्य एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊजार्वान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उसकी हंसी से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है। दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। हंसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है। हंसी एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, ह्यहंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को हंसाना व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन-धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को हंसाते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली के संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण के प्रतीक भी माने जाते हैं। जापान जैसे देशों में लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते रहने की शिक्षा देते हैं, ताकि उनकी भावी पीढ़ी सक्षम एवं तेजस्वी हो।

*- ललित गर्ग*

# शेरों के बीच एक दिन



गोवर्धन यादव

बचपन में बिताए गए हर पल मुझे अब भी याद हैं. सोने से पहले मैं माँ से कोई कहानी सुनाने को कहता और वे बड़े चाव से कहानी सुनाने लगती थीं. उसमें कभी राजा-रानी होते, तो कभी जंगल के कोई पशु-पक्षी. शेरों को लेकर न जाने कितनी ही कहानियां उन्होंने सुनायी थीं. छुट्टियों में जब कभी अपने ननिहाल(नागपुर) जाना होता, नानी भी एक से बढकर एक कहानियां सुनाया करती थीं. उनकी भी कहानियों में वही शेर-भालू-चीते होते, राजा-रानी होते तो कभी कोई जादूगर आदि-आदि. नानी ने ही बतलाया था कि यहाँ महाराजबाग में शेर तथा अन्य जानवरों के बाड़े हैं. एक दिन मैंने जिद पकड़ी कि मुझे शेर देखना है. दिन ढलते ही उन्होंने मुझे महाराजबाग दिखाने अपने साथ ले लिया. यह बाग एक विशाल परिसर में फैला हुआ है. यहां लोहे के जंगलों में शेर-भालू-चीते, बारहसिंघे-हिरण, सांभर और भी न जाने कितने ही पशु-पक्षी बंद हैं, जिन्हें अपनी आँखों से देखना अपने आप में एक कौतूहल का विषय था.

एक बार किसी गर्मी की छुट्टी में मैं अपने ननिहाल में था. उस समय एक सर्कस आया हुआ था जिसका नाम शायद ह्लकमला सर्कसह्व था, मुझे देखने को मिला. लोग कहा करते थे कि वह सर्कस एशिया का सबसे बड़ा सर्कस था. लोहे के बड़े-बड़े पिंजरों में शेरों को रिंग मे उतारा जाता था और रिंगमास्टर अपने कोड़े और एक लकड़ी की छडी के बल पर उनसे कभी बड़े से स्टूल पर बैठने का इशारा करता तो कभी कुछ और. तरह-तरह के करतब शेरों के मुझे देखने को मिले. उसके बाद तो अनेकों सर्कसें मैं देख चुका था. बाद में पता चला कि किसी विदेश यात्रा के दौरान कमला सर्कस समुद्र के गर्भ में समा गया. उसके बाद न जाने कितनी ही सर्कस मैं देख चुका था. शेर-चीते, हाथी, घोड़े, दरियाई घोड़े आदि सब सर्कस की जान होते. बगैर इनके बगैर सर्कस की कल्पना तक नहीं की जा सकती. नागपुर में ही एक अजायबघर है, जिसमें मरे हुए जंगली जानवरों की खालों में भूसा-बुरादा वगैरह भर कर, बडी ही शालीन तरीके से उन्हें कांच के कमरों में रखा गया है, जिसे देखकर आप वन्य जीवों के बारे में जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं. चूंकि मुझे शुरू से घूमने का शौक है, और इस शौक के चलते, मैंने पूर्व से पश्चिम, तथा उत्तर से दक्षिण तक की यात्राएं की है. यात्राएं कभी निजी तौर पर, तो कभी साहित्यिक आयोजनों के चलते हुईं थी. इसी बीच अभ्यारण्य भी देखे, लेकिन उनमें सभी जानवर बतौर एक कैदी के हैसियत से देखने को मिले. मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि कभी जिन्दा शेरों के बीच पूरा दिन बिताने को मिलेगा.

मेरे साहित्यिक मित्र श्री जयप्रकाशह्लमानसह्व ने मुझसे फोन पर आग्रहपूर्वक कहा कि मैं जल्दी ही अपना पासपोर्ट बनवा लूं. उन्होंने बात आगे बढाते हुए कहा कि हिन्दी के प्रचार एवं प्रसार को ध्यान में रखते हुए उन्होंने माह फरवरी 2011में थाईलैंड में तृतीय अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन आयोजित करने का मन बनाया है और उसमें मुझे चलना है. मैं उनकी बात टाल न सका और दो माह में पासपोर्ट बन गया. मैं चाहता था कि अपना एक स्थानीय मित्र भी साथ हो ले तो ज्यादा मजा आएगा. मैंने अपने साहित्यिक मित्र श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव को अपना मन्तव्य कह सुनाया और वे उसके लिए तैयार हो गए. इस तरह एक विदेश यात्रा का संयोग बना. 1 फरवरी 2011 को 3 बजे, नेताजी सुभाष एअरपोर्ट कोलकता से किंगिफश्रर के हवाईजहाज आईटी-२१ से हमने थाईलैण्ड के लिए उड़ान भरी. यह मेरी पहली विदेश यात्रा थी. हवाईजहाजों को अब तक सिर्फ आसमान में उड़ते देखा था. अब उसमें बैठकर सफर कर रहा था. मेरी सीट खिड़की के पास थी. कांच में से बाहर का दृष्य देखकर मुझे एक अलग ही किस्म का रोमांच हो आया था.

डेढ़ घंटे की उड़ान के बाद हम थाईलैंड के ह्लस्वर्णभूमिह्व एअरपोर्ट पर थे. सनद रहे कि इस एअरपोर्ट का नाम भारतीय संस्क?ति के आधार पर ह्ल स्वर्णभूमिह्व रखा गया है. हम वहां से सीधे ह्लपटायाह्व के लिए रवाना हुए जहाँ ठहरने के लिए ह्लमिरक्कल स्वीट्सह्व पहले से ही बुक करवा लिया गया था. 2 फरवरी को को कोरल आईलैंड, टिफ़्फनी शो ,3 फरवरी को फ़्लोटिंग मार्केट, जेम्स गैलेरी, सी-बीच का भ्रमण किया और अगले दिन यानि तारीख 4 को बैंकाक के लिए रवाना हुए,जहाँ होटल फुरामा सीलोम में ठहरने की व्यवस्था थी. बैंकाक के प्रसिद्ध विष्णु मंदिर में,वहाँ के भारतीय मित्रों के आग्रह पर साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ, जबकि यह कार्यक्रम उसी होटल के भव्य कक्ष में आयोजित होना तय किया गया था. इस कार्यक्रम में अनेक भरतवंशियों ने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई. मंदिर समिति ने सभी का भावभीना स्वागत-सत्कार किया और सुस्वादु भोजन भी करवाया.



पाँचवा दिन यानि 5 फरवरी का वह दिन भी आया, जब हम कंचनापुरी होते हुए टाइगर टेम्पल जा पहुँचे, जहाँ जिन्दा शेरों के साथ घूमने का रोमांचकारी आनन्द उठाना था

जैसे-जैसे मेरे कदम आगे बढ़ रहे थे, मस्तिष्क में एक नहीं बल्कि अनेक काल्पनिक चित्र बनते जा रहे थे. मैं सोच रहा था कि अब तक तो मैंने शेरों को काफी दूरी से देखा था, आज उन्हें खुले हुए रुप में और वह भी अपने से काफी नजदीक से देखूंगा तो कैसा लगेगा. कहीं अगर वह आक्रामक हो जाएगा तो क्या स्थिति बनेगी? कदम अपनी गति से आगे बढ़ रहे थे और दिमाग अपनी गति से. आखिर वह क्षण आ ही गया, जब हम प्रवेश-द्वार पर खडे थे. वहाँ से सभी को एक-एक पर्ची थमा दी गई कि उसे भरकर जमा करना है. नाम-पता आदि भर देने के बाद उसमें एक लाइन थी, जिसने शरीर में एक अज्ञात भय भर दिया. उसमें लिखा था कि हम अपनी जवाबदारी पर अन्दर जा रहे हैं, यदि किसी जानवर के साथ कोई अप्रिय घटना घट जाए तो हम स्वयं जवाबदार होंगे. खैर मैंने यह सोचकर पर्ची भर दी कि आगे जो भी होगा देखा जाएगा.

गेट पर एक चुलबुली सी आकर्षक मैना, जो इधर-उधर उछल-कूद करती फिर अपनी जगह आकर बैठ जाया करती थी, सभी का ध्यान आकर्षित किए हुए थी.

अन्दर एक सीमेन्ट की नकली गुफा सरीखी बनी हुई थीं, जिसमें सभी को रुकने को कहा गया. वहाँ दर्जनों विदेशी सैलानी भी अपनी बारी का इन्तजार करते पाए गए. बाहर का दृष्य एक दम साफ था. एक बड़े भूभाग में दर्जनों शेर आराम फरमा रहे थे. उन पर सूर्य की किरणें न पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए, बड़े-बड़े छाते उन पर तने हुए थे. कुछ समय पश्चात वहाँ के एक कर्मचारी ने हमें बाहर लाइन लगाकर खड़े होने को कहा. अब आगे क्या होता है, प्रायः यह सवाल सभी के माथे को मथ रहा था.

तभी दो-तीन बौद्ध-साधु, जिनके हाथ में चोटी- छोटी लाठियां थी, ने आगे बढकर शेरों को उठाया और आगे बढने लगे. मामूली से बेल्ट अथवा लोहे की चेन में बंधे वनराज उनके पीछे हो लिए थे. तभी एक कर्मचारी ने सभी को पंक्तिबद्ध होकर उस साधु के पीछे-पीछे चलने को कहा और यह भी बतलाया कि आप निश्चिंतता के साथ शेर की पीठ पर हाथ रखकर चल सकते हैं. यदि कोई उस दृष्य को कैमरे में कैद करना चाहता है तो साथ चल रहे कर्मचारियों के पास अपने कैमरे दे दें, वह आपकी फोटो खींचता चलेगा. उसने यह भी बतलाया कि शेर की पीठ के आधे हिस्से तक ही आप उसे छू सकते हैं. लोगों ने अपने-अपने कैमरे कर्मचारियों के हवाले कर दिए थे. वे शेर के साथ फोटो खिंचवाते और फिर लाइन से हट जाते. फिर दूसरा सैलानी आगे बढता, शेर के साथ फोटो खिंचवा कर लाइन से हट जाता. इस तरह हर व्यक्ति जंगल के राजा को छूते हुए उसके साथ अपने को जोडते हुए गर्व महसूस कर रहा था.

अब मेरी बारी थी. मन के एक कोने में भय तो समाया हुआ ही था. मैं उस जंगल के बादशाह को छूने जा रहा था, जिसका नाम लेते ही तन में कंपकंपी होने लगती है, अगर सामने पड़ जाए तो मुँह से चीख निकल जाती है और जिसकी दहाड़ सुनते ही अच्छे-अच्छे सूरमाओं की घिग्गी बंध जाती है, फिर उसे छूना तो दूर की बात है.

शेर के पुठ्ठे पर हथेली रखते ही मेरी हथेली एक बार कांपी जरुर थी, लेकिन तत्क्षण ही मैं नार्मल भी हो गया था और अब मैं भयरहित होकर जंगल के राजाजी के साथ फोटू खिंचवा रहा था.

करीब आधा-पौन किलोमीटर का यह सफर शेरों के साथ गुजरा. उसके बाद जहाँ दो ओर से लाल-सिन्दूरी रंग में रंगी पहाडियाँ अर्धचन्द्राकार आकार बनाती है, वहां बड़े-बडे छाते तने हुए थे, के नीचे शेरों को आराम की मुद्रा में बैठा दिया गया. पास ही एक टिनशैड था जिसमे पर्यटकों के बैठने की समुचित व्यवस्था थी. अब बौद्ध मांक ठंड़े पानी की बोतलों से शेरों के ऊपर बौझार कर रहे थे. मतलब तो आप समझ ही गए होंगे कि वे ऐसा क्यों कर रहे थे ?.आप जानते ही हैं कि शेर ठंड़े स्थान में रहना पसंद करते हैं. उन्हें तेज धूप नहीं सुहाती. फिर वह एक लंबा चक्कर धूप में चलते हुए आया जाहिर है कि उसकी त्वचा गर्मा गयी होगी..

दर्शकदीर्घा में बैठे हुए हम, एक नहीं-दो नहीं, बल्कि दर्जनों शेरों को एक साथ बैठा हुआ देख रहे थे. कुछ के गलों में लोहे की चेन बंधीं थी, जाहिर है कि वे कभी भी आक्रमक हो सकते थे. कुछ के गलों में कपड़े का बेल्ट बंधा हुआ था, शायद इसलिए कि वे कम गुस्सैल होगें. कुछ तो बिना चेन के भी थे, मतलब साफ था कि या तो वे बूढ़े हो चुके होंगे या फिर एकदम शांत स्वभाव के होगें. बौद्ध साधुओं का इशारा पाते ही उनके सहायक आगे बढे. सभी की नीले रंग की पोशाकें थी. एक ने आकर कहा कि आप सभी, जिनके पास अपने कैमरे हैं, लाइन बना कर खड़े हो जाएं. इशारा पाते ही लोग पंक्तिबद्ध होकर खड़े हो गए. सभी को इस बात का इन्तजार था कि आगे क्या होता है. एक सहायक के साथ एक पर्यटक हो लिया. कैमरा अब उस सहायक के हाथ में था. वह उस पर्यटक को शेर के पास ले जाता और विभिन्न मुद्रा में बिठाते हुए, फोटो खींचता. इस तरह वह बारी-बारी से अन्य शेरों के पास पर्यटक को ले जाता, फोटो खींचता और अन्त में पर्यटक को दर्शकदीर्घा तक छोड आता.

संभवतः टाईगर टेम्पल विश्व का एकमात्र ऐसा अभ्यारण्य है जहाँ इन्सान निडर होकर शेरों के बीच रह सकता है. शायद यही वजह है कि विश्व के कोने-कोने से पर्यटक यहाँ पहुँचते हैं. टेम्पल का शुद्ध शाब्दिक अर्थ मंदिर होता है. जाहिर है कि मंदिर में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होती. ऐसी मेरी अपनी सोच है. कुछ लोग तो यह भी कहते हुए सुने गए कि शेरों के दांत तोड दिए गए हैं, इसीलिए वे आक्रमण नहीं करते. यह बात गले से नहीं उतरती. उतरना भी नहीं चाहिए ,क्योंकि शेर के दांत हों, अथवा न हो, लेकिन शेर तो आखिर शेर ही होता है. यदि वह हिंसक नहीं होगा तो वह भूखों मर जाएगा. वह दाल-रोटी खाकर तो गुजारा नहीं कर सकता. उसे हर हाल में मांस चाहिए ही चाहिए. बौद्ध साधु तो उसका जबड़ा खोलकर भी बतलाते हैं. कुछ का यह मानना है कि साधु वशीकरण-मंत्र जानते हैं, इसीलिए वह आक्रमण नहीं करता. मंत्रों में शक्ति होती है और हो सकता है कि वे उन पर इसका प्रयोग करते होंगें. इस पर मेरी अपनी निजी राय है कि यदि जंगली जानवरों को भी मनुष्यों के बीच रहने दिया जाए तो वे भी एक अच्छे मित्र हो सकते हैं और यही संदेश जिसे भगवान बुद्ध का संदेश ही मान लें,यहाँ उसे फलित होते हम देख सकते हैं. इससे एक संदेश यह भी जाता है कि पर्यावरण को स्वस्थ बनाए रखने में जितना मनुष्य अपना रोल निभाता है, उतना ही एक जंगली जानवर भी. शेर अपनी सीमा में रहकर पर्यावरण को कभी नुकसान नहीं पहुँचाता, जितना की एक आदमी. अतः उसे चाहिए कि वह अपनी सीमा का अतिक्रमण न करे, तो यह पर्यावरण को शुद्ध बनाने की दिशा में एक कारगर कदम होगा और यदि ऐसा होता है तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए.

# बोझ



अनिता मंडा

रमा का स्वास्थ्य निरन्तर गिरता जा रहा था। उसकी अत्यधिक सोचने व चिंता करने की प्रवृत्ति से सभी घरवाले परेशान थे। कोई घर से बाहर भी निकलता तो उसे तरह-तरह के बुरे विचार घेर लेते। उलजलूल कल्पनाएँ मन पर दस्तक देने लगती, कोई दुर्घटना तो नहीं हो जाएगी? सही सलामत घर पहुंचेंगे कि नहीं।

पहले तो सभी उसके इस स्वभाव कि मजाक उड़ाते लेकिन दिनोंदिन उसकी यह आदत विकराल रूप ले रही थी। पति के ऑफिस से आने में पाँच मिनट देर होते ही फोन कर पूछताछ करने लगती। बच्चों के स्कूल जाते ही घबराहट शुरू हो जाती। अखबार में रोज दुर्घटनाओं के समाचार पढ़ती रहती। सबको रोज फोन करके हालचाल लेती। तरह-तरह की चेतावनी और सावधानी बरतने का कहती। बच्चे रमा के इस स्वभाव के कारण उससे कटने लगे थे। क्या मम्मा एक ही बात दोहराती रहती हो

सब्जी लेने भी रमा घर से बाहर जाती तो बार-बार जाँच करके पुख़्ता करती कि ताला ठीक से लगा है कि नहीं? गैस चूल्हा बंद है न, ए सी, गीजर बन्द हैं न।

किसी शादी ब्याह या अन्य उत्सव वगैरह में जाना तो जैसे जी जंजाल ही बन गया था। तरह-तरह के डर रमा के मन में मकड़ी के जाले जैसे फैले बैठे थे।

काफी दिनों से रमा की सहेलियाँ भी रमा के इस बदलते स्वभाव को नोटिस कर रही थी। लेकिन समझ नहीं आ रहा था कि कैसे कहें रमा के पति से कि इसे कोई मदद या थैरेपी की जरूरत है। दरअसल मानसिक स्वास्थ्य के बारे में अभी भी लोगों में कोई खास जागरूकता नहीं है। फिर कोई अपनों के बारे में यह सुनना पसंद भी नहीं करता कि उन्हें कोई मानसिक, व्याहारिक परेशानी है।

एक दिन रमा के परिवार का रमा के पति अजय के मित्र के परिवार के साथ दूर एक जगह पिकनिक का कार्यक्रम बना। रेलगाड़ी सीधी वहाँ तक जाती थी इसलिए रेल से जाना तय हुआ। रमा की घबराहट और परेशानी व्यहवार में झलक रही थी। उसके बार बार चिंतातुर सवालों से परेशान होकर पति ने झुंझलाहट में फटकार दिया। मित्र की पत्नी शिखा की नजर से यह सब छिपा न रहा।

शिखा ने अजय को रमा से थोड़ा अलग ले जाकर समझाने की कोशिश की। प्लेटफार्म की तरफ से सामान ऊँच कर रेल में रखते कुलियों की तरफ इशारा कर-के कहा यह बोझा उठाते कुलियों को देख रहे हो भाई साहब? यह तो सिर पर से सामान नीचे रखते ही भारमुक्त हो जाएंगे। पर रमा के साथ ऐसा नहीं है। वो हर समय डर, चिंता के बोझ को ढो रही है। उसे इससे छुटकारा दिलाने में आपको मनोचिकित्सक की मदद लेनी पड़े तो जरूर लेनी चाहिए। यह सिर्फ रमा के लिए ही नहीं, हम सबके लिए बहुत जरूरी है क्योंकि रमा की वजह से सभी प्रभावित हो रहे हैं।

शिखा एक इंस्टीट्यूट में बच्चों की काउंसलिंग का काम करती थी। उसकी सलाह में असर था कि अजय ने वैसा ही किया। कुछ दिनों की थैरेपी से ही रमा के व्यवहार में फर्क नजर आने लगा था। पतझड़ के बाद आये बसन्त से जीवन मानों सँवरने लगा। भारमुक्त। खुशबू के झोंके की तरह। हवाओं में ताजगी थी।

## जीवन है अंगार प्रियवर

जीवन है अंगार प्रियवर
तुम मीठे पानी के धार हो
जीवन मेरा तपती दोपहरी
तुम सावन के बूंदें हो।

तुम बिन जीवन है मेरे प्रिय
जैसे बेमतलब की बहती हूं
तुम होते तो ऐसा लगता
जीवन में कोई आश हो।

तुम हो मेरे अंधेरे का दीपक
तुम ही मेरी पूजा हो---
प्रेम में तेरे मैं रंगी प्रियवर
जैसे मैं राधा और तुम श्याम हो।

जीवन नैया डोल रही है
तुम आकर जरा थाम लो।
इस रसहीन जिंदगी में मेरा
तुम आकर प्रेम रस घोल दो।

मैं हूं रात पूनम की
तुम मेरे प्रिय चांद हो
इस दुनिया में तुम प्रियवर
मेरी सांसों के डोर हो।



नीता सागर चौधरी
जमशेदपुर झारखंड

# पुराना घर और नया मकान



तनुश्री

6 कमरे एक बैठक 1 रसोई और 3 मंज़िल का घर था वह । माँ बाबा उनके 3 बेटे लड़ते झगड़ते थे मगर बेहद प्यार था उनमें । घर में कभी सन्नाटा नहीं होता था । फिर लड़कों की शादियाँ होती गई और कमरे 6 से 8 हो गये और रसोइयाँ 1 से 3 । रसोइयाँ भले ही अलग थी, बहुओं में मनमुटाव भी थे मगर भाइयों में प्यार आज भी उतना था और इनके बच्चों में तो सगे भाई बहनों जैसा प्यार था , लड़ाइयाँ अब भी होती थी मगर वो सब खिलखिलाहटों के शोर में कभी सुनाई नहीं देती थी । एक कमरे में बहनें पूरे दिन खेलती थी कभी डॉक्टर डॉक्टर कभी टीचर टीचर तो कभी घर घर । होली दिवाली रक्षा बंधन कोई भी त्योहार हो इस घर का त्योहार पूरे मोहल्ले के लिए एक उदाहरण होता था परिवार के प्रेम का । फिर धीरे धीरे बच्चे बड़े होते गए और 5 लोगों का घर 11 लोगों का घर बन गया । फिर धीरे धीरे दादी बाबा नहीं रहे फिर बहनों की शादियाँ होती गई बच्चे बाहर पढ़ाई करने निकलते रहे और घर में फिर कुल 8 लोग रह गये । फिर कुछ साल और बीते और अब बस उस घर में 6 लोग रहते हैं । चूँकि कमरे अब ज्यादा हैं और रसोइयाँ भी ज्यादा तो शोर उतना नहीं होता जितना पहले जमाने में कभी होता था । और हो भी कैसे अब लोग अपने अपने टीवी मोबाइल में लगे रहते हैं एक दूसरे से बात करने का वक़्त ही नहीं । चूँकि मकान बहुत पुराना था तो एक एक करके सब भाई अपने परिवारों के साथ नये मकानों में रहने जाने लगे और उनको घर बनाने की कोशिश में लगने लगे और धीरे धीरे ये पुराना घर बस यादों का खंडहर ही बनकर रह गया । आज भी उन कमरों से खेल खिलौनों की , किलकारियों की , हंसी ठिठोलियों की आवाजें आती हैं मगर सन्नाटों का इतना शोर है कि उनमें कहीं दब जाती हैं । पुराना घर बहुत बड़ा और मजबूत था बस उसके घर वालों को उसमे ना जाने क्यों घुटन होने लगी थी तभी उस घुटन से दूर नये मकानों के अकेलेपन को चखने निकल पड़े थे मगर इस पुराने घर को खरीदने वाले अब भी बहुत थे । और अब सबको उस पुराने घर के बिकने से मिलने वाले पैसों की चिंता थी और किसको कितना मिलेगा बस उसकी , किसी को भी उन यादों से उन जज्बातों से कोई वास्ता शायद था ही नहीं । खैर सबको मुनासिब हिस्सा मिला पैसा आया तो खुशी आयी । मगर कुछ दिन में सुनने में आया कि खरीददार ने उसको तोड़कर नया अपार्टमेंट बनाने का काम लगा दिया । कुछ महीने लगे और वो अपार्टमेंट तैयार हो गया जिसमें अब 10 मंज़िला मकान के अंदर 20 छोटे फ्लैट हैं जहां छोटे छोटे परिवार अपने बच्चों के साथ औसतन कुल 4 लोग एक फ्लैट में रहते हैं । बेशक उस 6 लोगों के मकान की जगह अब 80 लोग रहते हैं मगर उस पुराने घर से आने वाली किलकारियाँ वो झड़पें वो मनमुटाव और वो त्योहारों की रंगत अब उस हवा में भी नहीं महसूस होती । उन ईंट की दीवारों के ढहते ही उस संयुक्त परिवार की यादें अब बस कुछ पुराने बच्चों के जेहन में ही रह गई और नयी यादें बनने लगीं उन नये बसे मकानों में यही कहानी दोबारा दोहराने ।

# वसंत के मुक्तक

वसंत जमशेदपुरी

तुम धरती हो मैं अंबर हूँ,तुम सरिता मैं सागर हूँ।
तुम वृषभानु लली कुसुमांगी,मैं नटखट नट नागर हूँ।
तुम मरीचिका हो मरुधर की,मैं हूँ मदमाता सावन-
तप्त देह को सिंचित करने,आया ले जल-गागर हूँ।

जिस सावन में मेघ न बरसे,वह सावन क्या सावन है।
परिरंभन की चाह न हो तो,वह साजन क्या साजन है।
वेग नहीं हो जिसके जल में,वह सरिता भी क्या सरिता-
गंधहीन हो पुष्प अगर तो,क्यों कह दूँ मनभावन है।

मैं मरुधर की तृषित भूमि हूँ,प्रिय तुम नीर भरे बादल।
यायावर-से क्यों मँडराओ,निरुद्देश्य जैसे पागल।
आओ स्वागत करूँ तुम्हारा,बरसो मेरे आँगन तुम-
तन भी भीगे,मन भी भीगे,भीगे यह कोरा आँचल।

# वोट जरूर दें



छाया प्रसाद

प्रजातंत्र में चुनाव हमारे देश के कल्याण, तरक्की और उन्नति के लिए सर्वश्रेष्ठ माध्यम हैं ।चुनाव को हमें एक पर्व,त्योहार की भाँति उत्साह और उमंग की तरह मनाना चाहिए क्योंकि यचुनाव जैसा पर्व हमारे देश से जुड़ा है ।हम चुनाव के माध्यम से देश की उत्थान के लिए एक दो नही बल्कि पूरे पाँच साल के लिए अपने देश के किसी नेता चुनते है और अपने देश को किसी के हाथ में सौपते है अतःहम सभी को इसे गंभीरता से लेनी चाहिए। जिस तरह में हम सभी किसी पर्व के लिए पहले से ही अपनी पूरी तैयारी करते हैं कपड़े बनवाते हैं, खाने पीने की व्यवस्था करते है लोगों के सत्कार आने जाने की बातें करते हैं। ठीक उसी प्रकार हमें भी चुनाव की तैयारी करनी चाहिए । काम क्या करना है हमें अच्छे सर्वश्रेष्ठ नेता का चुनाव करना हैस जैसे चुनाव लड़ने वाले प्रत्यासी की जानकारी ले कि वो कैसा है,वो हमारे देश के लिऐ क्या और कितना कर सकता है, वो ईमानदार,सशक्त और अच्छा वक्ता तथा साथ ही दूसरों का मदद करने वाला है या नही इस तरह काम अकेले के साथ-साथ एक समूहिक बना कर काम करना है। सामूहिक कार्य से काम जल्दी और प्रभावशाली होता है।

जिसे हम चुनाव कर लाऐ बिना जात-पात धर्म सम्प्रदाय के साथ निस्वार्थ भाव से काम करें क्योकि इसका सम्बन्ध पूरी जनता से हैं ।कहने का तात्पर्य ये है कि हम अच्छे नेता का चुनाव करें, साथ ही हमें चाहिए कि जनता को वोट के महत्त्व को बताते हुए वोट डालने के लिए प्ररित करें ।जनता जागरूक बनाने का भी काम करना कर्तव्य बनता है।

आप किसी पार्टी को वोट दे पर वोट आवश्यक ही दे ये हमलोंगो का अधिकार है ।अपने अधिकार का उपयोग करें ।आप सभी से मेरा विनम्र निवेदन है कि आपलोग वोट जरूर दें।

# फिल्म देखने के लिए बोला झूठ ...



मधु सक्सेना



माँ से झूठ बोला था । बात उस समय की है जब *हीरा पन्ना* फिल्म रिलीज हुई थी ।मेरी दीदी और मेरी बड़ी इच्छा थी कि किसी तरह वो फिल्म देखें।

अकेले जाने की अनुमति नहीं थी ।कोई बड़ा साथ जाएं तभी जा सकते थे ।

हम दोनों बहनों में मिलकर माँ को पटाया । उंन्हे बताया कि कृष्ण कथा में जो मणि चोरी का आरोप लगा था कृष्ण को, उनकी कथा की फिल्म है -हीरा पन्ना ।माँ फिल्म देखने की तो शौकीन थी पर सिर्फ धार्मिक फिल्म । हमारी बात मान कर वे हमारे साथ नटराज टाकीज चल दी।

ये हम दोनों बहने जानते थे कि फिल्म जीनत अमान और देवानन्द की है और जीनत अपने समय की बोल्ड अभिनेत्री ।अतः घर आकर क्लास लगनी थी तो उसके लिए भी झूठ तैयार कर लिया।

फिल्म शुरू हुई ।माँ जल्दी जल्दी नहीं पढ़ पाती थी तो लिखा हुआ नही पढ़ सकीं।

शुरू में माँ समझी की दुसरीं फिल्म का ट्रेलर है पर आधे घण्टे में उंन्हे समझ आ गया कि उनसे झूठ बोला गया ।वे गुस्सा होने लगी और बार -बार घर चलने का आदेश देने लगी ।हमने भी कहा जब आ ही गए है तो पूरी ही देख लेते है ।


जब जीनत अमान अपनी ड्रेस में आई तो उनका पारा और चढ़ गया -₹कैसी गंदी फिल्म देख रही छोरियो ? घर चलो बताती हूँ ।₹ हम तो दौनो बहने उठ ही नही रहे थे। 15 और 18 साल की लड़कियाँ ... हम बच्ची तो नही थी कि वे थप्पड़ मारे और खींच कर ले चलें ।थोड़ी देर बाद वे भी भुनभुनाते हुए बैठ गई और फिल्म देखने लगी।

फिल्म पूरी हुई ।हमारे मन की तो हो गई थी पर माँ को यही बोलते रहे कि -₹ हमे नही पता था कि ये ऐसी फिल्म है। हम तो धर्मिक फिल्म समझ कर ही आये थे ।जब आ ही गए तो टिकट के पैसे तो वसुलेगें ही ।तो देख लें पूरी पिक्चर ।₹

घर आकर भी यही झूठ .. माँ समझ तो रही थी पर हमें बचाने झूठ में तो शामिल नहीं हुई पर हमारी अभिनिज्ञता पर भरोसा कर लिया। इस तरह हम दो भोली -भाली मासूम छोरियो ने अपनी इच्छित फिल्म देख ली ।

घर पर भी कोई उनसे फिल्म के बारे में कुछ कहता तो वे हमारी मासूमियत के पक्ष में खड़ी हो जाती।

अब तो यूँ लगता है -
मुझमें शामिल हो गई
मुझसे जुदा होकर
सीप में ज्यों मोती हो गई
बूंद खुद को खोकर ..
कितना समझती है माँ मन को ।
बहुत याद आती तू माँ ... कहाँ गई मुझे यूँ अकेला छोड़ कर ? पहले नकली रोने पर भी दौड़ी आती थी ।अब असली रोने पर भी नही आती ?
क्यों .. क्यों... क्यों ..???



नरेश अग्रवाल
साहित्य संयोजक बिहान भारत

## नक्सलियों के गब्बर को चुन-चुनकर ठोक रहे जवान

नई दिल्ली । छत्तीसगढ़ में 16 घंटे तक चली भीषण मुठभेड़ में 60 लाख रुपये से अधिक के नकद इनाम वाले दस नक्सलियों के मारे गए। मारे गए नक्सलियों में सबसे महत्वपूर्ण कैडर एसजेडसीएम जोगन्ना था, जिस पर 25 लाख रुपए का नकद इनाम था। उसके खिलाफ 196 आपराधिक मामले दर्ज थे। अन्य में कंपनी नंबर 10 के डीवीसीएम मल्लेश मदकम शामिल था। मल्लेश मदकम पर 43 मामले दर्ज थे और आठ लाख रुपए का इनाम था। डीवीसीएम विनय के खिलाफ गढ़चिरौली में आठ मामले दर्ज थे और उन पर 8 लाख रुपये का नकद इनाम था। इसके अलावा, जोगन्ना की पत्नी और एसीएम दलम डॉक्टर संगीता डोगे आत्राम के सिर पर 5 लाख रुपये और सुरेश के सिर पर 8 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि बाकी पांच कैडर पर 9 लाख रुपये का इनाम था। बस्तर आईजी पी सुंदरराज ने कहा कि मढ़ को नक्सलियों का अभेद्य गढ़ माना जाता था, इस मिथ को सुरक्षाबलों ने तोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि मारे गए लोगों में एक विशेष जोनल कमेटी सदस्य (एसजेडसीएम), दो डिवीजनल कमेटी सदस्य (डीवीसीएम) और दो एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) शामिल हैं, जो मुख्य रूप से अबूझमाड़ और गढ़चिरौली डिवीजन में सक्रिय थे। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान नक्सली ठिकानों पर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, आईईडी, प्रेशर कुकर, कोडेक्स तार, कंप्यूटर, प्रिंटर, उपग्रह संचार उपकरण, एक उत्खनन मशीन, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, नक्सली साहित्य, सौर प्लेट और बर्तन बरामद किए गए।उन्होंने बताया कि टेकेमेटा और काकुर के नजदीकी इलाकों में डीआरजी नारायणपुर, कांकेर और बीएसएफ की टीमें इलाके को सुरक्षित करने के लिए लगातार एरिया डोमिनेशन कर रही हैं। पुलिस ने कहा कि इस अभियान ने नक्सल नेतृत्व के उच्च स्तर के लोगों में भय की भावना पैदा कर दी है, क्योंकि सुरक्षा बल उनके गढ़ों के करीब पहुंच रहे हैं। पुलिस ने कहा कि नक्सलियों के बीच अविश्वास अपने चरम पर है, क्योंकि वरिष्ठ सदस्य अपने कनिष्ठों और स्थानीय समर्थकों पर संदेह करने लगे हैं। मढ़ बचाओ अभियान का उद्देश्य मढ़ और उसके निवासियों को नक्सल विचारधाराओं के चंगुल से मुक्त कराना है। माओवादी सिद्धांतों के आकर्षण से आकर्षित लोगों से हिंसा का त्याग करने और मुख्यधारा के समाज को अपनाने की अपील की जाती है।

## नीट यूजी की परीक्षा में नकलचियों पर नजर रखेगी एआई तकनीक

नई दिल्ली। नीट परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शिता के साथ आयोजित कराने के लिए फर्जीवाड़ा और अनियमितताओं के प्रति जीरो टोलरेंस नीति पर काम किया जा रहा है। परीक्षा में पेपर एवं पेपर के बाद नकल करने वाले छात्रों की पहचान एआई से होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) परीक्षा में वास्तविक समय में एनालिटिकल टूल्स और टेक्नोलॉजी प्रयोग करते हुए छात्र-छात्राओं के व्यवहार पर नजर रखेगा। परीक्षा केंद्र भी एआई की नजर में रहेंगे। एनटीए के अनुसार परीक्षा केंद्रों से लेकर पेपर और इसके बाद छात्र एआई टूल की नजर में रहेंगे। पकड़े जाने पर छात्रों को हमेशा के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। एग्जाम में स्टूडेंट्स और स्टाफ का कई चरणों में बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन भी होगा। केंद्रों पर संदिग्ध गतिविधि एआई सिस्टम से नहीं बच सकेगी। बॉयोमेट्रिक, फोटो का विश्लेषण करके एआई सिस्टम फर्जी छात्रों को चिह्नित कर सकेगा। देशभर में नीट में करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। छात्रों को बताया गया है कि प्रवेश पत्र के दूसरे पेज पर छात्रों को निर्धारित स्थान पर पोस्टकार्ड साइज फोटो लगाना जरूरी है। यदि निर्धारित स्थान पर फोटो नहीं आ रहा है तो छात्र दोबारा से प्रवेश पत्र के दूसरे पेज को डाउनलोड कर सकते हैं।परीक्षा के लिए छात्रों को 11 बजे केंद्रों पर रिपोर्टिंग करनी होगी। 1.30 बजे केंद्र के गेट बंद कर दिए जाएंगे। छात्रों को बॉयामेट्रिक सहित विभिन्न जांच से गुजरना होगा। पेपर शुरू होने के एक घंटे बाद और पेपर खत्म होने से आधा घंटे पहले छात्र कक्ष छोड़कर ब्रेक के लिए नहीं जा सकेंगे। इस अवधि को छोड़ यदि कोई छात्र ब्रेक को जाता है तो उसे वापसी में फिर समस्त सत्यापन प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ेगा। ऐसे छात्रों को ना केवल दुबारा बॉयोमेट्रिक देनी होगी बल्कि अन्य जांच भी पूरी करानी होंगी। पेपर दो से 5.20 बजे तक चलेगा।

## शाह हैदराबाद की जनता को बदनाम कर रहे : ओवैसी

हैदराबाद। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर यहां हंगामा मचा हुआ है। इसे लेकर एआईएमआईएम के मुखिया ओवैसी ने उन्हें जमकर निशाने पर लिया हुआ है। ओवैसी ने कहा है कि शाह आईएसआईएस का अड्डा बताकर हैदराबाद की जनता को बदनाम करने में लगे हुए हैं। हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उनके बच्चे तो यही कहते हैं कि यदि निकल गया तो फिर बिना ब्रेक के किसी को भी नहीं छोड़ूंगा। ओवैसी ने केंद्रीय गृह अमित शाह के रजाकार वाले बयान का जवाब देते हुए उन्हें घेरा और कहा कि अमित शाह आईएसआईएस का अड्डा बताकर हैदराबाद की जनता को बदनाम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने चुटकी लेते हुए आगे कहा कि अमित शाह को मेरे खिलाफ चुनाव लड़ना चाहिए था, लेकिन वो तो डरकर गुजरात चले गए।



## एल्विश यादव मामले में ईडी की एंट्री......मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज



नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय ने दवा के रूप में सांप के जहर के संदिग्ध उपयोग के आरोप में यूट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फ ??एल्विश यादव और कुछ अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले माह गौतम बौद्ध नगर (नोएडा) जिला पुलिस द्वारा उनके और उनसे जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ दायर एक एफआईआर और आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप लगाए हैं। अपराध की आय का कथित सृजन और रेव या मनोरंजक पार्टियों के आयोजन के लिए अवैध धन का उपयोग ईडी की जांच के दायरे में है। ईडी सूत्रों ने कहा कि जांच के तहत यादव और मामले से जुड़े कुछ अन्य लोगों से पूछताछ होगी। एल्विश पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पशु अधिकार एनजीओ पीपल फॉर एनिमल्स (पीएफए) के एक प्रतिनिधि की शिकायत पर पिछले साल 3 नवंबर को पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी में नामित छह लोगों में यादव भी शामिल थे। पांच अन्य आरोपियों, सभी सपेरों को नवंबर में गिरफ्तार किया गया था और बाद में एक स्थानीय अदालत ने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया था।

## मां वैष्णो देवी यात्रा के लिए बैटरी कार के किराए में बढ़ोतरी

कटड़ा, । माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा अर्ध कुंवारी से भवन के बीच चलने वाली बैटरी कार सेवा के किराए में करीब 27 फीसदी की बढ़ोतरी की जा रही है। किराए की नई दरें पहली जुलाई से लागू होंगी। अब मां वैष्णो देवी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की जेब पर बोझ बढ़ जाएगा।

जानकारी के अनुसार मां वैष्णो देवी यात्रा के लिए अर्ध कुंवारी से भवन के बीच बैटरी कार से जाने के लिए श्रद्धालुओं को 357 रुपए चुकाने होते हैं, लेकिन आ 1 जुलाई से इस यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को 450 रुपए चुकाने होंगे।

## पीएम मोदी पर प्रियंका गांधी का हमला...

# ये शहजादे 4000 किलोमीटर पैदल चले, खुद जाकर बनारस से चुनाव लड़ते है

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बनासकांठा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने राहुल गांधी को शहजादा कहने के लिए पीएम मोदी पर निशाना साधकर उन पर शहंशाह जैसा जीवन जीने का आरोप लगाया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, वे मेरे भाई को शहजादा बोलते हैं। मैं उन्हें बताना चाहती हूं, ये शहजादे 4000 किलोमीटर पैदल चले हैं। कन्याकुमारी से कश्मीर तक आपकी समस्याओं को सुनने के लिए पैदल चले हैं। मेरे भाइयों, बहनों, किसानों, मजदूरों से मिले हैं। सबसे प्यार से मिलकर पूछा है कि तुम्हारे दिल में क्या मुश्किलें हैं, तुम्हारे जीवन में क्या समस्याएं हैं और हम उन्हें कैसे हल कर सकते हैं।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा और एक ओर आपके शहंशाह... नरेंद्र मोदी हैं। महलों में रहते हैं। आपने कभी टीवी पर उनका चेहरा देखा है? एकदम साफ सुथरा सफेद कुर्ता, एक दाग नहीं है धूल का कुर्ता पर। एक बाल इधर से उधर नहीं होता है। वहां कैसे समझ पाएंगे आपकी मजदूरी, आपकी खेती। कैसे समझ पाएंगे कि आप किस दलदल में धंसे हुए है। महंगाई से दब चुके हो।

मोदी सरकार को महंगाई के मुद्दे पर घेर कर प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, पेट्रोल-डीजल का दाम क्या है मेरे किसान भाइयों? किस तरह से गुजारा कर रहे हो। खेती के



हर सामान पर जीएसटी है। हर सामान महंगा हो चुका है। मेरी बहनें, अगर कोई त्यौहार होता है...कुछ खरीदना पड़ता है... नए कपड़े, बच्चों के लिए कोई वर्दी खरीदनी पड़ती है, फीस भरनी पड़ती है, कोई बीमार पड़ जाता है... इलाज करानी पड़ती है, तब क्या हालत होती है।

?प्रियंका गांधी वाड्रा ने बीजेपी पर निशाना साधकर कहा, जब ये लोग संविधान बदलने की बात करते हैं, उसका मतलब है कि वे आपके अधिकारों को छीनना चाहते हैं। पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में लोगों के अधिकार कम करने का काम किया है। पहले के पीएम लोगों के बीच गांवों में जाते थे, लोगों की बातें और उनकी समस्याएं सुनते थे। गुजरात ने पीएम मोदी को सबकुछ दिया, सत्ता दी। पर अब आप उन्हें देखते हैं, वह बड़े-बड़े लोगों के साथ दिखते हैं, पर कभी किसानों या गरीबों के बीच नहीं दिखाते हैं। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी वह किसी गरीब के घर नहीं गए।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, लाखों किसान पीएम के घर से 4 किमी दूर आंदोलन करते हैं, तब भी वह उनसे मिलने नहीं जाते। जब पीएम मोदी को पता चलता है कि चुनाव आ रहा है, वोट नहीं मिल रहा तब कानून बदल देते हैं। यहां राजपूत समाज की महिलाओं का कितना अपमान किया गया, पीएम मोदी ने क्या किया...उन्होंने प्रत्याशी हटाया? आपकी बात सुनी? पीएम मोदी की सरकार हमेशा महिला अत्याचारियों के साथ खड़ी रहती है।

राहुल गांधी के अमेठी की जगह रायबरेली से चुनाव लड़ने को बीजेपी नेताओं द्वारा मुद्दा बनने पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूछा, पीएम मोदी गुजरात से चुनाव क्यों नहीं लड़ रहे? क्योंकि आपसे काम निकल चुका है, आपको भूल चुके हैं, आपसे कट चुके हैं। इसलिए वाराणसी जाकर चुनाव लडते हैं, चुनाव भारत में है, पाकिस्तान की बातें करते हैं। कहते है कांग्रेस एक्स-रे मशीन लाएगी और आपके मंगलसूत्र, भैंस ले जाएगी। हमारी 55 साल सरकार रही, कब किसी की भैंस ले ली हमने? आज देश कह रहा है... बहुत हुई आपकी नौटंकी, हमारे लिए क्या किया इसका जवाब दीजिए।

## जावेद अख्तर बोले- युवाओं के लिए पूरा सम्मान पर प्रेरणादायक शब्द बोलने में हिचकता हूं

मुंबई। सुप्रसिद्ध गीतकार और कवि जावेद अख्तर ने एक समारोह में अपने मन की बात सभी के साथ शेयर कर दी। उन्होंने कहा कि मेरे मन में युवाओं के लिए बहुत सम्मान है, पर उनके लिए प्रेरणादायक शब्द बोलने में मुझे हिचक होती है। नेहरू केंद्र में मुंबई कला मेले के उद्घाटन समारोह में अख्तर ने कहा कि उन्हें कई कार्यक्रमों की अध्यक्षता करने के लिए आमंत्रित किया जाता है, लेकिन उन्हें वहां प्रेरणादायक स्पीच देना बिल्कुल पसंद नहीं है। मीडिया से बातचीत करते हुए गीतकार ने कहा, मुझे वास्तव में प्रेरणादायक स्पीच देना पसंद नहीं है। ये बहुत ही संरक्षण देने वाली चीजें हैं। मुझे वास्तव में ऐसा करना पसंद नहीं है, मेरे मन में युवाओं के लिए बहुत सम्मान है। इस बारे में बात करते हुए कि वह क्यों मानते हैं कि युवा विशेष हैं, उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वे अपने तरीके ढूंढ रहे हैं। वे वह सोचेंगे जो मैं नहीं सोच सकता, वे वो देखेंगे जो मैं नहीं देख सकता। उनकी आंखें एक चित्रकार की तरह हैं, वे आपको दिखाते हैं कि आपने क्या खो दिया। जब अख्तर से मेले में सबसे अच्छी कलाकृति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, आप यह नहीं कह सकते कि यह कलाकृति सबसे अच्छी है। अलग-अलग कलाकार होते हैं, जिनका सौंदर्यशास्त्र अलग होता है, संवेदनाएं अलग होती है और समझ अलग होती है।इसके बाद उन्होंने आगे कहा, लेकिन, मैं आपको बता सकता हूं कि ऐसे बहुत से लोग हैं, उनमें से कुछ लोग असाधारण रूप से अच्छे हैं। जीवन के हर क्षेत्र में ऐसा ही है। ऐसे बहुत से लोग हैं जो काम करते हैं, कुछ अच्छे हैं, कुछ सचमुच अच्छे हैं और कुछ सीख रहे हैं।



## नीतीश कुमार ने फिर बोला लालू पर बड़ा हमला, अपने हटा तो पत्नी को बनाया, 9 गो बच्चा पैदा कर लिया...

**पटना (एजेंसी)।** परिवारवाद के बहाने एक बार फिर से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव और राजद पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा है। उन्होंने पति-पत्नी के 15 सालों की याद भी लोगों को दिलवाई और एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की। दरअसल, नीतीश कुमार मुंगेर में पूर्व जदयू अध्यक्ष ललन सिंह के लिए प्रचार करने पहुंचे थे। नीतीश ने कहा कि 2005 से पहले बिहार में कुछ भी नहीं था। हमको जब मौका मिला तो हमने यहां पर विकास का काम शुरू किया। उन्होंने तेजस्वी पर तंज करते हुए कहा कि यह जो अपना प्रचार करते फिर रहे हैं, उनको भी हमने ही बनाया है। लेकिन जब यह गड़बड़ करने लगे तो हमने इनको हटा दिया।

लालू यादव पर तंज करते हुए नीतीश ने कहा कि जब अपने हटे तो बीवी को बनवा दिए। देखिए कि उसके बाद 9 गो बाल बच्चा पैदा कर लिया। अब पत्नी के बाद बेटा और फिर बेटी को बना रहे हैं। इसके साथ ही मुंगेर से चुनाव लड़ रही राजद प्रत्याशी पर भी उन्होंने तंज कसा। अशोक महतो को लेकर नीतीश ने कहा कि अपने जेल में था तो चुनाव नहीं लड़ सकता था। इसलिए शादी किया और पत्नी को लड़ा रहा है। यह सब का कोई मतलब है। एक-एक बात आप लोग याद



रखिएगा। इतना ही नहीं, नीतीश कुमार ने लगातार मुस्लिम समुदाय से भी एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की है और कहा कि याद रखिएगा हमने आपके लिए कितना किया है।

कुमार ने दावा किया कि बिहार में राजद के कार्यकाल के दौरान लोग बाहर तक नहीं जा सकते थे। उन्होंने आरोप लगाया, ''लोग पुरानी बातें भूल जाते हैं, इसलिए, मैं सभी को याद दिलाना चाहता हूं कि 2005 से पहले उनके कार्यकाल में बिहार में कोई विकास कार्य नहीं किया गया था। लोग बाहर नहीं निकल सकते थे, सड़कें या शिक्षा नहीं थी। सांप्रदायिक झड़प आम बात थी।'' कुमार ने कहा, ''मेरे कार्यकाल के दौरान राज्य में मदर्सों को मान्यता दी गई थी। हमने अब तक राज्य में आठ हजार कब्रिस्तानों की चारदीवारी कराई। लगभग एक हजार से अधिक अन्य कब्रिस्तानों को भी चारदीवारी के लिए चिह्नित कर लिया गया है।''

## कांग्रेस नेता थरुर ने बताया कैसा होगा इंडिया गठबंधन का प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में दो चरणों के मतदान के बाद से सत्ता और विपक्ष दोनों जीत का दम भर रहे हैं। मोदी सरकार 400 पार का दावा कर रही है। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन दिल्ली की कुर्सी पर बैठने की बात कर रहा है। इस बीच कांग्रेस के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने बताया कि अगर विपक्षी एकता जीत गई, तब उनका पीएम कैसा होगा। थरूर ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार में लोगों को ऐसा प्रधानमंत्री मिलेगा, जो सभी को समान भाव से देखता हो और दूसरों की बात सुनता हो। कांग्रेस के नेता थरूर ने कहा है कि एक साथ या एक-दूसरे के खिलाफ प्रचार कर रहे विपक्षी दल लोकसभा चुनाव के बाद साथ आ जाएंगे। थरूर ने कहा कि गठबंधन सरकार को लेकर डर की कोई बात नहीं है।

थरूर ने कहा कि एक पार्टी की सरकारों की तुलना में ऐसी (गठबंधन) सरकारों के तहत भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर होता है। थरूर ने कहा कि यह परिवर्तन का चुनाव है, और भाजपा ने विमर्श पर अपनी पकड़ खो दी है। थरूर ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होने के पार्टी के फैसले का बचाव कर कहा कि निमंत्रण को अस्वीकार करना सही था क्योंकि यह प्रधानमंत्री मोदी के महिमामंडन के लिए आयोजित एक राजनीतिक समारोह था। उन्होंने कहा कि मेरे विचार से अगर हमने ऐसा किया होता, तब यह एक गलती होती।

थरूर ने कहा कि यह सच है कि गठबंधन सरकार एकदलीय सरकार से बहुत अलग तरह से काम करती है। उन्होंने कहा कि मोदी की शैली, उनके व्यक्तित्व और भाजपा के शासन के तरीके को देखते हुए, मुझे लगता है कि यह कहना उचित होगा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बीते 10 वर्ष की इस सरकार से बहुत अलग होगी। थरुर ने कहा कि गठबंधन सरकारों के साथ भारतीय जनता का रिकॉर्ड और अनुभव काफी अच्छा रहा है। थरूर ने कहा, गठबंधन सरकार का एक लाभ यह होगा कि जो भी प्रधानमंत्री बनेगा वह निरंकुश प्रवृत्ति का नहीं होगा। उस पीएम को दूसरों को ध्यान में रखना होगा। सच कहूं तब, यह शासन की संसदीय प्रणाली का उत्कृष्ट राजनीतिक सिद्धांत है। अभी हम कई देशों में राष्ट्रपति के तहत चलने वाली संसदीय व्यवस्था देख रहे हैं, जो बहुत खराब है।

थरूर ने कहा कि मुझे लगता है कि गठबंधन सरकार को लेकर डर की कोई बात नहीं है। मैंने जिन मतदाताओं से बात की उनमें से अधिकतर की सोच थी कि मैं जिस उम्मीदवार को वोट दे रहा हूं वह कौन है, वह किन मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है, उसके जीतने से दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी और वह सरकार कैसे काम करेगी।

## शाह का फेक वीडियो मामला-कोर्ट ने अरुण रेड्डी को तीन दिन की रिमांड पर भेजा

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अरुण बी रेड्डी को शनिवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। पुलिस की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अरुण बी रेड्डी को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। रिमांड पर पुलिस अरुण से पूछताछ कर यह जानने की कोशिश करेगी कि वीडियो किसने बनाया था और कब बनाया। फेक वीडियो एक्स पर पोस्ट करने के पीछे क्या मकसद था। दिल्ली पुलिस की दस सदस्यीय टीम जांच के लिए पांच दिनों से हैदराबाद में डेरा डाले है। पुलिस ने अरुण बी रेड्डी के पास से मोबाइल और लैपटॉप बरामद किया है, जिसकी गहन जांच की जा रही है। दोनों इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच कर पुलिस पता करेगी कि फेक वीडियो इसने खुद बनाया था या किसी की मदद ली थी या किसी अन्य ने बनाया था। पुलिस हर तथ्य को सामने रख कर जांच कर रही है क्योंकि यह देश के गृहमंत्री से जुड़ा हुआ है।

## शरद पवार ने उद्धव को कमरे से बाहर निकाला? वीडियो वायरल

### - बीजेपी बोली-दोनों दलों और नेताओं के बीच सबकुछ ठीक नहीं

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के कद्दावर नेता शरद पवार और यूटीबी नेता उद्धव ठाकरे का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। महाराष्ट्र बीजेपी प्रवक्ता ने दावा किया है कि शरद पवार इस वायरल वीडियो में उद्धव ठाकरे को अपने कमरे से बाहर निकलने के लिए कह रहे हैं। इस वीडियो पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं। वायरल वीडियो में शरद पवार की अपील पर उद्धव हाथ जोड़कर प्रतिक्रिया देते हुए कहते हैं, ठीक है, मैं बाहर हूं।

आपको बता दें कि बॉडी लैंग्वेज से दोनों नेताओं की बातचीत सहस और सामन्य लग रही है। यह वायरल वीडियो छोटा है। बीजेपी ने 12 सेकेंड का वीडियो जारी करते हुए दोनों नेताओं के रिश्ते पर सवाल खड़े कर दिए हैं। महाराष्ट्र बीजेपी ने दावा किया है कि दोनों दलों और नेताओं के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। महाराष्ट्र बीजेपी के प्रवक्ता जितेन गजारिया ने कहा कि शरद पवार ने विनम्रतापूर्वक उद्धव ठाकरे को बाहर निकलने के लिए कहा क्योंकि वह व्यस्त दिख रहे हैं। एक हैंडल ने वीडियो को इस कैप्शन के साथ शेयर किया-शरद पवार द्वारा उद्धव ठाकरे के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। एक्स पर पोस्ट में एक यूजर ने लिखा-क्या गिरावट है!

# राहुल गांधी का सिद्धरमैया को पत्र... पीड़ित महिलाओं की हरसंभव मदद करे

### - पीएम मोदी और शाह ने ''बलात्कारी'' के लिए प्रचार किया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर जनता दल सेक्युलर (जद-एस) के नेता प्रज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुईं पीड़िताओं को हरतरह की मदद देने को कहा है। राहुल गांधी ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में सांसद रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधकर कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों पर लगातार चुप्पी साधे रखी हो।

राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा, मैं आपसे (सिद्धरमैया) अनुरोध करता हूं कि कृपया पीड़िताओं को हरसंभव सहायता करें। उन्होंने कहा, वे हमारी करुणा और एकजुटता की पात्र हैं, क्योंकि वे न्याय के लिए अपनी लड़ाई लड़ रही हैं। यह सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है। संबंधित घटनाओं को भयावह यौन हिंसा'' करार देकर राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रज्वल रेवन्ना ने बीते कई वर्षों में सैकड़ों महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया और उनका वीडियो बनाया। राहुल गांधी ने कहा, उनमें से कई महिलाएं, जो उन्हें भाई और बेटे के रूप में देखती थीं, उनके साथ भी हिंसक तरीके से क्रूरता की गई और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई गई।

हमारी माताओं और बहनों से दुष्कर्म के लिए सबसे सख्त सजा देने की आवश्यकता है। कांग्रेस नेता ने कहा, मुझे यह जानकर गहरा सदमा लगा कि दिसंबर 2023 में जी देवराजे गौड़ा ने प्रज्वल रेवन्ना की हरकतों, विशेष रूप से उनके यौन हिंसा के इतिहास और वीडियो के बारे में हमारे गृह मंत्री अमित शाह को बताया था। उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं को इन वीभत्स आरोपों की जानकारी थी लेकिन इसके बावजूद मोदी ने एक ''बलात्कारी'' के लिए प्रचार किया। गांधी ने कहा, इसके अलावा केंद्र सरकार ने जानबूझकर रेवन्ना को भारत से भागने दिया ताकि जांच को नुकसान पहुंचाया जा सके।

# नेपाल और भारत के रोटी और बेटी के रिश्ते में आई दरार

### -लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी पर बढ़ा विवाद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल और भारत के बीच रोटी और बेटी का संबंध रहा है। लेकिन रोटी-बेटी के इस रिश्ते पर धीरे-धीरे ग्रहण लगता जा रहा है। दरअसल नेपाल ने एक मानचित्र के साथ 100 रुपये के नए नोट छापने की घोषणा कर दी है। इसमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी के विवादास्पद क्षेत्रों को दिखाया गया है। इन क्षेत्रों पर नेपाल और भारत दोनों दशकों से दावा करते रहे हैं, जिससे एक कड़वी सीमा विवाद पैदा हो गया है।

सरकारी प्रवक्ता रेखा शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में नेपाल के नए मानचित्र को मुद्रित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को 100 रुपये के बैंक नोटों में शामिल किया गया है।

नेपाल के सूचना और संचार मंत्री कैबिनेट ने कहा कि 25 अप्रैल और 2 मई को हुई कैबिनेट बैठकों के दौरान 100 रुपये के बैंक नोट को फिर से डिजाइन करने और बैंक नोट की पृष्ठभूमि में मुद्रित पुराने मानचित्र को बदलने की मंजूरी दे दी।

नेपाल और भारत के बीच 1800 किलोमीटर की खुली सीमा है। ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाली गोरखा के बीच हुई लड़ाईयों के बाद 1816 में दोनों के बीच सुगौली सीमा संधि हुई थी। लेकिन पिछले कुछ समय से नेपाल के पश्चिमी उत्तरी सीमा बिंदु को लेकर विवाद चल रहा है। पश्चिमी की सीमा महाकाली नदी को माना गया है। नेपाल का दावा है कि पश्चिमी सीमा कालापानी है, जो 1816 के बाद नेपाल में था। 1960 के दशक में भारत चीन युद्ध के आसपास से वहां भारत का कब्जा है। साथ ही लिम्पियाधुरा और लिपुलेख क्षेत्र को लेकर भी नेपाल ने विवाद खड़ा किया। चीन के



साथ लगाते हुए क्षेत्र की वजह से ये एक ट्राइजक्शन प्लाइंट है, जिसका अपना एक विशेष सामरिक महत्व है। पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय सत्ता से हटाने से पहले नेपाल के पहले प्रधानमंत्री मोहन शमशेर राणा ने भारत के साथ मैत्री संधि की थी। 31 जुलाई 1950 को हुई इस संधि पर शमशेर और भारतीय राजदूत चंदेश्वर प्रसाद नारायण के हस्ताक्षर हैं। नेपाल में मानना है कि हस्ताक्षरकर्ता का प्रोटोकॉल ही सही नहीं है। सत्ता बचाने के लिए राणाओं ने भारत से संधि की, जो नेपाल की सार्वभौम सत्ता को कमजोर करती है।

### भारत पर कितना निर्भर है नेपाल

- भारत से पेट्रोलियम उत्पाद, चावल दवाइयों का आयात
- विदेशी निवेश में भारत की 30 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी
- भारत की बैंकिंग, बीमा, शिक्षा, पर्यटन से जुड़ी 150 कंपनियां नेपाल में
- भारत में 20 से 25 लाख नेपाली नागरिक

# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.412 बिलियन डॉलर की गिरावट

**- 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 640.334 अरब डॉलर था**

**नई दिल्ली ।**

बीते 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.412 बिलियन डॉलर की तेज गिरावट हुई है। अब अपना भंडार 637.922 बिलियन डॉलर का ही रह गया है। यह लगातार तीसरा सप्ताह है, जबकि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट ही हो रही है। इससे पहले लगातार सात सप्ताह तक भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी ही हो रही थी। हालांकि, इसी समय अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान में ऐसी स्थिति नहीं है। बीते 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक 26 अप्रैल 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट हुई। इस दौरान अपना भंडार 2.412 ` बिलियन घटकर 637.922` बिलयन रह गया था। इससे पहले 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में अपना भंडार 640.334 अरब डॉलर था। इससे पहले पांच अप्रैल 2024 को समाप्त सप्ताह में अपना भंडार 648.562 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। यह सर्वकालिक उच्च स्तर है। आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियां में भी कमी हुई है। बीते 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान` विदेशी मुद्रा ओ स्तियां में 1.159 ` बिलियन की कमी हुई है। अब अपना फॉरेन करेंसी असेट भंडार घट कर 559.701` बिलयन का रह गया है। वहीं अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान में इस समय विदेशी मुद्रा की जबरदस्त किल्लत चल रही है। हालात ऐसे हैं कि वहां काम की चीजें मंगाने लायक भी विदेशी मुद्रा का भंडार नहीं बचा है। इसलिए बेहद संभल कर आयात करना पड़ता है। लेकिन बीते 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के विदेशी मुद्रा भंडार 35.5 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है।

# सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा कोरियाई ब्यूटी ब्रांड की एंबेसडर बनी



**नई दिल्ली ।**

मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा ने 2021 में प्रतिष्ठित फैशन ब्रांड सेल्फ-पोर्ट्रेट के लिए कैंपेन में भाग लेकर मॉडलिंग इंडस्ट्री में पहचान हासिल की। अब सारा ने मशहूर कोरियाई स्किनकेयर ब्रांड लैनेज की ब्रांड एंबेसडर के तौर पर ब्यूटी इंडस्ट्री में प्रवेश किया है। सारा ने लैनेज के उत्पाद का इस्तेमाल करते हुए अपनी एक आकर्षक तस्वीर शेयर की है। सारा ने कहा कि मैं लैनेज से जुड़कर रोमांचित हूं।

यह एक ऐसा ब्रांड है जिसकी मैं इनोवेशन के प्रति समर्पण के लिए लंबे समय से प्रशंसा करती रही हूं। लैनेज के साथ साझेदारी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। लैनेज के साथ सारा की साझेदारी उनके करियर में एक नया चैप्टर है। सारा तेंदुलकर लैनेज में अपनी एंबेसडर की भूमिका में चमकदार सुंदरता का सार प्रस्तुत करती हैं। वह लोगों को आत्मविश्वास और प्रामाणिकता के साथ अपनी अनूठी चमक को अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। अभिनेत्री या बड़ी मॉडल न होने के बावजूद सारा तेंदुलकर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तगड़ी फैन फ्लॉइंग है। वह हमेशा ही अपनी खूबसूरती से सबको दीवाना बनाती रहती हैं। उनकी बेदाग त्वचा उन्हें ब्यूटी ब्रांड और स्किनकेयर प्रोडक्ट एंडोर्समेंट के लिए मुफीद बनाते हैं। उनकी सादगी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। वह बिना बहुत मेकअप के लोगों का ध्यान खींचती हैं।

# मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 19,177 करोड़ की गिरावट

**- अंबानी दुनिया के अमीरों की सूची में 11वें नंबर पर**

नई दिल्ली ।देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर शुक्रवार को 2.17 फीसदी गिरावट के साथ 2868.50 रुपये पर बंद हुआ। इससे रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में काफी गिरावट देखने को मिली। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक शुक्रवार को अंबानी की नेटवर्थ में 2.3 अरब डॉलर (करीब 19,177 करोड़ रुपये) की गिरावट आई। इसके साथ ही अंबानी की नेटवर्थ 111 अरब डॉलर रह गई है और वह दुनिया के अमीरों की सूची में 11वें नंबर पर हैं। अंबानी भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 14.3 अरब डॉलर की तेजी आई। इस बीच अमेरिका के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे को छोड़कर सभी टॉप 10 रईसों की नेटवर्थ में शुक्रवार को तेजी रही। दुनिया के सबसे बड़े रईस फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 4.60 अरब डॉलर की तेजी आई। इस उछाल के साथ ही उनकी नेटवर्थ 218 अरब डॉलर पहुंच गई। इस सूची में दूसरे नंबर पर काबिज ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में 1.52 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और यह 208 अरब डॉलर पहुंच गई। एलन मस्क की नेटवर्थ में 75.9 करोड़ डॉलर की तेजी आई। वह 192 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की सूची में तीसरे नंबर पर हैं। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने शुक्रवार को 3.55 अरब डॉलर की कमाई की। इस साल उनकी नेटवर्थ में 32.8 अरब डॉलर की तेजी आई है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स इस सूची में पांचवें नंबर पर हैं। गूगल के फाउंडर लैरी पेज छठे, सर्गेई ब्रिन सातवें, स्टीव बाल्मर आठवें, वॉरेन बफे नौवें और लैरी एलिसन दसवें नंबर पर हैं। भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडानी दुनिया के अमीरों की सूची में 14वें नंबर पर हैं।

# सिंगापुर और हांग कांग भेजे जाने वाले मसालों की ईटीओ जांच अनिवार्य

**नई दिल्ली ।**

सिंगापुर और हांग कांग में एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों पर सवाल उठने के बाद भारत के स्पाइसेज बोर्ड ने दोनों देशों को निर्यात किए जाने वाले मसालों में एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) की जांच अनिवार्य कर दी गई है। 6 मई से ऐसी जांच अवश्य करनी होगी और स्पाइसेज बोर्ड से इस बारे में सर्टिफिकेट मिलने पर ही इन दोनों देशों को मसाले भेजे जाएंगे। बोर्ड के मुताबिक सिंगापुर फूड एजेंसी के मुताबिक, मसालों में ईटीओ की मैक्सिमम रेजिड्यू लिमिट 50पीपीएम होनी चाहिए। हांग कांग में ईटीओ प्रतिबंधित है। लिहाजा रेडी टु ईट प्रोडक्ट्स सहित सिंगापुर और हांग कांग भेजे जाने वाले सभी स्पाइस कंसाइनमेंट्स के साथ स्पाइसेज बोर्ड की ओर से जारी एनालिटिकल रिपोर्ट होनी चाहिए। दुनिया के सबसे बड़े मसाला निर्यातक भारत के लिए यह मामला काफी संवेदनशील है। स्पाइसेज बोर्ड के मुताबिक, 2022-23 में भारत से 3.95 बिलियन डॉलर का मसाला निर्यात हुआ था। एक रिपोर्ट में कहा है कि इस विवाद के चलते भारत के आधे मसाला निर्यात पर आंच आ सकती है। सिंगापुर और हांग कांग ने कथित तौर पर कीटनाशक ईटीओ होने का हवाला देकर एमडीएच और एवरेस्ट के 4 मसाला प्रोडक्ट्स पर प्रतिबंध लगा दिया था। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर के मुताबिक ईटीओ से कैंसर होने का खतरा होता है। एवरेस्ट और एमडीएच ने कहा था कि उनके उत्पादों की क्वॉलिटी बिल्कुल ठीक है।

# चुनाव के बाद टेलीकॉम कंपनियां महंगे करेंगी टैरिफ!

**नई दिल्ली ।**

एक रिपोर्ट के अनुसार इस साल लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में टैरिफ में 20-25 फीसदी बढ़ सकता है। पहले अनुमानों में केवल 10-15 फीसदी बढ़ने की उम्मीद थी। टेलीकॉम कंपनियां अभी भारतीय बाजार में कोई खास हलचल नहीं मचा रही हैं। पिछले एक साल में शेयर बाजार में टेलीकॉम कंपनियों के शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। आंकड़ों के अनुसार बीएसई पर वोडाफोन आइडिया के शेयरों में सबसे ज्यादा उछाल देखी गई, जो 92 फीसदी है। वहीं सुनील भारती मित्तल की भारती एयरटेल के शेयरों में 65 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। टेलीकॉम क्षेत्र की दूसरी कंपनियां भी पीछे नहीं रहीं। इंडस टावर्स के शेयरों में 125 फीसदी की तेजी आई, तो एमटीएनएल के शेयरों में 93 फीसदी का उछाल देखा गया। टाटा कम्युनिकेशंस के शेयरों में 38 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि टाटा टेलीसर्विसेज (महाराष्ट्र) के शेयरों में 32 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। बोफा सिक्योरिटीज का मानना है कि प्योर टेलीकॉम कंपनी के रूप में, वोडाफोन आइडिया टैरिफ बढ़ोतरी का सबसे ज्यादा फायदा उठा सकता है। उनकी रिपोर्ट के अनुसार, अगर प्रति यूजर औसत राजस्व में 5 फीसदी की बढ़ोतरी होती है, तो कंपनी की प्रति शेयर आय में 12 फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। हालांकि, बोफा अभी भी वोडाफोन आइडिया के शेयर को खरीदने की सलाह नहीं दे रहा है। उनकी राय है कि फिलहाल कंपनी के स्पेक्ट्रम पेमेंट को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार हाल ही में धन जुटाने के



बाद वोडाफोन आइडिया का वित्त वर्ष 2025-26 का अनुमानित ईपीएस 2.7 रुपये हो गया है, जो पहले 1.5 रुपये था। वहीं दूसरी ओर भारती एयरटेल के लिए भी बोफा ने वित्त वर्ष 2025-26 के ईपीएस अनुमान में 5-6 फीसद की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उच्च मूल्यह्रास और परिशोधन के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए ईपीएस अनुमान में 2-3 फीसदी की कमी की संभावना है।

## अप्रैल में भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की गति हुई धीमी

**मुंबई ।** भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है।एचएसबीसी इंडिया के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही। लेकिन भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी। कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा, अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यद्यपि कुल बिक्री की तुलना में यह वृद्धि धीमी रही, जिससे पता चलता है कि घरेलू बाजार वृद्धि का मुख्य चालक बना रहा।




## टाइटन का मुनाफा मार्च तिमाही में पांच प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** टाइटन कंपनी का मुनाफा बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में पांच प्रतिशत बढ़कर 771 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 736 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने कहा कि उसकी कुल आय बीते वित्त वर्ष जनवरी-मार्च तिमाही में बढ़कर 11,472 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल समान तिमाही में 9,419 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का मुनाफा 3,496 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 3,274 करोड़ रुपये था। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 47,501 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 38,675 करोड़ रुपये थी।

## प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। इसके साथ ही सरकार ने देसी चने के आयात पर शुल्क से 31 मार्च, 2025 तक छूट देने का फैसला किया। इसके अलावा 31 अक्टूबर, 2024 या उससे पहले जारी किए गए बिल ऑफ एंट्री के जरिये पीले मटर के आयात पर शुल्क छूट भी बढ़ा दी गई है। बिल ऑफ एंट्री एक कानूनी दस्तावेज है जो आयातकों या सीमा शुल्क निकासी एजेंटों के आयातित माल के आगमन पर या उससे पहले दाखिल किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि ये सभी बदलाव चार मई से प्रभावी होंगे। फिलहाल प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा हुआ है। हालांकि, सरकार भारत के मित्र देशों को निर्यात की अनुमति देती है। इसने संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश को एक निश्चित मात्रा में प्याज निर्यात की अनुमति दी हुई है। पिछले साल अगस्त में भारत ने प्याज पर 31 दिसंबर 2023 तक 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया था।

## एनएसई का मुनाफा मार्च तिमाही में बढ़कर 2,488 करोड़

**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मुनाफा 20 प्रतिशत बढ़कर 2,488 करोड़ रुपए रहा। एनएसई ने बयान में कहा कि उसकी एकीकृत परिचालन आय मार्च तिमाही में 34 प्रतिशत बढ़कर 4,625 करोड़ रुपए रही। एनएसई के निदेशक मंडल ने पिछले वित्त वर्ष के लिए 90 रुपए प्रति शेयर (प्री-बोनस) लाभांश की सिफारिश की है। साथ ही, निदेशक मंडल ने मौजूदा एक शेयर के लिए चार बोनस शेयर जारी करने की सिफारिश की है। एकल आधार पर एनएसई का मार्च तिमाही का मुनाफा 1,856 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,810 करोड़ रुपए था। कंपनी की कुल परिचालन आय मार्च तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 4,123 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल समान तिमाही में 3,295 करोड़ रुपए थी।

## हमारे स्लीप थेरेपी उपकरण भारत में उपयोग के लिए सुरक्षित: फिलिप्स

नई दिल्ली । डच हेल्थकेयर कंपनी फिलिप्स का कहना है कि उसने भारत में अपने दोषपूर्ण स्लीप थेरेपी उपकरण सुधार लिए हैं। मौजूदा परीक्षणों के आधार पर उसका कहना है कि उनके निरंतर उपयोग से सेहत को कोई ज्यादा नुकसान होने की संभावना नहीं हैं। बाई-लेवल पॉजिटिव एयरवे प्रेशर (बाईपैप) मशीनों के कुछ मॉडलों में फोम के क्षरण की समस्या आने पर कंपनी को जांच का सामना करना पड़ा है। इस वजह से इसके उपयोगकर्ताओं को सांस लेने में दिक्कत और स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो गया था। स्लीप एपनिया के इलाज के लिए बाईपैप और कंटिन्युअस पॉजिटिव एयरवेज प्रेशर (सीपैप) उपचार वाले उपकरणों का उपयोग किया जाता है। स्लीप एपनिया नींद का ऐसा गंभीर विकार है, जिसमें सांस बार-बार रुकती और चलती है। फिलिप्स ने जून 2021 में अपनी प्रतिक्रिया में सीपैप और बाईपैप उपकरणों के संबंध में फील्ड सेफ्टी नोटिस जारी किया था, जिसमें ध्वनि कम करने वाले फोम के क्षरण को लेकर चिंताओं का हवाला दिया गया था, जिसके कारण श्वसन मार्ग में कण और रसायन जा रहे थे।

## बायजू के खिलाफ एनसीएलटी के समक्ष विक्रेताओं के दावे 190 करोड़ तक पहुंचे

**नई दिल्ली ।** संकट का सामना कर रही बायजू के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष विक्रेताओं के कुल दावे 190 करोड़ रुपए तक पहुंच गए हैं। सूत्रों ने कहा कि इसमें हैंडसेट विनिर्माता ओप्पो ने एक करोड़ रुपए का नया दावा दायर किया है। बायजू के लिए बढ़ते दावे ऐसे समय में सामने आए हैं, जब यह निवेशकों के साथ विवाद के कारण राइट इश्यू से जुटाए गए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि को हासिल नहीं कर पाई है। एक सूत्र ने कहा कि एनसीएलटी के समक्ष बायजू के खिलाफ कुल 190 करोड़ रुपए के दावे किए गए हैं। इसमें चीनी मोबाइल कंपनी ओप्पो का एक करोड़ रुपए का दावा भी शामिल है। इस मामले पर बायजू और ओप्पो को भेजे गए सवालों का कोई जवाब नहीं मिला। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई ने बायजू के खिलाफ 158.9 करोड़ रुपए का सबसे बड़ा दावा दायर किया है। इसके बाद कॉन्जेंट ई–सर्विसेज ने 6.7 करोड़ रुपए और टेलीपरफॉर्मेंस बिजनेस सर्विसेज ने पांच करोड़ रुपए का दावा किया है। एक सूत्र ने कहा कि सभी दावे विवादित हैं और वास्तविक बकाया इससे कम हो सकता है।




# शेयर बाजार में तीन दिन तेजी, एक दिन गिरावट रही

**- सेंसेक्स 732 अंक फिसलकर 73,878 पर बंद**

**- निफ्टी 172 अंक फिसलकर 22,475 पर बंद**

**मुंबई ।** बीते सप्ताह शेयर बाजार के कम कारोबारी दिनो में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। सप्ताह की शुरुआत में तेजी के साथ खुलने वाला शेयर बाजार सप्ताह के आ खिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। हालां कि सेंसेक्स में एक फीसदी की तेजी रही और निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड बनाया। बाजार के विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका में लगातार चार महीनों तक महंगाई बाजार की उम्मीदों से अधिक रहने से मुद्रास्फीति संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। मई के पॉलिसी में अमेरिकी फेड ने अपने मुद्रास्फीति लक्ष्य की दिशा में सीमित प्रगति को स्वीकार किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि महंगाई को लेकर अनिश्चितता बना हुआ है। इसका असर भी बाजार पर देखने को मिला। इसके अलावा लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर बाजार की अटकलों के कारण भी बाजार में बेतहाशा उतार-चढ़ाव बढ़ रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि जैसे-जैसे 4 जून के चुनाव नतीजों की तारीख के करीब पहुंचेंगे, बाजार में अस्थिरता और भी बढ़ सकती है। बीते सप्ताह 1 मई बुधवार को मजदूर दिवस पर बंद रहे जिससे शेयर बाजारों में केवल चार दिन ही कारोबार हुआ। वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। बीएसई का सेंसेक्स 856.90 अंकों की बढ़त के साथ 74,587.06 के स्तर पर खुला और 941.12 अंकों की बढ़त के साथ 74,671.28 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 191.15 अंकों की मजबूती के साथ 22,611.10 पर खुला और 223.46 अंक मजबूत होकर 22,643.40 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 129.61 अंक की तेजी के साथ 74,800 पर खुला और 188.50 अंक की गिरावट के साथ 74,482.78 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी 36.25 अंक की बढ़त के साथ




22,679 के लेवल पर खुला और 38.55 अंक टूटकर 22,604.85 के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 150 अंक बढ़कर 74,639 पर खुला और 74611.11 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 41 अंक बढ़कर 22,646 पर खुला और 22,648 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को सुबह मजबूती के साथ शुरू हुआ घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 400 अंक बढ़कर 75,070 पर खुला और 732.96 अंक फिसलकर 73,878.15 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 135 अंक गिरकर 22,783 पर खुला और 172.33 अंक फिसलकर 22,475.85 पर बंद हुआ।

# अडानी ग्रुप की फिलीपींस में भारी निवेश की योजना

**- अडानी ग्रुप की कंपनियां इससे पहले श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और इजरायल में प्रवेश कर चुकी हैं**

**नई दिल्ली ।**

भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े अमीर करोबारी गौतम अडानी की अगुवाई वाला अडानी ग्रुप अब फिलीपींस में भारी निवेश की योजना बना रहा है। इससे पहले कंपनी श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और इजरायल में प्रवेश कर चुकी है। अडानी ग्रुप की कंपनियां इस देश में पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, पावर और डिफेंस सेक्टर में निवेश करने पर` विचार कर रही हैं। अडानी पोर्ट्स ने फिलीपींस के बटान में एक 25 मीटर डीप पोर्ट को डेवलप करने में दिलचस्पी दिखाई है। यह पोर्ट पैनामैक्स वेसल्स को भी हैंडल कर सकता है। अमूमन इस तरह का जहाज 50,000 से 80,000 डेडवेट टन तक का होता है। ये 965 फीट लंबा, 106 फुट बीम और 39.5 फुट ड्राफ्ट का जहाज होता है। यह भारी मात्रा में सामान ले जा सकता है। दुनिया में कम ही बंदरगाहों में इस तरह के भारीभरकम जहाजों को हैंडल करने की सुविधा होती है। गौतम अडानी के बेटे और अडानी पोर्ट्स के एमडी करण अडानी ने फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्निडाड आर मार्कोस जूनियर के साथ मनीला में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने फिलीपींस में अडानी ग्रुप की निवेश योजनाओं के बारे में बताया। मार्कोस ने अडानी पोर्ट्स की योजनाओं का स्वागत किया। उन्होंने सुझाव दिया कि कंपनी को एग्रीकल्चरल प्रॉडक्ट्स




की हैंडलिंग पर फोकस करना चाहिए ताकि फिलीपींस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश में टूरिस्ट्स के लिए गेटवे डेवलप कर रही है। साथ ही एग्रीकल्चरल प्रॉडक्ट्स की लॉजिस्टिक कॉस्ट को भी सस्ता करने के लिए गेटवे बनाए जा रहे हैं।

## दूरसंचार ग्राहक मार्च में बढ़कर 119.9 करोड़ हुए: ट्राई

**नई दिल्ली ।** रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के नये ग्राहक जोड़ने के कारण देश में दूरसंचार ग्राहक मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 119.9 करोड़ हो गए। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से जारी मासिक ग्राहक रिपोर्ट के अनुसार ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या बढ़कर 92.4 करोड़ हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या फरवरी 2024 के अंत में 1,19.77 करोड़ से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 1,19.93 करोड़ हो गई। इसमें मासिक आधार पर 0.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान रिलायंस जियो ने 21.4 लाख मोबाइल ग्राहक जोड़े, जबकि भारती एयरटेल ने 17.5 लाख ग्राहक जोड़े। दूसरी ओर वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने 6.8 लाख मोबाइल ग्राहक, बीएसएनएल ने 23.5 लाख और एमटीएनएल ने 4,674 ग्राहक खो दिए। मार्च 2024 के अंत तक वायरलाइन ग्राहकों की संख्या बढ़कर 3.37 करोड़ हो गई, जो फरवरी 2024 के अंत तक 3.31 करोड़ थी। वायरलाइन खंड में नए ग्राहक जोड़ने में रिलायंस जियो सबसे आगे रही और उसने 3.99 लाख नए ग्राहक जोड़े। इसके बाद भारती एयरटेल का स्थान रहा और उसने 2,06,042 नए ग्राहक जोड़े। वीआईएल में 39,713 उपयोगकर्ता शामिल हुए। कुल ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या बढ़कर मार्च 2024 के अंत तक 92.40 करोड़ हो गई। इसमें 0.80 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई।

# आज धर्मशाला में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**धर्मशाला (एजेंसी)।** पिछली विजेता चेन्नई सुपर किंग्स रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल 2024 मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। पंजाब की कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। 3 दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपॉक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स की टीम अभी 7वें नंबर पर चल रही है और प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। यह मैच पंजाब के दूसरे घरेलू मैदान धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होगा।

धर्मशाला में यह आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला होगा। हालांकि इस मैदान पर लगातार मुकाबले हुए हैं। वर्ल्ड कप 2023 के दौरान भी मैदान पर कई मैचों का आयोजन हुआ था। पिछले आईपीएल सीजन यहां दो मैच हुए थे। एक मैच में 400 से ज्यादा रन बने थे, तब दूसरे में 188 का टारगेट चेज हो गया था। इसके बाद बल्लेबाजों का जलवा देखने के लिए फिर तैयार रहिए।

इस मैच में ओस की भूमिका नहीं रहेगी है। मैच दिन में 3 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। इसके बाद टॉस उतना अहम नहीं होने वाला है। फिर भी टॉस जीतने वाली टीम पहले बॉलिंग कर सकती। ऐसी पिचों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान होता है।




### टीम

**पंजाब किंग्स-** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ।

**चेन्नई सुपर किंग्स-** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरावेली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, निशांत सिंधु , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्ष्णा और समीर रिजवी।

# हार की वजह ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगेगा: हार्दिक पंड्या



### –केकेआर से हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान ने कहा

**मुंबई, (एजेंसी)।** आईपीएल मे शुक्रवार को मुंबई इंडियंस को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24 रन से हरा दिया। केकेआर के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम 145 रन पर ढेर हो गई। इस हार से कप्तान हार्दिक पंड्या काफी परेशान दिखे। उनसे हार का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हार की वजह ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगेगा।

मुंबई इंडियंस के लिए सिर्फ सूर्यकुमार यादव और टिम डेविड ने थोड़ा संघर्ष किया। बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। पंड्या ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा कि हम साझेदारियां नहीं बना सके और विकेट गंवाते गए। बहुत सारे सवाल हैं और इन सब के जवाब ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगेगा। हार्दिक पंड्या केकेआर के खिलाफ सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, इससे पहले उन्होंने मैच में 2 विकेट लिए।

हार्दिक पंड्या ने केकेआर की पारी को 169 रन तक रोकने के लिए गेंदबाजों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। अगर मैं गलत नहीं हूं तो दूसरी पारी में ओस के कारण विकेट बेहतर हो गया। हमें देखना होगा कि हम क्या बेहतर कर सकते हैं। खेल में संघर्ष जारी रखा जाता है। मैं भी अपनी टीम के खिलाड़ियों से यही कहता हूं।

बता दें कि मुंबई की टीम आईपीएल 2024 की प्लेऑफ रेस से लगभग बाहर हो गई है। वह अपने 11 में से 8 मैच हार चुकी है और 6 अंक के साथ पॉइंट टेबल में नौवें नंबर पर है। सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ही टेबल में उससे नीचे हैं, लेकिन बेंगलुरू को मुंबई से एक मैच ज्यादा खेलना है। बेंगलुरू की टीम 10 में 7 मैच हार चुकी है देखना है कि वह प्लेऑफ में खेलती है या नहीं।

# टी20 विश्व कप टीम का चयन फॉर्म के आधार पर नहीं हुआ: जडेजा



### – कोहली को ओपनिंग तो रोहित को तीसरे नंबर पर उतारें

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर अजेय जडेजा ने टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन पर सवाल उठाए हैं। जडेजा ने कहा है कि चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। उन्होंने टी20 विश्व कप में विराट कोहली को ओपनिंग में उतारने की सलाह दी है जबकि रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर खिलाने का आग्रह किया है।

अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली बीसीसीआई की सीनियर चयन समिति ने 30 अप्रैल को टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दी है। भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के साथ खेलेगी। इसके बाद टीम इंडिया का सामना उसके खास प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। यह मैच 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। टीम चयन को लेकर अजय जडेजा ने कहा कि विराट कोहली को पारी की ओपनिंग करना चाहिए। रोहित को तीसरे नंबर पर उतारा जाना चाहिए। उसे थोड़ा समय मिल जायेगा क्योंकि बतौर कप्तान उसके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा होगा। विराट शीर्षक्रम का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है और पावरप्ले में उसे जमने का मौका मिल जाएगा।

जडेजा ने खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पंड्या के चयन का भी समर्थन किया है। जडेजा ने कहा कि चोट के बाद पंड्या ने आईपीएल में वापसी की लेकिन वह ना तो बल्ले से और ना ही गेंद से अभी तक अपने आप को मजबूत साबित कर पाए हैं। मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या की टीम पर आईपीएल से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। अजेय जडेजा ने कहा कि वह कई कारणों से सुर्खियों में हैं। वह खास खिलाड़ी है और भारत में इस तरह के हरफनमौला खिलाड़ी कम ही मिलते हैं। चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। आपके पास टीम में स्थापित खिलाड़ी हैं। अब देखना यह है कि रोहित क्या सोचते हैं।

# बीसीसीआई को लेकर पूर्व पाक क्रिकेटर का बयान, कहा- 'आईसीस इवेंट में आने से इनकार करना भारत को पड़ेगा भारी'

**मुम्बई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ अक्सर भारत को लेक कुछ ना कुछ उलजलूल बोलते रहते हैं। अब एक बार फिर उन्होंने कहा है कि, भारत अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से मना करता है तो उसे भारी पड़ेगा। सूत्रों ने आईएएनएस को पहले बताया था कि भारतीय टीम पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने ते लिए नहीं जा सकता है। इसमें कहा गया है कि आयोजन स्थ को संभावित रूपय से बदले या हाइब्रिड मॉडल पर विचार करने के बारे में चर्चा हो रही है।

वहीं इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राशिद लतीफ ने द्धहस्‍से कहा कि, आप द्विपक्षीय सीरीज से इनकार कर सकते हैं। लेकिन आईसीसी आयोजनों से इनकार करना कठिन होगा। जब आईसीसी अपनी योजना बनाती है, तो टीमों को पता होता है कि उन्हें कहां खेलना है। जैसे पाकिस्तान को पता था कि उन्हें वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत जाना है, और क्रिकेट बोर्डों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाते हैं।



राशिद लतीफ ने आगे कहा कि, आईसीसी आयोजनों से इंकार करना थोड़ा कठिन लगता है। 1996 वर्ल्ड कप में, ऑस्ट्रेलिया और वेस्डइंडीज ने श्रीलंका जाने से इनकार कर दिया और पूरा समूह बदल गया और श्रीलकं चैंपिय बन गया। ये बहुत बड़ी गलती थी, अगर भारत या पाकिस्तान ने साइन इन किया है तो उन्हें उस इवेंट में जाना होगा। अगर भारत या पाकिस्तान ने साइन इन किया है तो उन्हें उस इवेंट में जाना होगा। अगर सरकारी स्तर पर कोई परिस्थिति बनती है तो क्यों नहीं आ रहे इसका तार्किक जवाब देना होगा। आप पाकिस्तान में हालात नहीं हैं, इसका गवाला देकर द्विपक्षीय सीरीज से इनकार कर सकते हैं। मेरी राय में, आईसीसी आयोजन से इनकार करना उल्टा पड़ सकता है।

# टी20 विश्वकप को लेकर सौरव गांगुली ने की भविष्यवाणी, इन दो टीमों को बताया बेस्ट

**कोलकाता (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने दो टीमों को बेस्ट बताया है। दरअसल, गांगुली ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया को दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के रूप में चुना है। टूर्नामेंट की शुरुआत 2 जून से हो रही है। गांगुली ने कहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया वनडे वर्ल्ड कप 2023 की फाइनलिस्ट हैं। उम्मीद है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपना दबदबा बनाए रखेगा। सौरव गांगुली ने कहा कि, भारत और ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें हैं मुझे यकीन है कि वे अमेरिका और वेस्टइंडीज में भी ऐसा ही करेंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 20 टीमों को 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें सुपर-8 में जगह बनाएंगी। टीम इंडिया ग्रुप ए में है। इस ग्रुप में भारतीय टीम के अलावा पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका की टीम भी शामिल हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में है। इस ग्रुप में उनके अलावा इंग्लैंड, नामीबिया, स्कॉटलैंड और ओमान की टीमें शामिल हैं। इसके अलावा सौरव गांगुली ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय के बारे में कहा कि, ये एक शानदार टीम है, वे सभी मैच विजेता हैं। सभी 15 खिलाड़ी चुने जाने के लिए काफी अच्छे हैं। मुझे यकीन है कि रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ सर्वश्रेष्ठ को चुनेंगे।



# आईपीएल से निकला नया सितारा नीतीश

नई दिल्ली ।आईपीएल के इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से युवा नीतीश रेड्डी ने शानदार प्रदर्शन किया है। नीतीश ने राजस्थान रॉयल्स ओर पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबलों में जिस प्रकार दबाव के बीच ही आक्रामक पारियों खेली हैं। उससे माना जा रहा है कि वह भविष्य में टीम इंडिया के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर सामने आयेंगे। नीतीश ने राजस्थान के खिलाफ हुए मुकाबले में जिस प्रकार दबाव के बीच ही अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई उससे उनकी क्षमताओं का अंदाज होता है। नीतीश सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आईपीएल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। इस युवा ने अपनी पारी के दौरान 3 चौके और 8 छक्के लगाये। इस प्रकार आईपीएल से भारत को एक नई प्रतिभा मिली है। नीतीश इस मैच में जब बल्लेबाजी के लिए उतरे उस समय टीम ने 35 रन पर ही दो विकेट खो दिये थे। इसके बाद रेड्डी ने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर शानदार पारी खेली।



# 4 गेंदों में 3 विकेट लेकर मिचेल स्टार्क ने केकेआर के पैसे वसूल कराएं

नई दिल्ली। वानखेड़े स्टेडियन में खेले गए आईपीएल के एक मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस को 24 रन से हराकर प्लेआफ में जगह बना ली है। केकेआर ने मुंबई को 170 रन का लक्ष्य दिया था. इसके जवाब में मुंबई ने 18 ओवर में 7 विकेट पर 132 रन बना लिए थे। क्रीज पर टिम डेविड जमे थे उनसे मुंबई को जीत की उम्मीद थी, लेकिन 19वां ओवर में मिचेल स्टार्क ने चार गेंदों में तीन विकेट लेकर मुंबई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मिचेल स्टार्क आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। केकेआर ने उन्हें 24.75 करोड़ रुपए देकर अपनी टीम में शामिल किया है। स्टार्क पर केकेआर की इस उम्मीद पर खरा उतरने का दबाव है, जो शुरुआती मैचों नहीं दिखा। इससे उन्हें आलोचना का सामना भी करना पड़ रहा था, लेकिन मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े में खेले मैच में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस मैच से मिचेल स्टार्क ने केकेआर के पैसे वसूल करा दिए। मिचेल स्टार्क जब मुंबई की पारी का 19वां ओवर लेकर आए तो टिम डेविड ने पहली गेंद पर छक्का जड़ दिया। मिचेल इससे पहले आरसीबी के खिलाफ आखिरी ओवर में 3 छक्के पड़वा चुके थे और केकेआर के फैंस के जेहन में वही यादें ताजा हो गई, लेकिन मिचेल बार-बार एक ही गलती नहीं करते। इस बार मिचेल अलग अंदाज में सामने थे और उन्होंने छक्का मारने वाले डेविड को अगली ही गेंद पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करवा दिया। स्टार्क ने इसके बाद ओवर की तीसरी गेंद पर पीयूष चावला और पांचवीं गेंद पर कोएत्जी को बोल्ड किया। मिचेल स्टार्क ने अपने इस ओवर के स्पेल में 33 रन देकर 4 विकेट झटके। यह आईपीएल इतिहास में सिर्फ चौथा मौका है जब केकेआर के किसी गेंदबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 4 विकेट लिए। हालांकि, इस प्रदर्शन के बावजूद स्टार्क प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड अपने नाम नहीं कर पाए।

# आईपीएल प्लेऑफ की तस्वीर अब भी साफ नहीं हुई

### –10 टीमें आने से समीकरण बदला

**मुम्बई (एजेंसी) ।** (ईएमएस)। आईपीएल में अब तक तक हुए 50 मैचों के बाद केवल एक टीम राजस्थान रॉयल्स का ही प्लेआफ में पहुंचना तय है। वहीं अन्य टीमों को लेकर संशय बना हुआ है। राजस्थान के सबसे अधिक 16 अंक हं जबकि कोलकाता नाइटराइडर्स, लखनऊ सुपरजाइंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद सभी के 12-12 अंक है और इनके बीच प्लेऑफ के लिए कड़ा मुकाबला है। इसके बाद चेन्नई सुपरकिंग्स और दिल्ली कैपिटल्स भी 10-10 अंक लेकर प्लेफऑफ के लिए संघर्ष कर रही हैं। आईपीएल में जब से 10 टीमें हुई हैं तब से प्लेऑफ का समीकरण थोड़ा बदल गया है। पहले 14 अंक लेकर भी टीमें आसानी से प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाती थीं पर अब अब 16 अंक भी पर्याप्त नहीं माने जा रहे हैं। आईपीएल के पिछले दो सत्र में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चार में से तीन टीमों के 16 से अधिक अंक थे जबकि चौथी टीम ने 16 अंक के साथ क्वालीफाई किया था। ऐसे में इस बार भी जिस टीम को प्लेऑफ खेलना है तो उसे कम से कम 16 अंक हासिल करने होंगे। चेन्नई सुपरकिंग्स और दिल्ली को अपने बाकि मैचों को जीतने के साथ ही अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। के लिहाज से देखें तो उसे अपने बाकी बचे चार में से तीन मैच हर हाल में जीतने होंगे. दूसरी ओर, टॉप-4 में काबिज कोलकाता, लखनऊ, हैदराबाद अगर अपने 2 मैच भी जीत लें तो उनके प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बेहद मजबूत हो जाएगी।



# शुभमन गिल ने हरलीन देओल को दिए बैटिंग टिप्स




नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने अभ्यास के बाद भारतीय महिला क्रिकेटर हरलीन देओल के साथ बातचीत की। जिसका वीडियो गुजरात ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया। वहीं वीडियो में देखा जा सकता है कि गिल हरलीन को क्रिकेट शॉट को लेकर कुछ बता रहे हैं। बता दें कि, हरलीन भी महिला प्रीमियर लीग में गुजरात के लिए खेलती हैं। हरलीन महिला प्रीमियर लीग में चोटिल हो गई थीं, यूपी वॉरियर्स के खिलाफ हुए एक मैच में उनके घुटने में चोट लग गई थी। गुजरात टाइटंस के लिए आज अहम मुकाबला है, उसे जीतना जरूरी है तभी वह प्लेऑफ की लड़ाई में दावेदारी पेश करेगी। गुजरात टाइटंस 10 में से सिर्फ 4 मैच जीते हैं, उसके 8 अंक हैं। टीम के 4 मैच बचे हैं, चारों जीतने के बाद वह 16 अंकों तक पहुंच सकती है।

# लीवर कप हो सकता है नडाल का अंतिम टूर्नामेंट

बार्सिलोना । स्पेन के टेनिस स्टार रफेल नडाल ने कहा है कि 2024 एटीपी टूर उनका आखिरी साल हो सकता है। नडाल के अनुसार वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप के बाद नहीं खेलेंगे। ऐसे में ये उनका अंतिम टूर्नामेंट हो सकता है। नडाल 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रहे हैं। इससे पहले उन्होंने पिछले सप्ताह ही बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका अंतिम मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में अब तक 12 बार खिताब जीते हैं। इस खिलाड़ी ने कहा, ''अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहता हूं।'' वह लंबे समय से चोटों से परेशान रहे हैं। इसी कारण उन्होंने इस साल केवल पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं। गौरतलब है कि लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप टीम के बीच खेली जाती है। नडाल ने कहा, ''मैं टीम यूरोप के लिए बर्लिन में लीवर कप खेलने को लेकर बहुत खुश हूं।'' उन्होंने कहा, ''मेरे पास लीवर कप के अनुभवों की कुछ विशेष यादें हैं जिनमें दो साल पहले अंतिम बार रोजर फेडरर के साथ खेलना भी शामिल है। नडाल को तब फेडरर ने अपना जोड़ीदार बनाया है।



# पैरालिंपिक में पदक जीतना चाहती है टेटे खिलाड़ी विजया



हैदराबाद । यूटीटी पैरा टेबल टेनिस नेशनल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र की पदक विजेता विजया दीपिका गंगापट्टनम का लक्ष्य अब पैरालिंपिक में भारत के लिए पदक जीतना है। विजया ने राष्ट्रीय स्तर पर एकल में रजत और युगल में अपने जोड़ीदार के साथ कांस्य पदक जीता है। विजया का यहां तक का सफर जुझारु क्षमता की मिसाल है। हव हड्डियों की एक गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं जिसके कारण उसके शरीर में 45 फ्रैक्चर हैं। यहां तक कि झटके लगने पर भी हजिंदगी हड्डी टूट जाती है। इसके बाद भी कठिन परिश्रम कर विजया ने टेबल टेनिस खेलकर अपनी किस्मत बदली है। विजया का भाई भी टेबल टेनिस खेलता है। उसे इस खेल में पिता का पूरा समर्थन मिला। विजया के पिता ने कहा कि उसे जन्म के दौरान भी फ्रैक्चर का सामना करना पड़ा क्योंकि डॉक्टरों को उसकी पहले से स्थिति के बारे में पता नहीं था। विजया के ज्यादातर फ्रैक्चर तब हुए जब वह छोटी थी और घुटनों के बल चल रही थी। उसे अपने शरीर का भार अपने हाथों पर उठाना पड़ता था। वह अलग अलग तरह के व्हीलचेयर का उपयोग करती है। व्हीलचेयर बदलते समय वह कई बार गिर चुकी है। वह नहाने समय फिसल जाती थी, जिसके उसके पैर टूट गए। विजया को सात साल की उम्र तक चलने में दिक्कत होती थी, क्योंकि उसके कूल्हे और घुटने में फैक्चर हो गया था। जिसके कारण सर्जरी करानी पड़ी। इन समस्याओं के कारण उसे अपने दिन-प्रतिदिन के कामों के लिए सहायता लेनी पड़ी। वह अन्य बच्चों की तरह स्कूल नहीं जाती क्योंकि वहां चोट का खतरा बना रहता है।

# यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित, डिफेंडर रोहित को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम,नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा करने वाले भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा शनिवार को यहां कर दी गई। भारतीय जूनियर अपना पहला मैच 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे जबकि उनका अगला मुकाबला 22 मई को ब्रेडा, नीदरलैंड में बेल्जियम से ही होगा। भारतीय टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी और उसके बाद 28 मई को जर्मनी में जर्मनी के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद वे 29 मई को दौरे के अपने अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेंगे।




भारतीय टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी उपकप्तान होंगे। गोलकीपिंग विभाग की कमान प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह के हाथों में होगी, जबकि शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल एक्का, रोहित, मनोज यादव और तालेम प्रियो बाटर को डिफेंडर के रूप में चुना गया है। अंकित पाल, रोशन कुजूर, बिपिन बिलवारा रवि, मुकेश टोप्पो, मनमीत सिंह और वचन एच ए मिडफील्ड में विपक्षी टीम को झकायेंगे वहीं फॉरवड में सौरभ आनंद कुशवाह, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद, कोनैन दाद, दिलराज सिंह और गुरसेवक सिंह की भूमिका अहम होगी।

कप्तान रोहित ने कहा, 'हम अपने शिविर में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और एक-दूसरे के गेमप्ले की समझ विकसित कर चुके हैं। दूसरे देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना अद्भुत होगा, जिससे हमें अपने खेल को बेहतर बनाने और इस तरह के प्रदर्शन से बेहतर होने में मदद मिलेगी।'

### टीम

गोलकीपर - प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह

डिफेंडर- शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल एक्का, रोहित, मनोज यादव, तालेम प्रियो बार्टा

मिडफील्डर - अंकित पाल, रोशन कुजूर, बिपिन बिलवारा रवि, मुकेश टोप्पो, मनमीत सिंह, वचन एच ए

फॉरवर्ड - सौरभ आनंद कुशवाहा, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद कोनैन दाद, दिलराज सिंह, गुरसेवक सिंह

## अमेरिकन एयर फोर्स के एआई संचालित एफ-16 लड़ाकू जेट ने भरी उड़ान



वाशिंगटन। अमेरिका की वायुसेना ने एक एआई संचालित प्रायोगिक एफ-16 लड़ाकू जेट को उड़ाने में सफलता हासिल कर ली है। इस जेट की खासीयत यह है कि इसे मानव पायलट द्वारा नहीं, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा नियंत्रित किया गया। उड़ान भरे विमान में देश की वायुसेना के सचिव फ्रैंक केंडल सवार थे। इसे एआई सैन्य विमानन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धी माना जा रहा है। यह अलग बात है कि इसकी प्रौद्योगिकी पूरी तरह से विकसित नहीं हुई है, लेकिन अमेरिकी वायुसेना ने साल 2028 तक एआई संचालित 1,000 से अधिक मानवरहित युद्धक विमानों को संचालित करने का लक्ष्य रख कार्य शुरु कर दिया है। जानकारी अनुसार प्रायोगिक एफ-16 लड़ाकू जेट ने एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस से उड़ान भरी। इसमें सवाल फ्रैंक केंडल ने भविष्य के हवाई युद्ध में एआई संचालित युद्धक विमानों की भूमिका को बरीकी से जांचने के लिए ही विमान में उड़ान भरी थी। दरअसल केंडल ने उड़ान पूरी करने के बाद कहा, कि इसे सेवा में न रखना एक सुरक्षा जोखिम है, इसलिए यह हमें जरूर मिलना चाहिए। एआई-नियंत्रित एफ-16 को 'विस्टा' नाम दिया गया। बताया गया है कि इस विमान ने 550 मील प्रति घंटे से भी अधिक की गति से उड़ान भरी थी, जो कि सफल रही।

## गाजा के पुनर्निर्माण में 40 अरब डॉलर का अनुमानित खर्च आएगा : संयुक्त राष्ट्र

अम्मान। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने बताया कि युद्धग्रस्त गाजा के पुनर्निर्माण में अनुमानित 30 अरब डॉलर से 40 अरब डॉलर (2.5 से 3.5 अरब रुपये) की लागत आएगी। रिपोर्ट में बताया गया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यह पहली बार होगा जब इतने बड़े पैमाने पर कोशिश होगी। संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव अब्दुल्ला अल-दारदारी ने कहा, गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम का प्रारंभिक अनुमान 30 अरब डॉलर से 40 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। दारदारी ने कहा, विनाश का पैमाना बहुत बड़ा और अभूतपूर्व हैज यह एक ऐसा मिशन है जिसे वैश्विक समुदाय ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से नहीं निपटाया है। उन्होंने कहा कि अगर गाजा का पुनर्निर्माण सामान्य प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, तब इसमें दशकों लग सकते हैं, और फिलिस्तीनी लोगों के पास दशकों तक इंतजार करने की सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि बमबारी और विस्फोटों से पैदा मलबा कुल अनुमानत: 37 मिलियन टन होगा। उन्होंने कहा, 'हम एक विशाल आंकड़े के बारे में बात कर रहे हैं और यह आंकड़ा हर दिन बढ़ रहा है। नवीनतम आंकड़ों से संकेत मिलता है कि यह पहले से ही 40 मिलियन टन के करीब पहुंच रहा है। दारदारी ने कहा कि सभी आवासीय भवनों में से 72 प्रतिशत पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो गए हैं। उन्होंने कहा कि, हमें पता नहीं है कि युद्ध समाप्त होगा भी या नहीं। गाजा पट्टी में युद्ध के बाद किस प्रकार की सरकार बनेगी उसके ऊपर निर्भर रहेगी।

## कोरल गैबल्स की संपत्ति में हो रहा तेजी से इजाफा, अमीरी के मामले में न्यूयॉर्क और कैलीफोर्निया को पीछे छोड़ा



न्यूयॉर्क। अमेरिका में कोरल गैबल्स फ्लोरीडा का मियामी के दक्षिण-पश्चिम का इलाका है जहां की आबादी करीब 50 हजार के लगभग है। लेकिन हाल के समय में इस इलाके की सम्पत्ति में तेजी से इजाफा हुआ जिसने अमीर पड़ोस होने के मामले में न्यूयॉर्क और कैलीफोर्निया तक को पीछे छोड़ दिया है। हाल ही में इसने कैलिफ़ोर्निया और न्यूयॉर्क के क्षेत्रों के इलाकों को पछाड़ा है। नए जिलो डेटा के अनुसार, कोरल गैबल्स का आलीशान मियामी-क्षेत्र अब इस समूह में सबसे आगे है, जहां अमीर गैबल्स एस्टेट में औसत संपत्ति 1.914 करोड़ डॉलर यानी 15 करोड़ 98 लाख रुपयों की हो गई है। कोरल गैबल्स ने जिन समृद्ध क्षेत्रों में पीछे छोड़ा है उनमें से एक कैलिफ़ोर्निया का जाने माने बेवर्ली हिल्स की सम्पत्ति भी शामिल है।अब अमेरिका के दस सबसे महंगे इलाकों में से सात फ्लोरिडा में हैं, जबकि कैलिफोर्निया में अन्य तीन हैं। मार्च 2020 में पहली महामारी के बंद होने से ठीक पहले, दस सबसे महंगी जगहों में छह कैलिफ़ोर्निया ने में थे। न्यूयॉर्क शहर ने नाम दो थे। लेकिन अब ऐसा लगता है कि सनशाइन स्टेट की ओर पलायन हो गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस नए रुझान को फैरेल, एलेक्स रोड्रिग्ज और मार्क एंथोनी सहित क्षेत्र में निवास करने वाली विशाल ए-सूची सेलिब्रेटीज की मदद मिली है। बर्कशायर हैथवे होमसर्विसेज ईडब्ल्यूएम रियल्टी के अध्यक्ष और सीईओ रॉन शफील्ड ने कहा, कोविड खरीदारों के इस पूरे नए समूह को लाया है, जिन्हें एहसास हुआ कि वे जहां भी रहना चाहते हैं, रह सकते हैं। शफील्ड का कहना है कि फ्लोरिडा राज्य ने जिस तरह से कोविड को संभाला, वह दुनिया को एक संदेश था कि यह एक व्यापार अनुकूल राज्य हैं। वह आज भी जारी है। मियामी हेराल्ड के अनुसार, स्पैनिश ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के सीईओ राउल अलारकोन ने हाल ही में अपनी भव्य हवेली को 7 करोड़ डॉलर 5 करोड़ 43 लाख रुपयों में सूचीबद्ध किया है। फ्लोरिडा में एकल-परिवार वाले घर की बिक्री 2021 में 814 से घटकर 2022 में 425 और फिर 2023 में सिर्फ 357 रह गई।

## जापान में है 700 साल पुराना तलाक मंदिर, मंदिर जापान के कामाकुरा शहर में है स्थित

टोक्यो। हम आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे तलाक मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर का नाम मात्सुगाओका टोकेई-जी है। यह जापान में स्थित है। 12वीं और 13वीं शताब्दी के दौरान जापानी समाज में केवल पुरुषों के लिए ही तलाक की व्यवस्था थी।

उन दिनों पुरुष अपनी पत्नियों को बहुत आसानी से तलाक दे सकते थे, लेकिन इस मंदिर के दरवाजे उन महिलाओं के लिए खुले थे जो घरेलू हिंसा या दुर्व्यवहार की शिकार थीं। तलाक मंदिर थोड़ा अजीब जरूर लगता है, लेकिन इसके पीछे भी एक कहानी है। लोगों की मानें तो टोकई-जी का इतिहास करीब 700 साल पुराना है। यह मंदिर जापान के कामाकुरा शहर में स्थित है। यह मंदिर घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं का घर माना जाता है। कहा जाता है कि सदियों पहले महिलाएं अपने अत्याचारी पतियों से छुटकारा पाने के लिए इस मंदिर में शरण लेती थीं। बता दें कि इस मंदिर का निर्माण काकुसन नाम की नन ने अपने पति होजो टोकिमुन के साथ मिलकर करवाया था। वह न तो अपने पति से खुश थी और न ही उसके पास तलाक लेने का कोई रास्ता था। जापान में कामाकुरा युग के दौरान, महिलाओं के पति बिना कोई कारण बताए अपनी शादी तोड़ सकते थे। इसके लिए उन्हें साढ़े तीन लाइन का नोटिस लिखना पड़ा। लोगों के श्वद्ध इस मंदिर में महिलाएं करीब तीन साल तक रहकर अपने पति को तलाक दे सकती थीं। बाद में इसे घटाकर दो साल कर दिया गया। वर्ष 1902 तक मंदिर में पुरुषों का प्रवेश सख्त वर्जित था। लेकिन इसके बाद, जब 1902 में एंगाकु-जी ने मंदिर पर कब्जा कर लिया, तो उन्होंने एक पुरुष मठाधीश को नियुक्त किया। बता दें कि दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं जो अपने अजीब इतिहास के लिए जानी जाती हैं। भारत में ही आपको ऐसी कई जगहें मिल जाएंगी।




पर्यावरण अभियानकर्ता लंदन, ब्रिटेन में उच्च न्यायालय के बाहर तख्तियां लेकर खड़े हुए। लंदन के उच्च न्यायालय ने फ्रेंड्स ऑफ द अर्थ, क्लाइंटअर्थ और गुड लॉ द्वारा लाई गई कानूनी चुनौती में फैसला सुनाया है कि ब्रिटेन की नवीनतम जलवायु कार्रवाई योजना गैरकानूनी है।

## संघर्ष विराम के लिए तुर्की ने इजरायल पर शिकंजा कसा



इस्तांबुल। इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग को रोकने के लिए कई देश प्रयास कर चुके हैं। कुछ ने अपने स्तर पर इजरायल पर शिकंजा भी भी कसा। तुर्की शांति के लिए इजराइल के खिलाफ कुछ फैसले लिए हैं। तुर्की व्यापार मंत्रालय के अनुसार, गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजरायली हमले के कारण तुर्की ने गुरुवार को इजरायल के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियां रोक दीं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा है कि इजरायल के साथ व्यापार निलंबित करने के तुर्की के फैसले का एक ही मकसद था। इजरायल सरकार को गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए मजबूर करना। उन्होंने शुक्रवार को इस्तांबुल में इंडिपेंडेंट इंडस्ट्रियलिस्ट्स एंड बिजनेसमैन एसोसिएशन के निदेशक मंडल के साथ बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि सरकार इस बात पर व्यापारिक समुदाय के साथ विचार करेगी कि इजरायल के साथ व्यापार रोकने का अर्थव्यवस्था पर कितना असर पड़ेगा।

# भारत की ए1 डिप्लोमेसी का एक और नजारा, ईरान की कैद से 17 भारतीयों को मिली आजादी, दुनिया हैरान!

**ओटावा (एजेंसी)।** एक बार फिर भारत ने बड़ी जीत अपने नाम की है। भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी पक्की कर ली है। अरब सागर में मौजूद वो जहाज जिसे ईरान ने अपने कब्जे में लिया था उस पर 17 हिंदुस्तानी सवार थे। अब खबर आई है कि सभी के सभी भारतीयों को अब ईरान ने आजाद कर दिया है। लंबे संघर्ष और बातचीत के कई दौर के बाद पूरे 17 भारतीय नागरिकों की रिहाई पक्की हो गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से लगातार ईरान के साथ संपर्क साधा गया था। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुद अपने समकक्ष ईरानी विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियन के साथ कई बार फोन पर बातचीत की। इस बातचीत में शिप पर सवार भारतीयों की सुरक्षा को लेकर जानकारी हासिल की गई। उनकी रिहाई को लेकर ईरान से बात भी की थी।



ईरान ने कहा है कि उसने पुर्तगाली ध्वज वाले मालवाहक जहाज एमएससी एरीज़ के सभी चालक दल के सदस्यों को रिहा कर दिया है, जिसके 25 चालक दल में से 17 भारतीय थे। रानी रीडआउट के अनुसार, ईरानी विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियन ने अपने एस्टोनियाई समकक्ष मार्गस त्साहकना के साथ फोन पर बातचीत के दौरान जहाज के चालक दल की रिहाई का उल्लेख किया। इजरायल से जुड़े कंटेनर जहाज के 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों में से एकमात्र महिला कैडेट एन टेसा जोसेफ को 13 अप्रैल को ईरान की सेना द्वारा टैंकर को जब्त करने के कुछ दिनों बाद रिहा कर दिया गया था। ईरान के इस्लामी गणराज्य के क्षेत्रीय जल में जब्त किए गए पुर्तगाली जहाज और एस्टोनियाई चालक दल की रिहाई के संबंध में एस्टोनियाई पक्ष के अनुरोध के जवाब में अमीरबदोल्लाहियन ने कहा कि जहाज ने ईरान के जल क्षेत्र में अपने रडार को बंद कर दिया था और नेविगेशन की सुरक्षा को खतरे में डाला। जिसके बाद न्यायिक नियमों के तहत हिरासत में लिया गया है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि ईरान ने मानवीय आधार पर पहले ही जहाज के सभी चालक दल के सदस्यों को रिहा कर दिया है, और यदि जहाज के कप्तान उनके साथ जाते हैं, तो एस्टोनियाई सहित चालक दल अपने देश लौट सकते हैं। ईरानी सेना द्वारा जहाज को जब्त करने के कुछ घंटों बाद, व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा था कि जहाज के चालक दल में भारतीय, फिलिपिनो, पाकिस्तानी, रूसी और एस्टोनियाई नागरिक शामिल थे।

## निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा पुलिस ने तीन आरोपी गिरफ्तार किए

ओटावा। पिछले साल कनाडा के के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच काफी तनाव आ गया था। बाद में भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया था। अब कनाडा पुलिस ने निज्जर की हत्या के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अदालत के दस्तावेजों से पता चलता है कि निज्जर की हत्या के मामले में करणप्रीत सिंह (28), कमलप्रीत सिंह (22) और करण बराड़ (22) पर हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप है। निज्जर (45 वर्षीय) को 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरुद्वारे के बाहर गोली मार दी गई थी। वह कनाडा का नागरिक था। रॉयल कैनेडियन माउंटेन पुलिस ने इन संदिग्धों की तस्वीर भी जारी की है। जांचकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार ने इन लोगों को निज्जर की हत्या का काम सौंपा था।

## अमेरिका में फलस्तीन का समर्थन करने वाले ढाई हजार छात्र गिरफ्तार



**लास एंजिलिस (एजेंसी)।** अमेरिका में फलस्तीनियों के समर्थन में तमाम शैक्षणिक संस्थाओं में धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं। जिसको लेकर कहा जा रहा है कि अमेरिका इन आंदोलनकारियों की आवाज दबाकर आंदोलन को कुचलने की कोशिश की जा रही है। शुक्रवार सुबह न्यूयार्क विश्वविद्यालय में पहुंची पुलिस ने वहां चल रहे फलस्तीन समर्थक धरने को खत्म करा दिया और एक दर्जन छात्रों को गिरफ्तार कर लिया। न्यूयार्क के न्यू पॉज स्थित स्टेट यूनिवर्सिटी में भी 133 लोगों को गिरफ्तार किए जाने की सूचना है। इस प्रकार से गिरफ्तार छात्र-छात्राओं की कुल संख्या 2,500 से ज्यादा हो गई है।

पुलिस ने 40 स्थानों से आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया है। ये आंदोलनकारी इजरायल के साथ कारोबार करने वाली कंपनियों के बहिष्कार का आह्वान भी कर रहे हैं। इन आंदोलनों पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि अमेरिका में विरोध प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन अराजकता फैलाने, हिंसा करने और सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लॉस एंजिलिस पुलिस ने बताया है कि गुरुवार को कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से 210 लोग गिरफ्तार किए गए और अन्य संस्थाओं में कार्रवाई कर सैकड़ों और गिरफ्तार किए गए। बीते दो हफ्तों में अमेरिका के ज्यादातर विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में गाजा में इजरायली हमले के विरोध में आंदोलन हुए हैं और दर्जनों स्थानों पर धरने दिए गए हैं। ओरेगोन के पोर्टलैंड विश्वविद्यालय में भी पुलिस ने वहां से बेरिकेडिंग हटाई है और वहां धरना दे रहे छात्रों को हटाया है। न्यू हैंपशायर के डार्टमुथ विश्वविद्यालय में पुलिस ने कार्रवाई कर 100 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। फलस्तीनियों के समर्थन में आंदोलन के चलते अमेरिकी शिक्षण संस्थाओं में पढ़ाई और अन्य गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। इसके चलते प्रशासन को कई पूर्व नियोजित कार्यक्रम रद करने पड़े हैं। इससे पहले कोलंबिया विश्वविद्यालय में दंगा निरोधी पुलिस ने कार्रवाई कर छात्रों के कब्जे से आइवी स्कूल भवन को मुक्त कराया था। उस दिन पुलिस ने विश्वविद्यालय परिसर में फायरिंग भी की थी लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। गुरुवार-शुक्रवार को कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के साथ ही कई अन्य शिक्षण संस्थाओं में पुलिस ने बल प्रयोग कर आंदोलनकारी छात्रों के धरने हटाए और उन्हें गिरफ्तार किया।

## इंग्लैंड में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की करारी हार...सुनक पर चुनाव करने का दबाव

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड में स्थानीय चुनावों में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की करारी हार हुई है। इसके बाद ब्रिटेन की लेबर पार्टी ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से आम चुनाव कराने का आग्रह किया। टोरीज ने जिन सीटों पर चुनाव लड़ा उसमें से लगभग आधी सीटें हार गईं। इसके विपरीत, लेबर ने उन परिषदों में जीत हासिल की जो पार्टी के पास दशकों से नहीं थीं। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कहा कि यहां ब्लैकपूल से एक तरह का संदेश सीधे प्रधानमंत्री सुनक को दिया गया है। स्टार्मर ने कहा कि यह सीधे तौर पर सुनक को कहा गया कि हम आपके डाउनफॉल, आपकी अराजकता और आपके विभाजन की नीतियों से तंग आ चुके हैं, हम बदलाव चाहते हैं।

सुनक के पास आम चुनाव की तारीख तय करने की शक्ति है, लेकिन चुनाव अगले साल 28 जनवरी से पहले आयोजित होना चाहिए। कंजर्वेटिव पार्टी के अध्यक्ष रिचर्ड होल्डन ने कहा कि यह एक कठिन रात थी। राष्ट्रीय सर्वेक्षणों से पता चलता है कि लेबर पार्टी 20 प्रतिशत अंक आगे है।

सप्ताहांत में नतीजे आते रहने वाले हैं, जिसमें लंदन में प्रमुख मेयर पद की प्रतियोगिता भी शामिल है, जहां लेबर के सादिक खान को फिर से चुने जाने की उम्मीद है। अन्यत्र, मध्यमार्गी लिबरल डेमोक्रेट और ग्रीन पार्टी ने भी लाभ कमाया, जैसा कि रिफॉर्म यूके ने किया, जो कंजर्वेटिव मतदाताओं को दाईं ओर ले जाने की कोशिश कर रहा है।

## भारत ने की थी चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश... खालिस्तानियों का जिक्र कर कनाडा जांच आयोग ने किया बेबुनियाद दावा

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद के बीच ओटावा के आयुक्त के नेतृत्व में एक स्वतंत्र सार्वजनिक जांच में दावा किया गया है कि भारत देश में खालिस्तानी अलगाववादियों पर अपनी चिंताओं के बीच कनाडाई राजनेताओं को प्रभावित करने का प्रयास कर रहा है। कमिश्नर मैरी-जोसी हॉग की अंतरिम रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, कनाडा स्थित प्रॉक्सी समेत भारतीय अधिकारी कई गतिविधियों में शामिल हैं। ये विभिन्न मुद्दों पर ओटावा की स्थिति को नई दिल्ली के हितों के साथ ÷संरेखित÷ करने के लिए कनाडाई समुदायों और राजनेताओं को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कनाडा के पिछले दो संघीय चुनावों, 2019 और 2021 में विदेशी हस्तक्षेप के सबूत थे। हालांकि, चुनाव परिणाम प्रभावित नहीं हुए और चुनावी प्रणाली मजबूत थी।



194 पन्नों की रिपोर्ट में कुल 43 बार भारत का जिक्र किया गया। प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया कि कनाडा में भारत की रुचि कनाडा के बड़े दक्षिण एशियाई समुदाय से संबंधित है। भारत इन समुदायों के एक हिस्से को भारत विरोधी भावना को बढ़ावा देने वाले के रूप में देखता है और भारत की स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत खालिस्तानी अलगाववाद से जुड़े किसी भी व्यक्ति को देश के लिए ÷देशद्रोही खतरे÷ के रूप में देखता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत वैध खालिस्तान समर्थक राजनीतिक वकालत और अपेक्षाकृत छोटे कनाडा स्थित खालिस्तानी हिंसक उग्रवाद के बीच अंतर नहीं करता है।

कनाडाई रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया कि भारतीय विदेशी हस्तक्षेप का निशाना अक्सर इंडो-कैनेडियन समुदाय के सदस्य थे। लेकिन, प्रमुख गैर-भारत-कनाडाई भी भारत की विदेशी प्रभाव गतिविधियों के अधीन हैं। इसमें कहा गया है कि ये गतिविधियाँ कनाडा के लोकतांत्रिक संस्थानों को प्रभावित करने के उद्देश्य से नहीं हो सकती हैं, लेकिन फिर भी महत्वपूर्ण हैं। कनाडा में भारतीय अधिकारी विदेशी हस्तक्षेप करने के लिए कनाडाई और कनाडाई-आधारित प्रॉक्सी और उनके नेटवर्क में संपर्कों पर तेजी से भरोसा कर रहे हैं। यह भारत और विदेशी हस्तक्षेप गतिविधियों के बीच किसी भी स्पष्ट संबंध को अस्पष्ट करता है। प्रॉक्सी भारत और भारत में भारतीय खुफिया अधिकारियों के साथ संपर्क करते हैं और काम करते हैं कनाडा, उनसे स्पष्ट और अप्रत्यक्ष दोनों दिशा-निर्देश ले रहा है।

# शहबाज जाएंगे, नवाज आएंगे, पाकिस्तान में फिर होगा चुनाव?

**प्योंगयांग (एजेंसी)।** कंगाल, बदहाल और दाने-दाने को मोहताज मुल्क पाकिस्तान में वैसे तो खाने के लिए भी पैसे नहीं हैं। वहां की आवाम महंगाई पर त्राहिमाम कर रही है। लेकिन पाकिस्तान के हुक्मरानों को वहां के लोगों की परवाह कहां है। उन्हें तो अपनी हुकूमत अपनी शान और पार्टी की तरक्की से मतलब है। इसकी तरफ तब दिखी जब हाल ही में पाकिस्तान में मध्याविधी चुनाव की आहट सुनाई पड़ी। हाल ही में चुनाव में हुए धांधली और फर्जीवाड़े के जरिए आवाम के साथ किए गए मजाक की पूरी दुनिया में खूब किरकिरी हुई। लेकिन चुनाव के नाम पर किए गए धोखे के बाद भी पाकिस्तान को अपनी ऊंगली पर नचाने वाली सेना के मंसूबे उतने हद तक कामयाब नहीं हो पाए। इसलिए पाकिस्तान में फिर से चुनाव की बात अब उठने लगी है। चुनाव के नाम हुए धांधली की नई कहानी लिखी जा रही है। इलेक्शन को लेकर इंटरनेशन बेइज्जती के बावजूद चुनाव कराने का दंभ भरा जा रहा है।

चुनाव की बात नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएनएल ने उछाली है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता जावेद लतीफ ने अपनी ही केंद्र सरकार के लिए खतरे की घंटी बजा दी है और संकेत दिया है कि देश के प्रधान मंत्री के रूप में नवाज शरीफ के चौथे कार्यकाल का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अगले दो वर्षों के भीतर शीघ्र चुनाव हो सकते हैं।सत्तारूढ़ पार्टी के वरिष्ठ नेता और नवाज शरीफ के करीबी जावेद लतीफ ने इसको लेकर एक इंटरव्यू में दावे किए हैं। उन्होंने कहा कि नवाज शरीफ चौथी बार प्रधानमंत्री बनने वाले थे। लेकिन हमारी पार्टी 8 फरवरी को हुए चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल करने में कामयाब नहीं हो पाई। उन्होंने कहा कि चाहे चुनाव दो या पांच साल में हों, पीएमएल-एन सुप्रीमो चौथी बार सत्ता की बागडोर संभालेंगे। नवाज दो साल के भीतर शीर्ष स्थान कैसे हासिल कर सकते हैं, खासकर जब उनके अपने भाई इस पर काबिज हैं, तो लतीफ ने कहा कि यह चुनाव के जरिए संभव होगा। चुनाव कल भी हो सकते हैं। उन्होंने भविष्यवाणी की कि यहां तक ??कि जो लोग एक बार प्रधानमंत्री के रूप में चौथे कार्यकाल के लिए नवाज की राह में बाधा बने थे, वे भी अब उनके पीछे रैली करेंगे।



# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने का दिया निर्देश

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण एवं झारखंड राज्य के पहले चरण में 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर शनिवार को 12-लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मांडर स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पिछले चुनाव के दौरान कम वोटिंग प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुढ़ाखुखरा, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुवाजाड़ी, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, डुमरी एवं राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कैम्बो तथा राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गुड़गुड़जाड़ी स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य में बीएलओ सुपरवाइजर की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए ठीक से कार्य करने की चेतावनी दी।



रवि कुमार ने निर्वाचन कार्य में लगे बीएलओ को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण दो दिनों में पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया। साथ ही बीएलओ सुपरवाइजर को इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी तैयारियों को ससमय पूर्ण कराने तथा मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं यथा शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय तथा उसमें रनिंग वाटर शीघ्र सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा अब्सेंट, शिफ्ट एवं डेथ (एएसडी) सूची तथा मतदान केन्द्र जागरुकता समूह से संबंधित सूची का अवलोकन किया। रवि कुमार ने मतदान कक्ष में पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य चुनाव कर्मियों की बैठने की व्यवस्था, बिजली कनेक्शन, लाइट एवं पंखा आदि व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही मतदान के दिन किस आयु वर्ग तक के वालेंटियर की सेवा ली जायेगी, इसकी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी संवाद कर मतदान करने की अपील की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बुढ़ा खुखरा के शाखा डाकघर का औचक निरीक्षण कर वहां आने वाले मतदाता कार्ड से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डाकघर में जो भी वोटर आईडी कार्ड प्राप्त हुए हैं, उसका शीघ्र वितरण कराना सुनिश्चित कराएं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान रांची के उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### निर्वाचन कार्य में संगल्न पदाधिकारियों और कर्मियों ने किया पोस्टल बैलेट से मतदान



**लोहरदगा।** लोकसभा आम चुनाव, 2024 अंतर्गत निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारियों और कर्मियों ने शनिवार 4 मई को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में बनाये गये दो मतदाता सुविधा केंद्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग पोस्टल बैलेट के जरिये किया। पहला मतदाता सुविधा केंद्र 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों के लिए था जबकि दूसरा मतदाता सुविधा केंद्र 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र को छोड़ अन्य विधानसभा क्षेत्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करनेवाले पदाधिकारियों/कर्मियों के लिए निर्धारित था। मतदाता सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट हेतु हेल्प डेस्क भी बनाया गया था। इस मौके पर ईडीसी/पोस्टल बैलेट कोषांग की वरीय पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग व अन्य पदाधिकारीगण/कर्मीगण उपस्थित थे।

### पोलिंग पार्टियों को दिया गया प्रशिक्षण



**लोहरदगा।** लोहरदगा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत निर्वाचन कार्य हेतु प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों का प्रशिक्षण शनिवार को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में दो पालियों में आयोजित हुआ। इसमें कुल 560 मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों (कुल 140 पोलिंग पार्टियों) को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा व अन्य मास्टर ट्रेनरों के द्वारा पोलिंग पार्टी के आपसी समन्वय के साथ मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह त्रुटिरहित संपन्न कराने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दिनांक 05.05.2024 को भी संचालित होगा।

### युवती गुम, मां ने कराया सनहा दर्ज

**लोहरदगा:** सेन्हा थाना क्षेत्र से एक युवती गुम हो गई है। परिजनों ने युवती की गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया है। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु निवासी स्वर्गीय शिबू राम की 40 वर्षीय पत्नी कुन्ती देवी ने पुत्री की लापता होने की सूचना सेन्हा थाना में देते हुए बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। परिजनों ने बताया कि तीन मई को नितिका कुमारी अपनी छोटी बहन के साथ घर में थी और हमलोग काम करने गए हुए थे। काम कर घर लौटे तो बड़ी बेटी नितिका कुमारी को नही देखने पर छोटी बेटी से पूछताछ की तो उसने बताया कि आइसक्रीम खरीदने के लिए मुझे लेकर गई थी और आइसक्रीम खरीदने के बाद मुझे बोली की तुम घर जाओ दुकान से कुछ समान खरीद कर आते है। उसके बाद वह घर नही आई। छोटी बेटी की बात सुन मां अपने परिवार तथा रिश्तेदार में छानबीन भी किया परंतु कोई सुराग नही मिलने पर सेन्हा थाना में अर्जी लगते हुए बताई की लापता पुत्री का रंग गोरा, लंबाई 4.6 इंच पहनावा सफेद कुर्ती,कथा लैगिस पैर में हवाई हिल चपल बताते हुए सनहा दर्ज करने तथा सकुशल बरामद करने का पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई। आवेदन को संज्ञान में लेते हुए पुलिस नियम संगत अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

### मालगाड़ी की चपेट में आकर मजदूर की हुई मौत


**लोहरदगा:** सदर थाना क्षेत्र के कैमो पतराटोली पुलिस पिकेट के समीप रेलवे ट्रैक से एक युवक का चार हिस्सों में बंटा शव बरामद किया गया है, जिसे सदर थाना पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान रांची के चान्हो थाना क्षेत्र के पंडरी निवासी स्व. सुरेंदर लोहरा के 35 वर्षीय पुत्र दिलीप लोहरा के रूप में हुई है, जो गत कुछ समय से कैमो स्थिति सत्कार ईंट भट्ठा में मजदूरी कर रहा था। शनिवार प्रातः 08 बजे वह पतराटोली में किसी रिश्तेदार से मिलने की बात कह कर निकला था। वहीं 11.30 बजे माल गाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए सदर थाना पुलिस और रेलवे पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।

### साहू सदन में सभी ट्रक ऑँनर एसोसिएशन की संयुक्त बैठक संपन्न

# हिंडाल्को कंपनी के खिलाफ की जाएगी बड़े आंदोलन की शुरूआतः धीरज प्रसाद साहु

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** निवर्तमान राज्यसभा सांसद सह ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू के थाना रोड आवास में शनिवार को सभी ट्रक ऑँनर एसोसिएशन की संयुक्त बैठक संपन्न हुई ,बैठक में ट्रक परिचालन में आ रही परेशानियां एवं निर्धारित ट्रिप से बहुत कम ट्रिप मिलना एवं हिंडाल्को कंपनी द्वारा ट्रक मालिकों को परेशान करने संबंधी बातों पर चर्चा हुई एवं कंपनी के द्वारा इस क्षेत्र में बड़ी गाड़ियों का परिचालन करने का प्रयास का विरोध किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए धीरज प्रसाद साहू ने कहा की हिंडाल्को कंपनी की मनमानी अब नहीं चलने दी जाएगी , कंपनी बिना एसोसिएशन एवं संरक्षक से बात किए हुए छह चक्का ट्रक की जगह बड़े ट्रकों का परिचालन कराना चाह रही है जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं ,बड़े ट्रक चलने के कारण यहां के स्थानीय लोग बेरोजगार हो जाएंगे, ट्रक मालिक, चालक ,सहचालक लोडर ,अनलोडर, गैरज मलिक टायर दुकान, पेट्रोल पंप सहित हजारों के पेट पर लात मारने का काम कंपनी करना चाहती है और स्थानीय रैयतो का भी हक मारना चाहती है, हम किसी भी सूरत में स्थानीय लोगों का हक मारने नहीं देंगे ,इसके लिए हम लोग जोरदार आंदोलन करेंगे , हिंडाल्को कंपनी का गेट का घेराव किया जाएगा, ट्रकों का परिचालन बंद किया जाएगा और हजारों हजार की संख्या में लोडर ,अनलोडर, माइनर , ट्रक चालक ,ट्रक मालिक, सहचालक एवं स्थानीय जनता के सहयोग से एक बड़े आंदोलन की शुरूआत की जाएगी।



बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से इंटक नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्री अशोक यादव, लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ,फिरोज राही, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक एसोसिएशन के विजय जायसवाल ,धर्मेंद्र कुमार, मुंद्रिका यादव ,पाखर ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. बबलू, कुदुस अंसारी ,नजरुल हक, इंटक मजदूर यूनियन नेता उदय कुमार गुप्ता, अरविंद पाठक, हातिम अंसारी एवं चंदवा इंटक के नेता सत्येंद्र कुमार यादव, सहित अन्य लोगों ने बैठक को संबोधित किया, बैठक का संचालन लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने किया ,धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद बबलू ने किया । बैठक में मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय, लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनोद सिंह ,अभय सिंह ,रहमत अंसारी ,राजेश शर्मा ,संजीव शर्मा, एन कुजूर, शकील अंसारी, इनामुल अंसारी, तारिक खान ,ननका विश्वकर्मा, तारकेश्वर महतो, झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन विमरला के पदाधिकारी शशिकांत दास, विनोद उरांव मोहम्मद आदिल दीपक शराफ सुमित विश्वकर्मा मोहम्मद नन्हे, मुकीम खान प्रमोद मिश्रामहबूब अंसारी संतोष गुप्ता मोहम्मद मिंटू पवन सराफ रंजीत डे,मिट्ठू कुँवर जगदेव उरांव सोनू विश्वकर्मा मोहम्मद दाऊद मिनहाज कुरैशी मनीष केसरी चंदन यादव महेंद्र कुमार पंकज सिंह सुनील भगत चंदवा ट्रक एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी संतोष साहू राजेश विश्वकर्मा जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, मोहम्मद राजू मोहम्मद गुड्डू अफजल अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में ट्रक मालिक उपस्थित थे.

# कुडू में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



बिभा संवाददाता

**लोहरदगा:** कुडू प्रखंड के शंख धारा महिला विकास मंडल के कार्यालय में आगामी लोकसभा के चुनाव में ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान - सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन का प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम किया गया, इस कार्यक्रम में महिला मंडल के सदस्यों के द्वारा रंगोली,मेहंदी,स्लोगन,रैली, शपथ इत्यादि का कार्यक्रम किया गया तथा सभी ग्रामीणों को आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया,तथा सामूहिक शपथ लेकर मतदान का महत्व बताया गया । इस कार्यक्रम में पलाश जेएसएलपीएस रांची से केएमसी नोडल ज्योति प्रसाद, शंख धारा महिला विकास मंडल कुडू की बीएलएफ की अध्यक्ष,सचिव,कोषाध्यक्ष, संघ समन्वयक दीपक कुमार गुप्ता,जायका के टीएसओ विवेक गौतम, लेखापाल इकबाल कुरैशी, आजीविका समन्वयक धनंजय प्रजापति, क्षेत्रीय समन्वयक गणेश रविकांत, मनिता कुमारी, छोटू मांझी, प्रदीप कुमार जेंडर सीआरपी, एफएल सीआरपी, सीआरपी सहित महिला मंडल के सदस्य शामिल हुए।

### स्पंदन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



बिभा संवाददाता

**धनबाद :** बीसीसीएल के कम्युनिटी हॉल में स्पंदन द्वारा बांग्ला नए साल का आगमन पर बरसोबरोन एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के अतिथियों ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुरूआत किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में, दीपक सेन, काशीनाथ चटर्जी,तपन रॉय, गोपाल भट्टाचजी उपस्थित थे।उसके बाद स्पंदन द्वारा उद्बोधन गीत गाकर संस्कृति कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया फिर लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम होता रहा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्पंदन के अध्यक्ष मनोज मजूमदार सचिव बोनार्ली सेनगुप्ता के अलावा लिलामॉय गोस्वामी, करुणामोय हालदार, सुरजीत पाल, बबलु गांगुली, देवदास सेनगुप्ता, राहुल हालदार, अरविंदो बनर्जी और नीलकमल खवास ने आम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में एकल संगीत इंद्रजीत चटर्जी, अमित दास,चयनिका मित्रा, दिशानी दत्ता, प्रणव मुखर्जी, संजय चटर्जी,श्याम बनर्जी साथ ही साथ तबला में इंद्रनील मित्रा, वायलिन में ब्रतीन कहली,अश्मिता मुखर्जी डांस ग्रुप सोरोशी चंद्रा, सपना मैडम,रेशमी साहा,शम्पा मुखर्जी,संचिता बॉक्सी,एकल नृत्य मे श्रुति चंद्रा,और सुबोर्ना बनर्जी अंत में समापन संगीत स्पंदन ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास और अरबिंदो बनर्जी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को तहे दिल से बधाई दी है।

### यूसील में पेंशन मुद्दे पर कंपनी सीएमडी सतपति की अध्यक्षता में हुई पहली सकारात्मक बैठक

# यूनियन नेताओ के मजबूत पक्ष के आगे कंपनी प्रबंधन ने मांगा समय

बिभा संवाददाता

**जादूगोड़ा:** यूसील में पेंशन मुद्दे को लेकर कंपनी के नए सीएमडी डॉक्टर संतोष कुमार सतपति की अध्यक्षता में आज शनिवार को यूसील की चार मजदूर संगठनों यूनियन के साथ पहली बैठक हुई।इधर इस बैठक के बाद यूनियन नेताओ ने पेंशन मुद्दे पर आज की इस बैठक को सकारात्मक बताई तथा कहा की कंपनी के मुखिया श्री सतपति ने अगली बैठक में विस्तार से चर्चा का आश्वासन दिया है।वार्ता के दौरान कंपनी प्रबंधन ने पूर्व में हुए वेज रिवीजन में यूनियन नेताओ की ओर से लिखे गए टिप्पणी पर याद दिलाई,जिसमे कंपनी पर अतिरिक्त आर्थिक भार नही देने पर सहमति बनी थी।जिसके जवाब में यूनियन नेताओ ने भी अपना पक्ष रखा तथा कहा की पूर्व में पांच वर्षीय हुए समझौते को रद्द कर दी थी,जिसमें



कंपनी प्रबंधन ने पेंशन लागू करने पर सहमति जताई थी, जिसे बाद 10 वर्षीय वेज रिवीजन जबरन लाद कर पेंशन के हक से मजदूरों को वंचित किया गया इसी तरह 2022 में भी धनवाद में डिप्टी सीएल सी के समक्ष कंपनी प्रबंधन ने पेंशन पर हावी भारी थी।जिसके बाद भी कंपनी कर्मियों को पेंशन पेज नही की गई जबकि बीते फरवरी 2024 में फोरमैन स्तर के अधिकारियों को पेंशन लागू कर कंपनी प्रबंधन ने मजदूरों को भड़का दिया।इन तमाम तर्क के बीच यूनियन नेताओ ने कंपनी कर्मियों को भी थर्ड बेनिफिट के तौर पर पेंशन को लेकर अपना जबरदस्त पक्ष रखा । अंत में यूनियन प्रतिनिधियों के तर्ज के आगे कंपनी प्रबंधन ने इस मुद्दे पर दोबारा बैठक बुलाने पर सहमति जाहिर की। बैठक में शामिल यूनियन प्रतिनिधि व अधिकारी ,यूनियन प्रतिनिधियों के ओर से यूरेनियम कामगार यूनियन महामंत्री क्यू ए हशमी, श्रीनिवास सिंह, सुरजीत सिंह, सुरजीत मिस्त्र,रमेश माझी, भोगला मार्डी,आनंद महतो, सी एस पंडित ने हिस्सा लिया जबकि अधिकारियों को ओर से यूसील के अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक डॉक्टर संतोष कुमार, तकनीकी निर्देशक राजेश कुमार, महाप्रबंधक मनोज कुमार, महाप्रबंधक राकेश कुमार, डी हांसदा, रविंद्र कुमार ।

#### बैठक में सीएमडी ने वन मैन, वन पावर की तोड़ी परंपरा



यूसील के सीएमडी डॉक्टर संतोष कुमार सत पति ने वर्षो से चली आ रही वन मैन, वन पावर की परंपरा को तोड डाली।इस बैठक में कंपनी के मुखिया श्री सतपति ने पूरे काफिले के साथ बैठक में हिस्सा लिया व सभी स्तर के अधिकारियों को बैठक में बुलाई जबकि पूर्व की बैठक में चंद अधिकारियों ही बैठक में हिस्सा लेकर मजदूरों पर फैसला लेते थे।







**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू** *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com